॥ श्रीहरिः ॥

# विदुरनीति

॥ श्रीहरिः ॥

# विदुरनीतिके प्रधान विषयोंकी सूची

## पहला अध्याय


| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| १—६ | धृतराष्ट्रकी आज्ञासे द्वारपालका विदुरजीको बुलाकर उनके पास पहुँचाना | १-२ |
| ७-८ | विदुरका चिन्तामग्न धृतराष्ट्रसे अपने बुलानेका कारण पूछना | २-३ |
| ९—१२ | धृतराष्ट्रका विदुरको अपनी चिन्ता बताकर उनसे श्रेयका उपाय पूछना | ३ |
| १३—१९ | किन दोषोंके कारण मनुष्यको चिन्ता और जागरण करने पड़ते हैं, यह बताकर विदुरका धृतराष्ट्रको युधिष्ठिरके प्रति किये गये अन्यायके लिये उलाहना देना | ३—५ |
| २०—३४ | पण्डित एवं पाण्डित्यका लक्षण | ५—८ |
| ३५—४४ | मूढ़की पहचान | ८-९ |
| ४५ | पण्डित किसे कहते हैं | १० |
| ४६ | घरके लोगोंको न बाँटकर अकेले उत्तम अन्न-वस्त्रका उपभोग करनेकी निन्दा | १० |
| ४७ | कर्त्ता ही दोषका भागी होता है | १० |
| ४८-४९ | बुद्धिकी प्रबलता और उसका सदुपयोग | १०-११ |
| ५० | मन्त्रविप्लवसे हानि | ११ |
| ५१ | अकेला क्या-क्या न करे | ११ |
| ५२ | सत्यकी प्रशंसा | ११ |
| ५३—५६ | क्षमाकी प्रशंसा | ११-१२ |
| ५७ | धर्म, क्षमा, विद्या और अहिंसाकी प्रशंसा | १२ |
| ५८ | पृथ्वी किन दो व्यक्तियोंको खा जाती है | १२ |
| ५९ | कटुवचन न बोलने और दुष्टोंका आदर न करनेकी प्रशंसा | १२ |
| ६० | दूसरोंके विश्वासपर चलनेवाले दो प्रकारके व्यक्ति | १२ |
| ६१ | दो काँटे | १३ |
| ६२ | किन दो व्यक्तियोंकी शोभा नहीं होती | १३ |
| ६३ | दो स्वर्गसे भी ऊँचे स्थान पानेवाले व्यक्ति | १३ |
| ६४ | धनके दो दुरुपयोग | १३ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ६५ | किन दोको पानीमें डुबो देना चाहिये | १३ |
| ६६ | सूर्यमण्डलका भेदन करनेवाले दो पुरुष | १३ |
| ६७-६८ | त्रिविध उपाय और पुरुष | १४ |
| ६९ | धनके तीन अनधिकारी | १४ |
| ७० | तीन विनाशकारी दोष | १४ |
| ७१ | नरकके तीन द्वार | १४ |
| ७२ | शत्रुके संकटसे छूटना बलप्राप्ति, राज्य-प्राप्ति और पुत्र-प्राप्ति—तीनोंके बराबर है | १४-१५ |
| ७३ | तीन प्रकारके शरणागतोंका त्याग न करे | १५ |
| ७४ | राजाके द्वारा त्यागनेयोग्य चार प्रकारके मनुष्य | १५ |
| ७५ | घरमें रहनेयोग्य चार प्रकारके मनुष्य | १५ |
| ७६-७७ | तत्काल फल देनेवाली चार बातें | १५-१६ |
| ७८ | भयको दूर करनेवाले चार कर्म | १६ |
| ७९ | सेवन करनेयोग्य पाँच अग्नि | १६ |
| ८० | पाँचकी पूजासे विशुद्ध यशकी प्राप्ति | १६ |
| ८१ | राजाके पीछे लगे रहनेवाले पाँच व्यक्ति | १६-१७ |
| ८२ | पाँच इन्द्रियोंमेंसे एकके भी दोषयुक्त होनेसे हानि | १७ |
| ८३—८५ | त्याग देनेयोग्य छः दोष और छः प्रकारके व्यक्ति | १७ |
| ८६-८७ | त्याग न करनेयोग्य छः गुण और जीवलोकके छः सुख | १७-१८ |
| ८८ | काम-क्रोध आदि छः शत्रुओंको जीतनेसे लाभ | १८ |
| ८९-९० | छः प्रकारके लोगोंके छः आश्रय | १८ |
| ९१ | स्वयं देख-रेख न करनेसे छः वस्तुओंका नाश | १८-१९ |
| ९२-९३ | छः प्रकारके व्यक्तियोंद्वारा छः तरहके मनुष्योंकी अवहेलना | १९ |
| ९४ | जीवलोकके छः सुख | १९ |
| ९५ | दु:खके भागी छः व्यक्ति | १९ |
| ९६-९७ | राजाके त्यागनेयोग्य सात दोष | १९-२० |
| ९८—१०० | नष्ट होनेवाले मनुष्यके आठ प्रकारके लक्षण | २० |
| १०१—१०३ | हर्षके सार और लौकिक सुखके साधनकी आठ बातें | २०-२१ |
| १०४ | पुरुषोंको उद्दीप्त करनेवाले आठ गुण | २१ |
| १०५ | नौ दरवाजेका घर | २१ |
| १०६-१०७ | धर्मको न जाननेवाले दस प्रकारके मनुष्य | २१ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| १०८—११० | प्रह्लादका सुधन्वासहित अपने पुत्र विरोचनको उपदेश—सब लोग किसको प्रमाण मानते हैं तथा सम्पूर्ण राजलक्ष्मी किसकी सेवामें चली जाती है ........................ | २१-२२ |
| १११—११५ | भीरु पुरुषका लक्षण, किसके शत्रु परास्त हो जाते हैं, कौन सदा सुखी रहता है और किसकी सर्वत्र प्रशंसा होती है .... | २२—२४ |
| ११६—११९ | लोग किसको प्यारा बना लेते हैं, सत्पुरुष किसे श्रेष्ठ स्वभावका बताते हैं तथा कौन महान् जनसमुदायपर अपनी प्रभुता स्थापित कर लेता है ........................ | २४-२५ |
| १२०—१२३ | कौन प्रधान है, देवता किसके अभ्युदयकी सिद्धि करते हैं, किस विद्वान्‌की नीति श्रेष्ठ है और अनर्थ किसको त्याग देते हैं ........................ | २५-२६ |
| १२४—१२६ | किसका थोड़ा-सा भी काम बिगड़ने नहीं पाता, कौन अपनी जातिवालोंमें अधिक ख्याति लाभ करता है और कौन सूर्यके समान शोभा पाता है ........................ | २६-२७ |
| १२७-१२८ | विदुरका धृतराष्ट्रसे पाण्डवोंके गुण बताकर उन्हें आधा राज्य देनेके लिये अनुरोध करना ........................ | २७ |
| | **दूसरा अध्याय** | |
| १—३ | धृतराष्ट्रका व्याकुल होकर अपने हितकी बात पूछना .... | २८ |
| ४-५ | विदुरके द्वारा हितकी बात कहनेकी प्रतिज्ञा .............. | २८-२९ |
| ६-७ | असत् उपायोंसे सफलता मिले तो भी उधर मन न लगावे और अच्छे उपायोंसे असफलता होती हो तो भी इसके लिये मनमें ग्लानि न करे—इसका प्रतिपादन ............ | २९ |
| ८-९ | प्रयोजन, परिणाम और उन्नतिका विचार करके कार्य करनेकी आज्ञा ........................ | २९ |
| १०-११ | कौन राज्यमें स्थिर नहीं रहता और कौन राज्य पाता है, इसका विवेचन ........................ | ३० |
| १२-१३ | उद्दण्डतासे सम्पत्तिका नाश और परिणामका विचार न करनेसे हानि ........................ | ३० |
| १४ | पचनेयोग्य और परिणाममें हितकर अन्न खानेकी सलाह .... | ३० |
| १५-१६ | वृक्षके कच्चे और पके फलोंको तोड़नेसे हानि और लाभ ... | ३०-३१ |
| १७-१८ | राजाको प्रजाकी रक्षा करते हुए ही उससे धन लेना चाहिये, इस विषयमें भ्रमर और मालीका दृष्टान्त ........ | ३१ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| १९-२० | लाभ-हानिका विचार करके कार्य करे या न करे, व्यर्थ कर्मोंका आरम्भ न करे ........................................ | ३१ |
| २१-२२ | प्रजा किसे नहीं चाहती तथा शीघ्र आरम्भ करनेयोग्य कार्य ........................................ | ३१-३२ |
| २३—२६ | प्रजा किससे अनुराग रखती है, राजा अपनेको किस प्रकार रखे, लोग किस राजासे प्रसन्न रहते हैं तथा प्रजा किसे त्याग देती है, इन सब बातोंका विवेचन ................. | ३२-३३ |
| २७-२८ | अन्यायसे राज्यका नाश और धर्मसे धन-धान्य तथा ऐश्वर्यकी वृद्धि........................................ | ३३ |
| २९ | धर्मके त्याग और अधर्मके अनुष्ठानसे हानि .............. | ३३ |
| ३०-३१ | दूसरोंके राष्ट्रका नाश करनेकी अपेक्षा अपने राष्ट्रकी रक्षाके लिये किये गये प्रयत्नका औचित्य, धर्ममूलक लक्ष्मीकी स्थिरता........................................ | ३३-३४ |
| ३२-३३ | सब ओरसे सारभूत बातोंको ग्रहण करनेकी आवश्यकता ... | ३३-३४ |
| ३४—३७ | कौन कैसे देखते हैं, अविनयसे हानि और विनयसे लाभ तथा अपनेसे बलवान्के सामने नतमस्तक होनेकी नीतिका प्रतिपादन........................................ | ३४-३५ |
| ३८—४० | कौन किसके रक्षक हैं एवं किससे किसकी रक्षा होती है—इसका विवेचन........................................ | ३५ |
| ४१—४३ | कुलकी अपेक्षा सदाचारकी श्रेष्ठता, ईर्ष्या एक असाध्य रोग है, किससे डरे और क्या न पीये........................... | ३५-३६ |
| ४४—४६ | असत् पुरुषोंकी निन्दा और सत् पुरुषोंकी प्रशंसा......... | ३६ |
| ४७-४८ | शीलकी श्रेष्ठता........................................ | ३६-३७ |
| ४९—५१ | धनाढ्य, मध्यवित्त तथा दरिद्रोंके भोजन .................. | ३७ |
| ५२-५३ | अधम, मध्यम तथा उत्तम पुरुषोंके भयका हेतु, ऐश्वर्य-मदकी निन्दा ........................................ | ३७ |
| ५४-५५ | इन्द्रियोंको वशमें न रखनेसे हानि........................... | ३७-३८ |
| ५६-५७ | इन्द्रियसहित मन और अमात्योंको जीतकर ही शत्रुओंपर विजय पानेकी चेष्टाके औचित्यका प्रतिपादन.............. | ३८ |
| ५८-५९ | लक्ष्मी किसकी अत्यन्त सेवा करती हैं, भीरु पुरुष कैसे सुखपूर्वक यात्रा करता है ........................................ | ३८-३९ |
| ६०—६५ | मन और इन्द्रियोंको न जीतनेसे हानि और जीतनेसे लाभ... | ३९-४० |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ६६—६९ | काम और क्रोधसे विज्ञानका लोप, धर्म और अर्थका विचार करके विजयसाधन-सामग्रीके संग्रहकी आवश्यकता, आन्तरिक शत्रुओंको जीतकर ही बाह्य शत्रुओंको जीतनेकी इच्छाका समर्थन ........................................ | ४० |
| ७०—७३ | दुष्ट पुरुषोंसे मेल करनेकी मनाही, पाँचों इन्द्रियोंको न जीतनेसे विपत्तिकी सम्भावना तथा दुरात्मा एवं अधम पुरुषोंमें अनसूया आदि उत्तम गुणोंका अभाव ............ | ४०-४१ |
| ७४-७५ | क्षमाका महत्त्व ........................................ | ४१ |
| ७६—८० | विशेष अर्थयुक्त विचित्र वाणीकी दुर्लभता, मधुर वाणीसे लाभ और कटुवचनसे हानि ........................ | ४२-४३ |
| ८१—८३ | बुद्धिके नष्ट होनेसे पराजय एवं विनाश.................... | ४३ |
| ८४—८६ | विदुरका युधिष्ठिरके गुण बताकर राजा धृतराष्ट्रका ध्यान उनकी ओर आकृष्ट करना........................ | ४३ |
| | **तीसरा अध्याय** | |
| १ | धृतराष्ट्रका विदुरसे पुनः धर्मार्थयुक्त वचन कहनेका अनुरोध ... | ४४ |
| २-३ | विदुरके द्वारा उपदेश, आर्जव (कोमलतापूर्ण बर्ताव)-की प्रशंसा, धृतराष्ट्रको आर्जव नामक गुणको अपनानेका आदेश ... | ४४ |
| ४ | इस लोकमें पुण्यकीर्ति होनेसे मनुष्यकी स्वर्गलोकमें प्रतिष्ठा ........................................ | ४४ |
| ५—३८ | केशिनीके लिये सुधन्वा और विरोचनमें अपनी-अपनी श्रेष्ठताको लेकर विवाद, दोनोंका निर्णयके लिये प्रह्लादके पास जाना, प्रह्लादके द्वारा सुधन्वाका सत्कार, उलटा न्याय देनेवाले वक्ताको प्राप्त होनेवाले दोष, प्रह्लादके द्वारा सुधन्वाकी श्रेष्ठताका निर्णय और सुधन्वाका विरोचनको प्राणदान ........................................ | ४४—५२ |
| ३९ | विदुरका धृतराष्ट्रसे भूमिके लिये झूठ न बोलनेका अनुरोध ........................................ | ५२ |
| ४०-४१ | उत्तम एवं कल्याणमयी बुद्धिसे रक्षा और सम्पूर्ण अर्थोंकी सिद्धि ........................................ | ५२ |
| ४२—४५ | कपटीको वेद भी पापसे नहीं बचा सकते, सबके लिये त्याग देनेयोग्य दुर्गुण, साक्षी न बनानेयोग्य सात प्रकारके व्यक्ति तथा भयको दूर करनेवाले चार कर्म ........................ | ५२-५३ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ४६—४८ | ब्रह्महत्यारोंके समान पापी ........................ | ५४ |
| ४९-५० | किसकी कब परीक्षा होती है और कौन क्या हर लेता है... | ५४-५५ |
| ५१-५२ | लक्ष्मीकी उत्पत्ति, वृद्धि, स्थिरता और सुरक्षाके हेतु तथा पुरुषको उद्दीप्त करनेवाले आठ सद्गुण ..................... | ५५ |
| ५३—५५ | राजाके द्वारा किये हुए सत्कारकी महत्ता तथा स्वर्गलोकका दर्शन करानेवाले आठ सद्गुण ................................ | ५५-५६ |
| ५६-५७ | धर्मके आठ मार्ग ........................................ | ५६ |
| ५८ | वृद्धोंसे सभाकी, धर्मसे वृद्धोंकी, सत्यसे धर्मकी और निश्छलतासे सत्यकी प्रतिष्ठा ................................ | ५६ |
| ५९—६५ | स्वर्गकी प्राप्ति करानेवाले दस साधन, पापकी निन्दा और पुण्यकी प्रशंसा ................................................ | ५६—५८ |
| ६६—६८ | प्रज्ञाकी प्रशंसा, भावी सुखके लिये पहलेसे ही सत्कर्म करनेकी प्रेरणा ................................................ | ५८ |
| ६९—७१ | किसकी कब प्रशंसा की जाती है, अधर्मद्वारा प्राप्त हुए धनसे दोष नहीं छिपता तथा कौन किसका शासक है, इन बातोंका विवेचन ................................................ | ५८-५९ |
| ७२—७४ | किन-किनका मूल नहीं जाना जा सकता, कौन दीर्घ कालतक पृथ्वीका पालन करता है और कौन मनुष्य पृथ्वीसे सुवर्णरूपी पुष्पका चयन करते हैं ................ | ५९ |
| ७५ | तीन प्रकारके कार्य ........................................ | ५९-६० |
| ७६-७७ | दुर्योधन आदिपर राज्यका भार रखनेसे उन्नतिकी सम्भावना नहीं, पाण्डवोंके साथ पुत्रवत् व्यवहार कीजिये—यह विदुरजीकी धृतराष्ट्रको सलाह................................ | ६० |


**चौथा अध्याय**


| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| १—३ | दत्तात्रेय और साध्योंका संवाद—साध्योंका हंसरूपसे विचरनेवाले दत्तात्रेयजीसे उपदेश देनेका अनुरोध.......... | ६१ |
| ४ | हंसरूपसे दत्तात्रेयजीका उपदेश—धृति, शम और सत्यधर्मके अनुसरणकी आवश्यकता, प्रिय और अप्रियको आत्मवत् समझनेकी प्रेरणा ................................................ | ६१-६२ |
| ५—८ | क्षमाशीलका प्रभाव, दूसरोंको गाली देने और कटुवचन कहने आदिका निषेध, कटुवचन और कटुवादीकी निन्दा...... | ६२-६३ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ९—११ | गाली और कटुवचनके सह लेनेसे पुण्यकी पुष्टि, जैसा सङ्ग वैसा रङ्ग तथा देवता किसके आगमनकी बाट जोहते हैं, इत्यादि बातोंका विवेचन ........................ | ६३-६४ |
| १२—१५ | वाणीकी चार विशेषताएँ—जैसा साथ वैसा भाव, निवृत्तिसे मुक्ति और दुःखका अभाव तथा समताकी प्रशंसा ....... | ६४ |
| १६—२१ | उत्तम, मध्यम और अधम मनुष्योंकी पहचान तथा अधम पुरुषोंकी सेवाको त्यागनेकी आज्ञा ........................ | ६५-६६ |
| २२—२४ | धृतराष्ट्रका विदुरसे महाकुलीन पुरुषोंके लक्षण पूछना और विदुरके द्वारा उनके प्रश्नोंका उत्तर ........................ | ६६-६७ |
| २५—२८ | किन-किन कर्मोंसे उत्तम कुल भी अधम हो जाते हैं—इसका प्रतिपादन ........................ | ६७ |
| २९—३१ | सदाचार ही कुलीनताका मूल है, सदाचारके नाशसे सब कुछ नष्ट हो जाता है ........................ | ६७-६८ |
| ३२-३३ | राजकुल तथा राजसभामें किन लोगोंका होना अभीष्ट नहीं है ........................ | ६८ |
| ३४-३५ | अतिथि-सत्कारके लिये सर्वसुलभ वस्तुएँ तथा उनका सदुपयोग ........................ | ६८-६९ |
| ३६—३८ | महाकुलीन पुरुषकी प्रशंसा, उत्तम मित्रके लक्षण ........ | ६९ |
| ३९-४० | चञ्चलचित्त पुरुषके पास न तो मित्र ठहरते हैं और न उसे अर्थकी प्राप्ति होती है—इसका प्रतिपादन ................. | ७० |
| ४१—४५ | दुष्ट पुरुषोंके स्वभाव, कृतघ्नोंकी निन्दा, मित्रोंके सत्कारकी आवश्यकता तथा संताप और शोकसे हानि............... | ७०-७१ |
| ४६-४७ | हर्ष और शोक त्याज्य हैं ........................ | ७१ |
| ४८ | इन्द्रियोंकी विषयपरायणतासे बुद्धिका ह्रास ................ | ७१ |
| ४९-५० | धृतराष्ट्रके उद्वेगपूर्ण वचन और उद्वेगशून्य शान्तपदकी जिज्ञासा ........................ | ७२ |
| ५१—५४ | विदुरजीका धृतराष्ट्रको शान्ति और सुखके उपाय बताना .... | ७२-७३ |
| ५५—५७ | आपसमें वैर-विरोध रखनेवाले लोगोंको सुखशान्तिकी दुर्लभता ........................ | ७३ |
| ५८—६० | जाति-बन्धुओंसे सम्भावित भय, सामूहिक शक्तिकी प्रबलता, आपसकी फूटसे दुःख और एकतासे सुख................. | ७४ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ६१ | ब्राह्मणों, स्त्रियों, जाति-भाइयों और गौओंपर बल दिखानेसे पतन ........................................ | ७४ |
| ६२—६५ | संघ-शक्तिकी प्रशंसा ........................................ | ७४-७५ |
| ६६-६७ | कौन-कौन अवध्य हैं और मनुष्यमें क्या गुण है ........ | ७५ |
| ६८-६९ | क्रोधको पीनेसे शान्ति, रोगीको सुखका अभाव .......... | ७५-७६ |
| ७०—७४ | धृतराष्ट्रको उलाहना देते हुए विदुरका उनसे कौरव-पाण्डवमें मेल एवं सन्धि करानेका आग्रह ............... | ७६-७७ |
| | **पाँचवाँ अध्याय** | |
| १—६ | यमराजके दूत किन्हें नरकमें ले जाते हैं .................. | ७८-७९ |
| ७-८ | जो जैसा करे उसके साथ वैसे बर्तावकी नीति, कौन क्या नष्ट करता है ........................................ | ७९ |
| ९—११ | मनुष्य—पूरे सौ वर्षोंतक क्यों नहीं जीवित रह पाता, धृतराष्ट्रका यह प्रश्न और विदुरके द्वारा इसका उत्तर..... | ८० |
| १२-१३ | ब्रह्महत्यारोंके समान पापी ........................................ | ८० |
| १४—१६ | स्वर्गलोकके अधिकारी विद्वान्के गुण अप्रिय किंतु हितकर वचन बोलनेवालेकी दुर्लभता तथा राजाका सच्चा सहायक ........................................ | ८१ |
| १७-१८ | आत्म-कल्याणके लिये सब कुछ त्यागने तथा धन एवं स्त्रीद्वारा भी आत्मरक्षा करनेका आदेश ..................... | ८१-८२ |
| १९—२१ | जुएको वैरका कारण बताते हुए विदुरका धृतराष्ट्रसे पाण्डवोंके प्रति किये जानेवाले दुर्व्यवहारके लिये उलाहना ......... | ८२ |
| २२-२३ | राजा भृत्योंका विश्वासपात्र कैसे बनता है, सेवकोंकी जीविका बन्द करनेसे हानि ................................ | ८२-८३ |
| २४—२७ | सुयोग्य सहायकोंकी आवश्यकता, स्वामीके कृपापात्र सेवकके गुण, त्यागनेयोग्य भृत्यके दुर्गुण तथा दूतके आठ गुण ..... | ८३-८४ |
| २८-२९ | सावधान मनुष्य क्या-क्या न करे........................ | ८४-८५ |
| ३० | किनके साथ लेन-देनका व्यवहार न करे................. | ८५ |
| ३१-३२ | पुरुषको उद्दीप्त करनेवाले आठ गुण तथा राजसम्मानकी महत्ता ........................................ | ८५-८६ |
| ३३-३४ | स्नानसे दस और स्वल्पाहारसे छः लाभ................... | ८६ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ३५-३६ | किसको अपने घरमें न ठहरने दे और किन लोगोंसे कभी सहायताकी याचना न करे | ८६-८७ |
| ३७ | सेवन करनेके अयोग्य छः प्रकारके मनुष्य | ८७ |
| ३८-३९ | धन और सहायक एक-दूसरेके आश्रित हैं, वानप्रस्थ-आश्रम कब ग्रहण करे | ८७ |
| ४०-४१ | सम्पूर्ण सिद्धियोंका मूलमन्त्र क्या है, किसे अपनी जीविकाके नाशका भय नहीं होता | ८८ |
| ४२—४६ | पाण्डवोंके साथ होनेवाले युद्धका दुष्परिणाम बताकर उनके परस्पर मेलसे होनेवाले लाभका दिग्दर्शन कराना | ८८-८९ |
| ४७ | पापासक्त मनुष्य दूसरोंके दुर्गुणपर ही दृष्टि रखते हैं | ८९ |
| ४८-५० | धर्माचरणसे अर्थसिद्धि, बुद्धिको पापसे दूर रखनेमें लाभ; धर्म, अर्थ और कामके समयानुसार सेवनका फल | ८९-९० |
| ५१ | राजलक्ष्मीका अधिकारी कौन है | ९० |
| ५२—५५ | मनुष्योंके पाँच प्रकारके बल | ९० |
| ५६-५७ | महान् शक्तिशालीसे वैर न करे, विद्वान् पुरुष किनपर भरोसा नहीं करते | ९१ |
| ५८-५९ | बुद्धिकी प्रबलता, किनका अनादर न करे | ९१ |
| ६०—६२ | कुटुम्बीजन काठमें छिपी हुई आगके समान हैं, उनके फूटनेसे सब कुछ भस्म हो सकता है—इसका प्रतिपादन | ९१-९२ |
| ६३-६४ | कौरव और पाण्डवोंमें लता और वृक्षका तथा वन और सिंहका-सा सम्बन्ध है, अतः इन्हें मिलकर रहना चाहिये, यह धृतराष्ट्रको बताना | ९२ |
| | **छठा अध्याय** | |
| १ | माननीय वृद्ध पुरुषोंके आनेपर खड़े होने और प्रणाम करनेकी आवश्यकता | ९३ |
| २-३ | अतिथि-सत्कारका क्रम और अतिथिके सत्कारग्रहण न करनेपर गृहस्थ-जीवनकी व्यर्थता | ९३ |
| ४-५ | पैन न धोनेयोग्य अतिथि, न बेचनेयोग्य वस्तुएँ | ९३-९४ |
| ६-७ | सच्चे संन्यासी तथा पुण्यात्मा वानप्रस्थीका लक्षण | ९४-९५ |
| ८-९ | बुद्धिमान्‌की बड़ी बाँहें होती हैं, राजा कहीं भी अधिक विश्वास न करे | ९५ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| १०-११ | मनुष्यको कैसा होना चाहिये, स्त्रियोंके विशेष संरक्षणकी आवश्यकता ........................................ | ९५ |
| १२—१४॥ | किसको किसकी रक्षाका भार सौंपे, कौन किससे उत्पन्न हुआ है और कुलीन संत कैसे होते हैं—इसका विवेचन ... | ९५-९६ |
| १५—२१ | कौन राजा दीर्घकालतक ऐश्वर्य भोगता है, अपनी मन्त्रणा दूसरोंपर कैसे प्रकट नहीं होती, गुप्त मन्त्रणाके स्थान, मन्त्री न बनानेयोग्य व्यक्ति, मन्त्रीका उत्तरदायित्व तथा मन्त्रणाकी रक्षासे ही राजाको सिद्धिकी प्राप्ति ........................... | ९६-९७ |
| २२—२४ | बुरे कर्मोंका दुष्परिणाम, उत्तम कर्मोंके अनुष्ठानसे लाभ तथा मन्त्रणा सुननेका अधिकारी ...................................... | ९७-९८ |
| २५-२६ | किस राजाके अधीन पृथ्वी होती है और किसे वह धन देती है ........................................................... | ९८ |
| २७ | राजा अकेले सब कुछ न हड़प ले......................... | ९८ |
| २८-२९ | किसको कौन जानता है, वशमें आये हुए शत्रुका वध आवश्यक है ................................................... | ९८-९९ |
| ३०—३३ | कहाँ-कहाँ क्रोधको रोकना चाहिये, निरर्थक कलहके त्यागसे लाभ, कैसे राजाको प्रजा नहीं चाहती, विद्वान् पुरुषकी श्रेष्ठता ................................................. | ९९ |
| ३४-३५ | मूर्ख और दुष्टके बर्ताव तथा उसपर विपत्तिकी सम्भावना ... | ९९-१०० |
| ३६-३७ | सम्पूर्ण भूतोंको अपना बना लेनेवाले गुण, श्रेष्ठ राजाको बिना धनके भी सहायक मिलते हैं......................... | १०० |
| ३८-३९ | लक्ष्मीको बढ़ानेवाले सात गुण तथा त्याग देनेयोग्य राजा ... | १०० |
| ४०-४१ | निर्दोषको सतानेसे हानि, जिससे अपनी हानि हो उन्हें प्रसन्न रखनेकी आवश्यकता........................................ | १०१ |
| ४२-४३ | किनके हाथोंमें पड़े हुए पदार्थ संशयमें पड़ जाते हैं तथा कौन लोग विपत्तिके समुद्रमें डूबते हैं ...................... | १०१ |
| ४४-४५ | कौन पण्डित है, किस मनुष्यका जीवन खतरेमें होता है.... | १०१-१०२ |
| ४६-४७ | पाण्डवोंको त्यागकर दुर्योधनको राज्य देना उसके पतनका कारण होगा—यह विदुरजीकी चेतावनी ................... | १०२ |

## सातवाँ अध्याय


| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| १ | मनुष्य प्रारब्धके अधीन है—यह धृतराष्ट्रका कथन ....... | १०३ |
| २—४ | विदुरका उपदेश—समयके विपरीत बोलनेसे अपमान, कौन प्रिय होता है, प्रिय और अप्रिय व्यक्तिके कार्योंमें दृष्टिभेद ........ | १०३ |
| ५ | एक दुर्योधनके न त्यागनेसे सौ पुत्रोंके नाशकी सम्भावना ... | १०३-१०४ |
| ६-७ | क्षय और वृद्धिकी व्यवस्था ........ | १०४ |
| ८-९ | गुणहीन धनियोंके त्यागकी आज्ञा, धृतराष्ट्रका पुत्रको त्यागनेमें अपनी असमर्थता बताना ........ | १०४ |
| १०—१३ | गुणवान् और विनयशीलका स्वभाव, दुष्टोंसे लेन-देन करनेमें दोष तथा उनको साथ रखनेकी भी निन्दा ....... | १०५ |
| १४—१६ ॥ | महान् दोषोंसे युक्त पुरुष त्याज्य हैं, नीच पुरुषोंका प्रेम नश्वर होता है, नीचका स्वभाव और नीच पुरुषोंको दूरसे ही त्याग देनेकी प्रेरणा ........ | १०५-१०६ |
| १७—३२ | जाति-भाइयोंकी रक्षा और सत्कारका महत्त्व बताते हुए उनसे मिलकर रहने और पाण्डवोंको उनका न्यायोचित हक देनेके लिये धृतराष्ट्रसे विदुरजीका अनुरोध ........... | १०६—१०९ |
| ३३—३५ | कौन दीर्घकालतक यशका भागी होता है, कौन-सा ज्ञान व्यर्थ है, किसका अभ्युदय और किसका पतन होता है ..... | १०९ |
| ३६—३८ | मन्त्रभेदके छः द्वार और उन्हें बन्द रखनेका महत्त्व..... | १०९-११० |
| ३९—४१ | शास्त्रज्ञान और वृद्धोंकी सेवाका महत्त्व, कौन वस्तु कहाँ नष्ट होती है और बुद्धिमान् पुरुष कैसी मैत्री करे ....... | ११० |
| ४२-४३ | किस गुणसे किस अवगुणका नाश होता है और कुलकी परीक्षा कैसे की जाती है ........ | १११ |
| ४४—४७ | स्वतःप्राप्त भोगसामग्रीका विरोध न करे, कैसे सुहृद्की सर्वथा रक्षा करनी चाहिये, कौन सैकड़ों कुलीनोंसे बढ़कर है और किनकी मित्रता कभी नष्ट नहीं होती ........... | १११-११२ |
| ४८—५० | खोटी बुद्धिवालेको त्यागनेकी आवश्यकता, किनके साथ मित्रता न करे और मित्र कैसा होना चाहिये ............ | ११२ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ५१—५६ | इन्द्रियोंको सर्वथा रोकने अथवा बिलकुल खुली छोड़ देनेसे हानि, आयु बढ़ानेवाले सद्‌गुण, वीर पुरुषोंका व्रत क्या है, कौन मनुष्य कभी अर्थसे हीन नहीं होता तथा कल्याणकारी कार्य और उन्हें करनेकी आवश्यकता ..... | ११२-११३ |
| ५७—५९ | अनिर्वेदका महत्त्व तथा क्षमाकी महिमा .................... | ११३-११४ |
| ६०—६४ | किस सुखका यथेष्ट सेवन करे, किनके यहाँ लक्ष्मीका वास नहीं होता, दुष्ट पुरुषोंके बर्ताव, लक्ष्मी किसके पास भयके मारे नहीं जाती तथा राजलक्ष्मीका स्वभाव कैसा होता है ........................................................ | ११४-११५ |
| ६५—६८ | किसका क्या फल है, किस कर्मका फल परलोकमें नहीं मिलता, सत्त्वसम्पन्न पुरुषोंकी निर्भयता तथा उन्नतिके मूल हेतु ........................................................ | ११५-११६ |
| ६९—७१ | किनका कौन-सा बल है, व्रतको नष्ट न करनेवाली आठ वस्तुएँ तथा संक्षेपसे धर्मका स्वरूप........................ | ११६ |
| ७२—७६ | किससे किसको जीते, किनपर विश्वास न करे, नित्य गुरुजनोंको प्रणाम करनेसे लाभ, कैसे धनकी ओर मन न लगावे और कौन-कौन शोचनीय हैं........................ | ११६-११७ |
| ७७—८१ | किसके लिये क्या बुढ़ापा है, किसका क्या मल है और किससे किसको जीतनेकी चेष्टा न करे.................... | ११७-११८ |
| ८२—८५ | किसका जीवन सफल है, लोभ या इच्छाका परित्याग करे, पृथ्वीके सम्पूर्ण भोग एक पुरुषके लिये पर्याप्त नहीं हैं, धृतराष्ट्रसे अपने पुत्रों और पाण्डवोंपर समान बर्ताव करनेका अनुरोध ........................................ | ११८-११९ |
| | **आठवाँ अध्याय** | |
| १—३ | किसको शीघ्र सुयश एवं सुखकी प्राप्ति होती है, कौन दुःखोंसे मुक्त हो सुखपूर्वक सोता है और ब्रह्महत्याके समान तीन कुकर्म ........................................ | १२०-१२१ |
| ४ | मृत्यु क्या है, लक्ष्मीका वध कैसे होता है और विद्याके तीन शत्रु कौन हैं ........................................ | १२१ |
| ५-६ | विद्यार्थियोंके सात दोष, सुखार्थी या विद्यार्थी ............ | १२१ |

| श्लोक | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ७—११ | किसकी किससे तृप्ति नहीं होती, कौन किसको नष्ट कर देता है और घरमें रखनेयोग्य वस्तुएँ | १२१-१२२ |
| १२-१३ | जीवनके लिये भी धर्मका त्याग न करे तथा धर्म और संतोषकी महत्ता | १२२-१२३ |
| १४—१८ | एक दिन सभी मृत्युके अधीन होते हैं, संसारके सगे-सम्बन्धी मृतकका साथ नहीं देते, कर्म ही उसके साथ जाता है, अतः धर्मसंग्रहकी आवश्यकता | १२३-१२४ |
| १९—२२ | अज्ञानसे छूटने और जन्म-मृत्युरूप भयसे बचनेका उपाय | १२४-१२५ |
| २३—२५ | कौन कभी मोहमें नहीं पड़ता, किससे किसकी रक्षा करे तथा कौन ब्राह्मण ब्रह्मलोकसे भ्रष्ट नहीं होता | १२५-१२६ |
| २६—२८ | कौन क्षत्रिय ऊर्ध्वलोकमें जाता है, कौन वैश्य स्वर्गमें दिव्य सुख भोगता है तथा कौन शूद्र स्वर्ग-सुखका अनुभव करता है | १२६-१२७ |
| २९—३२ | युधिष्ठिरको क्षात्रधर्ममें प्रतिष्ठित करनेके लिये धृतराष्ट्रसे विदुरका अनुरोध, विदुरकी बातें स्वीकार करते हुए भी धृतराष्ट्रका दुर्योधनके सामने अपनी विवशता बताना और प्रारब्धको प्रबल एवं पुरुषार्थको निरर्थक मानना | १२७-१२८ |

॥ श्रीहरिः ॥

# विदुरनीति

## हिन्दी-अनुवादसहित

### पहला अध्याय

वैशम्पायन उवाच

**द्वाःस्थं प्राह महाप्राज्ञो धृतराष्ट्रो महीपतिः ।**

**विदुरं द्रष्टुमिच्छामि तमिहानय मा चिरम् ॥ १ ॥**

**वैशम्पायनजी कहते हैं**—[संजयके चले जानेपर] महाबुद्धिमान् राजा धृतराष्ट्रने द्वारपालसे कहा—'मैं विदुरसे मिलना चाहता हूँ। उन्हें यहाँ शीघ्र बुला लाओ' ॥ १ ॥

**प्रहितो धृतराष्ट्रेण दूतः क्षत्तारमब्रवीत् ।**

**ईश्वरस्त्वां महाराजो महाप्राज्ञ दिदृक्षति ॥ २ ॥**

धृतराष्ट्रका भेजा हुआ वह दूत जाकर विदुरसे बोला—'महामते ! हमारे स्वामी महाराज धृतराष्ट्र आपसे मिलना चाहते हैं' ॥ २ ॥

**एवमुक्तस्तु विदुरः प्राप्य राजनिवेशनम् ।**

**अब्रवीद् धृतराष्ट्राय द्वाःस्थ मां प्रतिवेदय ॥ ३ ॥**

उसके ऐसा कहनेपर विदुरजी राजमहलके पास जाकर बोले—'द्वारपाल ! धृतराष्ट्रको मेरे आनेकी सूचना दे दो' ॥ ३ ॥

द्वाःस्थ उवाच

**विदुरोऽयमनुप्राप्तो राजेन्द्र तव शासनात्।**
**द्रष्टुमिच्छति ते पादौ किं करोतु प्रशाधि माम्॥ ४॥**

**द्वारपालने जाकर कहा**—'महाराज! आपकी आज्ञासे विदुरजी यहाँ आ पहुँचे हैं, वे आपके चरणोंका दर्शन करना चाहते हैं। मुझे आज्ञा दीजिये, उन्हें क्या कार्य बताया जाय'॥ ४॥

धृतराष्ट्र उवाच

**प्रवेशय महाप्राज्ञं विदुरं दीर्घदर्शिनम्।**
**अहं हि विदुरस्यास्य नाकल्पो जातु दर्शने॥ ५॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—'महाबुद्धिमान् दूरदर्शी विदुरको भीतर ले आओ, मुझे इस विदुरसे मिलनेमें कभी भी अड़चन नहीं है'॥ ५॥

द्वाःस्थ उवाच

**प्रविशान्तःपुरं क्षत्तर्महाराजस्य धीमतः।**
**न हि ते दर्शनेऽकल्पो जातु राजाब्रवीद्धि माम्॥ ६॥**

**द्वारपाल विदुरके पास आकर बोला**—'विदुरजी! आप बुद्धिमान् महाराज धृतराष्ट्रके अन्तःपुरमें प्रवेश कीजिये। महाराजने मुझसे कहा है कि मुझे विदुरसे मिलनेमें कभी अड़चन नहीं है'॥ ६॥

वैशम्पायन उवाच

**ततः प्रविश्य विदुरो धृतराष्ट्रनिवेशनम्।**
**अब्रवीत् प्राञ्जलिर्वाक्यं चिन्तयानं नराधिपम्॥ ७॥**

**वैशम्पायनजी कहते हैं**—तदनन्तर विदुर धृतराष्ट्रके महलके भीतर जाकर चिन्तामें पड़े हुए राजासे हाथ जोड़कर बोले—॥ ७॥

**विदुरोऽहं महाप्राज्ञ सम्प्राप्तस्तव शासनात्।**
**यदि किञ्चन कर्तव्यमयमस्मि प्रशाधि माम्॥ ८॥**

'महाप्राज्ञ! मैं विदुर हूँ, आपकी आज्ञासे यहाँ आया हूँ। यदि मेरे

करनेयोग्य कुछ काम हो तो मैं उपस्थित हूँ, मुझे आज्ञा कीजिये' ॥ ८ ॥

धृतराष्ट्र उवाच

**सञ्जयो विदुर प्राज्ञो गर्हयित्वा च मां गतः ।**
**अजातशत्रोः श्वो वाक्यं सभामध्ये स वक्ष्यति ॥ ९ ॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—विदुर ! बुद्धिमान् संजय आया था, मुझे बुरा-भला कहकर चला गया है। कल सभामें वह अजातशत्रु युधिष्ठिरके वचन सुनायेगा ॥ ९ ॥

**तस्याद्य कुरुवीरस्य न विज्ञातं वचो मया ।**
**तन्मे दहति गात्राणि तदकार्षीत् प्रजागरम् ॥ १० ॥**

आज मैं उस कुरुवीर युधिष्ठिरकी बात न जान सका—यही मेरे अङ्गोंको जला रहा है और इसीने मुझे अबतक जगा रखा है ॥ १० ॥

**जाग्रतो दह्यमानस्य श्रेयो यदनुपश्यसि ।**
**तद् ब्रूहि त्वं हि नस्तात धर्मार्थकुशलो ह्यसि ॥ ११ ॥**

तात ! मैं चिन्तासे जलता हुआ अभीतक जग रहा हूँ। मेरे लिये जो कल्याणकी बात समझो, वह कहो; क्योंकि हमलोगोंमें तुम्हीं धर्म और अर्थके ज्ञानमें निपुण हो ॥ ११ ॥

**यतः प्राप्तः सञ्जयः पाण्डवेभ्यो**
**न मे यथावन्मनसः प्रशान्तिः ।**
**सर्वेन्द्रियाण्यप्रकृतिं गतानि**
**किं वक्ष्यतीत्येव मेऽद्य प्रचिन्ता ॥ १२ ॥**

संजय जबसे पाण्डवोंके यहाँसे लौटकर आया है, तबसे मेरे मनको पूर्ण शान्ति नहीं मिलती। सभी इन्द्रियाँ विकल हो रही हैं। कल वह क्या कहेगा, इसी बातकी मुझे इस समय बड़ी भारी चिन्ता हो रही है ॥ १२ ॥

विदुर उवाच

**अभियुक्तं बलवता दुर्बलं हीनसाधनम् ।**
**हृतस्वं कामिनं चोरमाविशन्ति प्रजागराः ॥ १३ ॥**

**********************************************************************************

**विदुरजी बोले**—राजन् ! जिसका बलवान्‌के साथ विरोध हो गया है उस साधनहीन दुर्बल मनुष्यको, जिसका सब कुछ हर लिया गया है उसको, कामीको तथा चोरको रातमें जागनेका रोग लग जाता है ॥ १३ ॥

**कच्चिदेतैर्महादोषैर्न स्पृष्टोऽसि नराधिप ।**
**कच्चिच्च परवित्तेषु गृध्यन्न परितप्यसे ॥ १४ ॥**

नरेन्द्र ! कहीं आपका भी इन महान् दोषोंसे सम्पर्क तो नहीं हो गया है ? कहीं पराये धनके लोभसे तो आप कष्ट नहीं पा रहे हैं ? ॥ १४ ॥

धृतराष्ट्र उवाच

**श्रोतुमिच्छामि ते धर्म्यं परं नैःश्रेयसं वचः ।**
**अस्मिन् राजर्षिवंशे हि त्वमेकः प्राज्ञसम्मतः ॥ १५ ॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—मैं तुम्हारे धर्मयुक्त तथा कल्याण करनेवाले सुन्दर वचन सुनना चाहता हूँ, क्योंकि इस राजर्षिवंशमें केवल तुम्हीं विद्वानोंके भी माननीय हो ॥ १५ ॥

विदुर उवाच

**(राजा लक्षणसम्पन्नस्त्रैलोक्यस्याधिपो भवेत् ।**
**प्रेष्यस्ते प्रेषितश्चैव धृतराष्ट्र युधिष्ठिरः ॥ १६ ॥**

**विदुरजी बोले**—महाराज धृतराष्ट्र ! श्रेष्ठ लक्षणोंसे सम्पन्न राजा युधिष्ठिर तीनों लोकोंके स्वामी हो सकते हैं। वे आपके आज्ञाकारी थे, पर आपने उन्हें वनमें भेज दिया ॥ १६ ॥

**विपरीततरश्च त्वं भागधेये न सम्मतः ।**
**अर्चिषां प्रक्षयाच्चैव धर्मात्मा धर्मकोविदः ॥ १७ ॥**

आप धर्मात्मा और धर्मके जानकार होते हुए भी आँखोंसे अन्धे होनेके कारण उन्हें पहचान न सके, इसीसे उनके अत्यन्त विपरीत हो गये और उन्हें राज्यका भाग देनेमें आपकी सम्मति नहीं हुई ॥ १७ ॥

**आनृशंस्यादनुक्रोशाद् धर्मात् सत्यात् पराक्रमात् ।**
**गुरुत्वात् त्वयि सम्प्रेक्ष्य बहून् क्लेशांस्तितिक्षते ॥ १८ ॥**

युधिष्ठिरमें क्रूरताका अभाव, दया, धर्म, सत्य तथा पराक्रम है; वे आपमें पूज्यबुद्धि रखते हैं। इन्हीं सद्‌गुणोंके कारण वे सोच-विचारकर चुपचाप बहुत-से क्लेश सह रहे हैं॥ १८ ॥

**दुर्योधने सौबले च कर्णे दुःशासने तथा।**
**एतेष्वैश्वर्यमाधाय कथं त्वं भूतिमिच्छसि ॥ १९ ॥**

आप दुर्योधन, शकुनि, कर्ण तथा दुःशासन-जैसे अयोग्य व्यक्तियोंपर राज्यका भार रखकर कैसे ऐश्वर्य-वृद्धि चाहते हैं ? ॥ १९ ॥

**आत्मज्ञानं समारम्भस्तितिक्षा धर्मनित्यता।**
**यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते) ॥ २० ॥**

अपने वास्तविक स्वरूपका ज्ञान, उद्योग, दुःख सहनेकी शक्ति और धर्ममें स्थिरता—ये गुण जिस मनुष्यको पुरुषार्थसे च्युत नहीं करते, वही पण्डित कहलाता है॥ २० ॥

**निषेवते प्रशस्तानि निन्दितानि न सेवते।**
**अनास्तिकः श्रद्दधान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥ २१ ॥**

जो अच्छे कर्मोंका सेवन करता और बुरे कर्मोंसे दूर रहता है, साथ ही जो आस्तिक और श्रद्धालु है, उसके वे सद्‌गुण पण्डित होनेके लक्षण हैं॥ २१ ॥

**क्रोधो हर्षश्च दर्पश्च ह्रीः स्तम्भो मान्यमानिता।**
**यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥ २२ ॥**

क्रोध, हर्ष, गर्व, लज्जा, उद्दण्डता तथा अपनेको पूज्य समझना—ये भाव जिसको पुरुषार्थसे भ्रष्ट नहीं करते, वही पण्डित कहलाता है॥ २२ ॥

**यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।**
**कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥ २३ ॥**

दूसरे लोग जिसके कर्तव्य, सलाह और पहलेसे किये हुए विचारको नहीं जानते, बल्कि काम पूरा होनेपर ही जानते हैं, वही पण्डित कहलाता है ॥ २३ ॥

**यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।**
**समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥ २४ ॥**

सर्दी-गर्मी, भय-अनुराग, सम्पत्ति अथवा दरिद्रता—ये जिसके कार्यमें विघ्न नहीं डालते वही पण्डित कहलाता है ॥ २४ ॥

**यस्य संसारिणी प्रज्ञा धर्मार्थावनुवर्तते ।**
**कामादर्थं वृणीते यः स वै पण्डित उच्यते ॥ २५ ॥**

जिसकी लौकिक बुद्धि धर्म और अर्थका ही अनुसरण करती है और जो भोगको छोड़कर पुरुषार्थका ही वरण करता है वही पण्डित कहलाता है ॥ २५ ॥

**यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते ।**
**न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः ॥ २६ ॥**

विवेकपूर्ण बुद्धिवाले पुरुष शक्तिके अनुसार काम करनेकी इच्छा रखते हैं और करते भी हैं तथा किसी वस्तुको तुच्छ समझकर उसकी अवहेलना नहीं करते ॥ २६ ॥

**क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति**
**विज्ञाय चार्थं भजते न कामात् ।**
**नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे**
**तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥ २७ ॥**

विद्वान् पुरुष किसी विषयको देरतक सुनता है किंतु शीघ्र ही समझ लेता है, समझकर कर्तव्यबुद्धिसे पुरुषार्थमें प्रवृत्त होता है—कामनासे नहीं; बिना पूछे दूसरेके विषयमें व्यर्थ कोई बात नहीं कहता है। उसका यह स्वभाव पण्डितकी मुख्य पहचान है ॥ २७ ॥

**नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।**
**आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥ २८ ॥**

पण्डितोंकी-सी बुद्धि रखनेवाले मनुष्य दुर्लभ वस्तुकी कामना नहीं करते, खोयी हुई वस्तुके विषयमें शोक करना नहीं चाहते और विपत्तिमें पड़कर घबराते नहीं हैं ॥ २८ ॥

**निश्चित्य यः प्रक्रमते नान्तर्वसति कर्मणः।**
**अबन्ध्यकालो वश्यात्मा स वै पण्डित उच्यते॥ २९॥**

जो पहले निश्चय करके फिर कार्यका आरम्भ करता है, कार्यके बीचमें नहीं रुकता, समयको व्यर्थ नहीं जाने देता और चित्तको वशमें रखता है, वही पण्डित कहलाता है॥ २९॥

**आर्यकर्मणि रज्यन्ते भूतिकर्माणि कुर्वते।**
**हितं च नाभ्यसूयन्ति पण्डिता भरतर्षभ॥ ३०॥**

भरतकुल-भूषण! पण्डितजन श्रेष्ठ कर्मोंमें रुचि रखते हैं, उन्नतिके कार्य करते हैं तथा भलाई करनेवालोंमें दोष नहीं निकालते हैं॥ ३०॥

**न हृष्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।**
**गाङ्गो ह्रद इवाक्षोभ्यो यः स पण्डित उच्यते॥ ३१॥**

जो अपना आदर होनेपर हर्षके मारे फूल नहीं उठता, अनादरसे संतप्त नहीं होता तथा गङ्गाजीके कुण्डके समान जिसके चित्तको क्षोभ नहीं होता, वह पण्डित कहलाता है॥ ३१॥

**तत्त्वज्ञः सर्वभूतानां योगज्ञः सर्वकर्मणाम्।**
**उपायज्ञो मनुष्याणां नरः पण्डित उच्यते॥ ३२॥**

जो सम्पूर्ण भौतिक पदार्थोंकी असलियतका ज्ञान रखनेवाला, सब कार्योंके करनेका ढंग जाननेवाला तथा मनुष्योंमें सबसे बढ़कर उपायका जानकार है, वही मनुष्य पण्डित कहलाता है॥ ३२॥

**प्रवृत्तवाक्चित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान्।**
**आशु ग्रन्थस्य वक्ता च यः स पण्डित उच्यते॥ ३३॥**

जिसकी वाणी कहीं रुकती नहीं, जो विचित्र ढंगसे बातचीत करता है, तर्कमें निपुण और प्रतिभाशाली है तथा जो ग्रन्थके तात्पर्यको शीघ्र बता सकता है, वही पण्डित कहलाता है॥ ३३॥

**श्रुतं प्रज्ञानुगं यस्य प्रज्ञा चैव श्रुतानुगा।**
**असम्भिन्नार्यमर्यादः पण्डिताख्यां लभेत सः॥ ३४॥**

***********************************************************************************

जिसकी विद्या बुद्धिका अनुसरण करती है और बुद्धि विद्याका तथा जो शिष्ट पुरुषोंकी मर्यादाका उल्लङ्घन नहीं करता, वही 'पण्डित' की पदवी पा सकता है ॥ ३४ ॥

**अश्रुतश्च समुन्नद्धो दरिद्रश्च महामनाः ।**
**अर्थांश्चाकर्मणा प्रेप्सुर्मूढ इत्युच्यते बुधैः ॥ ३५ ॥**

बिना पढ़े ही गर्व करनेवाले, दरिद्र होकर भी बड़े-बड़े मनसूबे बाँधनेवाले और बिना काम किये ही धन पानेकी इच्छा रखनेवाले मनुष्यको पण्डितलोग मूर्ख कहते हैं ॥ ३५ ॥

**स्वमर्थं यः परित्यज्य परार्थमनुतिष्ठति ।**
**मिथ्या चरति मित्रार्थे यश्च मूढः स उच्यते ॥ ३६ ॥**

जो अपना कर्तव्य छोड़कर दूसरेके कर्तव्यका पालन करता है तथा मित्रके साथ असत् आचरण करता है; वह मूर्ख कहलाता है ॥ ३६ ॥

**अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत् ।**
**बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥ ३७ ॥**

जो न चाहनेवालोंको चाहता है और चाहनेवालोंको त्याग देता है तथा जो अपनेसे बलवान्‌के साथ बैर बाँधता है, उसे 'मूढ़ विचारका मनुष्य' कहते हैं ॥ ३७ ॥

**अमित्रं कुरुते मित्रं मित्रं द्वेष्टि हिनस्ति च ।**
**कर्म चारभते दुष्टं तमाहुर्मूढचेतसम् ॥ ३८ ॥**

जो शत्रुको मित्र बनाता और मित्रसे द्वेष करते हुए उसे कष्ट पहुँचाता है तथा सदा बुरे कर्मोंका आरम्भ किया करता है, उसे 'मूढ़ चित्तवाला' कहते हैं ॥ ३८ ॥

**संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते ।**
**चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ ॥ ३९ ॥**

भरतश्रेष्ठ ! जो अपने कामोंको व्यर्थ ही फैलाता है, सर्वत्र सन्देह करता

है तथा शीघ्र होनेवाले काममें भी देर लगाता है, वह मूढ़ है ॥ ३९ ॥

**श्राद्धं पितृभ्यो न ददाति दैवतानि न चार्चति ।**
**सुहृन्मित्रं न लभते तमाहुर्मूढचेतसम् ॥ ४० ॥**

जो पितरोंका श्राद्ध और देवताओंका पूजन नहीं करता तथा जिसे सुहृद् मित्र नहीं मिलता, उसे 'मूढ़ चित्तवाला' कहते हैं ॥ ४० ॥

**अनाहूतः प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।**
**अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधमः ॥ ४१ ॥**

मूढ़ चित्तवाला अधम मनुष्य बिना बुलाये ही भीतर चला आता है, बिना पूछे ही बहुत बोलता है तथा अविश्वसनीय मनुष्योंपर भी विश्वास करता है ॥ ४१ ॥

**परं क्षिपति दोषेण वर्तमानः स्वयं तथा ।**
**यश्च क्रुध्यत्यनीशानः स च मूढतमो नरः ॥ ४२ ॥**

स्वयं दोषयुक्त बर्ताव करते हुए भी जो दूसरेपर उसके दोष बताकर आक्षेप करता है तथा जो असमर्थ होते हुए भी व्यर्थका क्रोध करता है, वह मनुष्य महामूर्ख है ॥ ४२ ॥

**आत्मनो बलमज्ञाय धर्मार्थपरिवर्जितम् ।**
**अलभ्यमिच्छन्नैष्कर्म्यान्मूढबुद्धिरिहोच्यते ॥ ४३ ॥**

जो अपने बलको न समझकर बिना काम किये ही धर्म और अर्थसे विरुद्ध तथा न पानेयोग्य वस्तुकी इच्छा करता है, वह पुरुष इस संसारमें 'मूढ़बुद्धि' कहलाता है ॥ ४३ ॥

**अशिष्यं शास्ति यो राजन् यश्च शून्यमुपासते * ।**
**कदर्यं भजते यश्च तमाहुर्मूढचेतसम् ॥ ४४ ॥**

राजन्! जो अनधिकारीको उपदेश देता और शून्यकी उपासना करता है तथा जो कृपणका आश्रय लेता है, उसे मूढ़ चित्तवाला कहते हैं ॥ ४४ ॥

---

* यहाँ 'उपास्ते'के स्थानपर 'उपासते' यह प्रयोग आर्ष समझना चाहिये ।

**अर्थं महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।**
**विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पण्डित उच्यते ॥ ४५ ॥**

जो बहुत धन, विद्या तथा ऐश्वर्यको पाकर भी इठलाता नहीं चलता, वह पण्डित कहलाता है ॥ ४५ ॥

**एकः सम्पन्नमश्नाति वस्ते वासश्च शोभनम्।**
**योऽसंविभज्य भृत्येभ्यः को नृशंसतरस्ततः ॥ ४६ ॥**

जो अपनेद्वारा भरण-पोषणके योग्य व्यक्तियोंको बाँटे बिना अकेले ही उत्तम भोजन करता और अच्छा वस्त्र पहनता है, उससे बढ़कर क्रूर कौन होगा ॥ ४६ ॥

**एकः पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजनः।**
**भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ॥ ४७ ॥**

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत-से लोग उससे मौज उड़ाते हैं। मौज उड़ानेवाले तो छूट जाते हैं; पर उसका कर्ता ही दोषका भागी होता है ॥ ४७ ॥

**एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।**
**बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रं सराजकम् ॥ ४८ ॥**

किसी धनुर्धर वीरके द्वारा छोड़ा हुआ बाण सम्भव है एकको भी मारे या न मारे। मगर बुद्धिमान्द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजाके साथ-साथ सम्पूर्ण राष्ट्रका विनाश कर सकती है ॥ ४८ ॥

**एकया द्वे विनिश्चित्य त्रींश्चतुर्भिर्वशे कुरु।**
**पञ्च जित्वा विदित्वा षट् सप्त हित्वा सुखी भव ॥ ४९ ॥**

एक (बुद्धि) से दो (कर्तव्य और अकर्तव्य) का निश्चय करके चार (साम, दान, भेद, दण्ड) से तीन (शत्रु, मित्र, तथा उदासीन) को वशमें कीजिये। पाँच (इन्द्रियों) को जीतकर छः (सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव और समाश्रयरूप) गुणोंको जानकर तथा सात (स्त्री, जूआ, मृगया,

मद्य, कठोर वचन, दण्डकी कठोरता और अन्यायसे धनका उपार्जन) को छोड़कर सुखी हो जाइये ॥ ४९ ॥

**एकं विषरसो हन्ति शस्त्रेणैकश्च वध्यते।**
**सराष्ट्रं सप्रजं हन्ति राजानं मन्त्रविप्लवः ॥ ५० ॥**

विषका रस एक (पीनेवाले) को ही मारता है, शस्त्रसे एकका ही वध होता है, किंतु मन्त्रका फूटना राष्ट्र और प्रजाके साथ ही राजाका भी विनाश कर डालता है ॥ ५० ॥

**एकः स्वादु न भुञ्जीत एकश्चार्थान्न चिन्तयेत्।**
**एको न गच्छेदध्वानं नैकः सुप्तेषु जागृयात् ॥ ५१ ॥**

अकेले स्वादिष्ट भोजन न करे, अकेला किसी विषयका निश्चय न करे, अकेला रास्ता न चले और बहुत-से लोग सोये हों तो उनमें अकेला न जागता रहे ॥ ५१ ॥

**एकमेवाद्वितीयं तद् यद् राजन्नावबुध्यसे।**
**सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावारस्य नौरिव ॥ ५२ ॥**

राजन्! जैसे समुद्रके पार जानेके लिये नाव ही एकमात्र साधन है, उसी प्रकार स्वर्गके लिये सत्य ही एकमात्र सोपान है, दूसरा नहीं, किंतु आप इसे नहीं समझ रहे हैं ॥ ५२ ॥

**एकः क्षमावतां दोषो द्वितीयो नोपपद्यते।**
**यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जनः ॥ ५३ ॥**

क्षमाशील पुरुषोंमें एक ही दोषका आरोप होता है, दूसरेकी तो सम्भावना ही नहीं है। वह दोष यह है कि क्षमाशील मनुष्यको लोग असमर्थ समझ लेते हैं ॥ ५३ ॥

**सोऽस्य दोषो न मन्तव्यः क्षमा हि परमं बलम्।**
**क्षमा गुणो ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा ॥ ५४ ॥**

किंतु क्षमाशील पुरुषका वह दोष नहीं मानना चाहिये; क्योंकि क्षमा बहुत बड़ा बल है। क्षमा असमर्थ मनुष्योंका गुण तथा समर्थोंका भूषण है ॥ ५४ ॥

**क्षमा वशीकृतिर्लोके क्षमया किं न साध्यते।**
**शान्तिखड्गः करे यस्य किं करिष्यति दुर्जनः ॥ ५५ ॥**

इस जगत्‌में क्षमा वशीकरणरूप है। भला, क्षमासे क्या नहीं सिद्ध होता? जिसके हाथमें शान्तिरूपी तलवार है, उसका दुष्ट पुरुष क्या कर लेंगे? ॥ ५५ ॥

**अतृणे पतितो वह्निः स्वयमेवोपशाम्यति।**
**अक्षमावान् परं दोषैरात्मानं चैव योजयेत्॥ ५६॥**

तृणरहित स्थानमें गिरी हुई आग अपने-आप बुझ जाती है। क्षमाहीन पुरुष अपनेको तथा दूसरेको भी दोषका भागी बना लेता है॥ ५६॥

**एको धर्मः परं श्रेयः क्षमैका शान्तिरुत्तमा।**
**विद्यैका परमा तृप्तिरहिंसैका सुखावहा॥ ५७॥**

केवल धर्म ही परम कल्याणकारक है, एकमात्र क्षमा ही शान्तिका सर्वश्रेष्ठ उपाय है। एक विद्या ही परम सन्तोष देनेवाली है और एकमात्र अहिंसा ही सुख देनेवाली है॥ ५७॥

**द्वाविमौ ग्रसते भूमिः सर्पो बिलशयानिव।**
**राजानं चाविरोद्धारं ब्राह्मणं चाप्रवासिनम्॥ ५८॥**

बिलमें रहनेवाले मेढक आदि जीवोंको जैसे साँप खा जाता है, उसी प्रकार यह पृथ्वी शत्रुसे विरोध न करनेवाले राजा और परदेश-सेवन न करनेवाले ब्राह्मण—इन दोनोंको खा जाती है॥ ५८॥

**द्वे कर्मणी नरः कुर्वन्नस्मिंल्लोके विरोचते।**
**अब्रुवन् परुषं किञ्चिदसतोऽनर्चयंस्तथा॥ ५९॥**

जरा भी कठोर न बोलना और दुष्ट पुरुषोंका आदर न करना—इन दो कर्मोंको करनेवाला मनुष्य इस लोकमें विशेष शोभा पाता है॥ ५९॥

**द्वाविमौ पुरुषव्याघ्र परप्रत्ययकारिणौ।**
**स्त्रियः कामितकामिन्यो लोकः पूजितपूजकः॥ ६०॥**

दूसरी स्त्रीद्वारा चाहे गये पुरुषकी कामना करनेवाली स्त्रियाँ तथा दूसरोंके द्वारा पूजित मनुष्यका आदर करनेवाले पुरुष—ये दो प्रकारके लोग दूसरोंपर विश्वास करके चलनेवाले हैं॥ ६०॥

************************************************************

**द्वाविमौ कण्टकौ तीक्ष्णौ शरीरपरिशोषिणौ।**
**यश्चाधनः कामयते यश्च कुप्यत्यनीश्वरः॥ ६१॥**

जो निर्धन होकर भी बहुमूल्य वस्तुकी इच्छा रखता और असमर्थ होकर भी क्रोध करता है—ये दोनों ही अपने शरीरको सुखा देनेवाले काँटोंके समान हैं॥ ६१॥

**द्वावेव न विराजेते विपरीतेन कर्मणा।**
**गृहस्थश्च निरारम्भः कार्यवांश्चैव भिक्षुकः॥ ६२॥**

दो ही अपने विपरीत कर्मके कारण शोभा नहीं पाते—अकर्मण्य गृहस्थ और प्रपञ्चमें लगा हुआ संन्यासी॥ ६२॥

**द्वाविमौ पुरुषौ राजन् स्वर्गस्योपरि तिष्ठतः।**
**प्रभुश्च क्षमया युक्तो दरिद्रश्च प्रदानवान्॥ ६३॥**

राजन्! ये दो प्रकारके पुरुष स्वर्गके भी ऊपर स्थान पाते हैं—शक्तिशाली होनेपर भी क्षमा करनेवाला और निर्धन होनेपर भी दान देनेवाला॥ ६३॥

**न्यायागतस्य द्रव्यस्य बोद्धव्यौ द्वावतिक्रमौ।**
**अपात्रे प्रतिपत्तिश्च पात्रे चाप्रतिपादनम्॥ ६४॥**

न्यायपूर्वक उपार्जित किये हुए धनके दो ही दुरुपयोग समझने चाहिये—अपात्रको देना और सत्पात्रको न देना॥ ६४॥

**द्वावम्भसि निवेष्टव्यौ गले बध्वा दृढां शिलाम्।**
**धनवन्तमदातारं दरिद्रं चातपस्विनम्॥ ६५॥**

जो धनी होनेपर भी दान न दे और दरिद्र होनेपर भी कष्ट सहन न कर सके—इन दो प्रकारके मनुष्योंको गलेमें मजबूत पत्थर बाँधकर पानीमें डुबा देना चाहिये॥ ६५॥

**द्वाविमौ पुरुषव्याघ्र सूर्यमण्डलभेदिनौ।**
**परिव्राड्योगयुक्तश्च रणे चाभिमुखो हतः॥ ६६॥**

पुरुषश्रेष्ठ! ये दो प्रकारके पुरुष सूर्यमण्डलको भेदकर ऊर्ध्वगतिको प्राप्त होते हैं—योगयुक्त संन्यासी और संग्राममें लोहा लेते हुए मारा गया योद्धा॥ ६६॥

त्रयो न्याया मनुष्याणां श्रूयन्ते भरतर्षभ।
कनीयान्मध्यमः श्रेष्ठ इति वेदविदो विदुः॥ ६७॥

भरतश्रेष्ठ! मनुष्योंकी कार्यसिद्धिके लिये उत्तम, मध्यम और अधम—ये तीन प्रकारके न्यायानुकूल उपाय सुने जाते हैं, ऐसा वेदवेत्ता विद्वान् जानते हैं॥ ६७॥

त्रिविधाः पुरुषा राजन्नुत्तमाधममध्यमाः।
नियोजयेद् यथावत् तांस्त्रिविधेष्वेव कर्मसु॥ ६८॥

राजन्! उत्तम, मध्यम और अधम—ये तीन प्रकारके पुरुष होते हैं, इनको यथायोग्य तीन ही प्रकारके कर्मोंमें लगाना चाहिये॥ ६८॥

त्रय एवाधना राजन् भार्या दासस्तथा सुतः।
यत्ते समधिगच्छन्ति यस्य ते तस्य तद्धनम्॥ ६९॥

राजन्! तीन ही धनके अधिकारी नहीं माने जाते—स्त्री, पुत्र तथा दास। ये जो कुछ कमाते हैं, वह धन उसीका होता है जिसके अधीन ये रहते हैं॥ ६९॥

हरणं च परस्वानां परदाराभिमर्शनम्।
सुहृदश्च परित्यागस्त्रयो दोषाः क्षयावहाः॥ ७०॥

दूसरेके धनका हरण, दूसरेकी स्त्रीका संसर्ग तथा सुहृद् मित्रका परित्याग—ये तीनों ही दोष नाश करनेवाले होते हैं॥ ७०॥

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥ ७१॥

काम, क्रोध और लोभ—ये आत्माका नाश करनेवाले नरकके तीन दरवाजे हैं, अतः इन तीनोंको त्याग देना चाहिये॥ ७१॥

वरप्रदानं राज्यं च पुत्रजन्म च भारत।
शत्रोश्च मोक्षणं कृच्छ्रात् त्रीणि चैकं च तत्समम्॥ ७२॥

भारत ! वरदान पाना, राज्यकी प्राप्ति और पुत्रका जन्म—ये तीन एक ओर और शत्रुके कष्टसे छूटना—यह एक तरफ; वे तीन और यह एक बराबर ही है ॥ ७२ ॥

**भक्तं च भजमानं च तवास्मीति च वादिनम्।**
**त्रीनेतांश्छरणं प्राप्तान् विषमेऽपि न संत्यजेत् ॥ ७३ ॥**

भक्त, सेवक तथा मैं आपका ही हूँ, ऐसा कहनेवाले—इन तीन प्रकारके शरणागत मनुष्योंको संकट पड़नेपर भी नहीं छोड़ना चाहिये ॥ ७३ ॥

**चत्वारि राज्ञा तु महाबलेन**
**वर्ज्यान्याहुः पण्डितस्तानि विद्यात्।**
**अल्पप्रज्ञैः सह मन्त्रं न कुर्या-**
**न्न दीर्घसूत्रै रभसैश्चारणैश्च ॥ ७४ ॥**

थोड़ी बुद्धिवाले, दीर्घसूत्री, जल्दबाज और स्तुति करनेवाले लोगोंके साथ गुप्त सलाह नहीं करनी चाहिये—ये चारों महाबली राजाके लिये त्यागने योग्य बताये गये हैं। विद्वान् पुरुष ऐसे लोगोंको पहचान ले ॥ ७४ ॥

**चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु**
**श्रियाभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे।**
**वृद्धो ज्ञातिरवसन्नः कुलीनः**
**सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या ॥ ७५ ॥**

तात ! गृहस्थ-धर्ममें स्थित लक्ष्मीवान् आपके घरमें चार प्रकारके मनुष्योंको सदा रहना चाहिये—अपने कुटुम्बका बूढ़ा, संकटमें पड़ा हुआ उच्च कुलका मनुष्य, धनहीन मित्र और बिना सन्तानकी बहिन ॥ ७५ ॥

**चत्वार्याह महाराज साद्यस्कानि बृहस्पतिः।**
**पृच्छते त्रिदशेन्द्राय तानीमानि निबोध मे ॥ ७६ ॥**

महाराज ! इन्द्रके पूछनेपर उनसे बृहस्पतिजीने जिन चारोंको तत्काल

फल देनेवाला बताया था, उन्हें आप मुझसे सुनिये— ॥ ७६ ॥

**देवतानां च सङ्कल्पमनुभावं च धीमताम्।**
**विनयं कृतविद्यानां विनाशं पापकर्मणाम्॥ ७७ ॥**

देवताओंका सङ्कल्प, बुद्धिमानोंका प्रभाव, विद्वानोंकी नम्रता और पापियोंका विनाश॥ ७७ ॥

**चत्वारि कर्माण्यभयङ्कराणि**
**भयं प्रयच्छन्त्ययथाकृतानि।**
**मानाग्निहोत्रमुत मानमौनं**
**मानेनाधीतमुत मानयज्ञः॥ ७८ ॥**

चार कर्म भयको दूर करनेवाले हैं; किन्तु वे ही यदि ठीक तरहसे सम्पादित न हों तो भय प्रदान करते हैं। वे कर्म हैं—आदरके साथ अग्निहोत्र, आदरपूर्वक मौनका पालन, आदरपूर्वक स्वाध्याय और आदरके साथ यज्ञका अनुष्ठान॥ ७८ ॥

**पञ्चाग्नयो मनुष्येण परिचर्याः प्रयत्नतः।**
**पिता माताग्निरात्मा च गुरुश्च भरतर्षभ॥ ७९ ॥**

भरतश्रेष्ठ ! पिता, माता, अग्नि, आत्मा और गुरु—मनुष्यको इन पाँच अग्नियोंकी बड़े यत्नसे सेवा करनी चाहिये॥ ७९ ॥

**पञ्चैव पूजयँल्लोके यशः प्राप्नोति केवलम्।**
**देवान् पितॄन् मनुष्यांश्च भिक्षूनतिथिपञ्चमान्॥ ८० ॥**

देवता, पितर, मनुष्य, संन्यासी और अतिथि—इन पाँचोंकी पूजा करनेवाला मनुष्य शुद्ध यश प्राप्त करता है॥ ८० ॥

**पञ्च त्वानुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि।**
**मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः॥ ८१ ॥**

राजन् ! आप जहाँ-जहाँ जायँगे वहाँ-वहाँ मित्र-शत्रु, उदासीन, आश्रय

देनेवाले तथा आश्रय पानेवाले—ये पाँच आपके पीछे लगे रहेंगे ॥ ८१ ॥

**पञ्चेन्द्रियस्य मर्त्यस्यच्छिद्रं चेदेकमिन्द्रियम्।**
**ततोऽस्य स्रवति प्रज्ञा दृतेः पात्रादिवोदकम् ॥ ८२ ॥**

पाँच ज्ञानेन्द्रियोंवाले पुरुषकी यदि एक भी इन्द्रिय छिद्र (दोष) युक्त हो जाय तो उससे उसकी बुद्धि इस प्रकार बाहर निकल जाती है, जैसे मशकके छेदसे पानी ॥ ८२ ॥

**षड् दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।**
**निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता ॥ ८३ ॥**

ऐश्वर्य या उन्नति चाहनेवाले पुरुषोंको नींद, तन्द्रा (ऊँघना), डर, क्रोध, आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जानेवाले काममें अधिक देर लगानेकी आदत)—इन छः दुर्गुणोंको त्याग देना चाहिये ॥ ८३ ॥

**षडिमान् पुरुषो जह्याद् भिन्नां नावमिवार्णवे।**
**अप्रवक्तारमाचार्यमनधीयानमृत्विजम् ॥ ८४ ॥**
**अरक्षितारं राजानं भार्यां चाप्रियवादिनीम्।**
**ग्रामकामं च गोपालं वनकामं च नापितम् ॥ ८५ ॥**

उपदेश न देनेवाले आचार्य, मन्त्रोच्चारण न करनेवाले होता, रक्षा करनेमें असमर्थ राजा, कटु वचन बोलनेवाली स्त्री, ग्राममें रहनेकी इच्छावाले ग्वाले तथा वनमें रहनेकी इच्छावाले नाई—इन छःको उसी भाँति छोड़ दे, जैसे समुद्रकी सैर करनेवाला मनुष्य फटी हुई नावका परित्याग कर देता है ॥ ८४-८५ ॥

**षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।**
**सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः ॥ ८६ ॥**

मनुष्यको कभी भी सत्य, दान, कर्मण्यता, अनसूया (गुणोंमें दोष

दिखानेकी प्रवृत्तिका अभाव), क्षमा तथा धैर्य—इन छः गुणोंका त्याग नहीं करना चाहिये ॥ ८६ ॥

**अर्थागमो नित्यमरोगिता च**
**प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च।**
**वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या**
**षड् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥ ८७ ॥**

राजन्! धनकी आय, नित्य नीरोग रहना, स्त्रीका अनुकूल तथा प्रियवादिनी होना, पुत्रका आज्ञाके अन्दर रहना तथा धन पैदा करनेवाली विद्याका ज्ञान—ये छः बातें इस मनुष्यलोकमें सुखदायिनी होती हैं ॥ ८७ ॥

**षण्णामात्मनि नित्यानामैश्वर्यं योऽधिगच्छति।**
**न स पापैः कुतोऽनर्थैर्युज्यते विजितेन्द्रियः ॥ ८८ ॥**

मनमें नित्य रहनेवाले छः शत्रु—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद तथा मात्सर्यको जो वशमें कर लेता है, वह जितेन्द्रिय पुरुष पापोंसे ही लिप्त नहीं होता, फिर उनसे उत्पन्न होनेवाले अनर्थोंकी तो बात ही क्या है ॥ ८८ ॥

**षडिमे षट्सु जीवन्ति सप्तमो नोपलभ्यते।**
**चौराः प्रमत्ते जीवन्ति व्याधितेषु चिकित्सकाः ॥ ८९ ॥**
**प्रमदाः कामयानेषु यजमानेषु याजकाः।**
**राजा विवदमानेषु नित्यं मूर्खेषु पण्डिताः ॥ ९० ॥**

निम्नाङ्कित छः प्रकारके मनुष्य छः प्रकारके लोगोंसे अपनी जीविका चलाते हैं, सातवेंकी उपलब्धि नहीं होती। चोर असावधान पुरुषसे, वैद्य रोगीसे, मतवाली स्त्रियाँ कामियोंसे, पुरोहित यजमानोंसे, राजा झगड़नेवालोंसे तथा विद्वान् पुरुष मूर्खोंसे अपनी जीविका चलाते हैं ॥ ८९-९० ॥

**षडिमानि विनश्यन्ति मुहूर्तमनवेक्षणात्।**
**गावः सेवा कृषिर्भार्या विद्या वृषलसंगतिः ॥ ९१ ॥**

************************************************************

क्षणभर भी देख-रेख न करनेसे गौ, सेवा, खेती, स्त्री, विद्या तथा शूद्रोंसे मेल—ये छः चीजें नष्ट हो जाती हैं ॥ ९१ ॥

**षडेते ह्यवमन्यन्ते नित्यं पूर्वोपकारिणम्।**
**आचार्यं शिक्षिताः शिष्याः कृतदाराश्च मातरम् ॥ ९२ ॥**
**नारीं विगतकामास्तु कृतार्थाश्च प्रयोजकम्।**
**नावं निस्तीर्णकान्तारा आतुराश्च चिकित्सकम् ॥ ९३ ॥**

ये छः सदा अपने पूर्व उपकारीका अनादर करते हैं—शिक्षा समाप्त हो जानेपर शिष्य आचार्यका, विवाहित बेटे माताका, कामवासनाकी शान्ति हो जानेपर मनुष्य स्त्रीका, कृतकार्य पुरुष सहायकका, नदीकी दुर्गम धारा पार कर लेनेवाले पुरुष नावका तथा रोगी पुरुष रोग छूटनेके बाद वैद्यका तिरस्कार कर देते हैं ॥ ९२-९३ ॥

**आरोग्यमानृण्यमविप्रवासः**
**सद्भिर्मनुष्यैः सह सम्प्रयोगः।**
**स्वप्रत्यया वृत्तिरभीतवासः**
**षड् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥ ९४ ॥**

राजन्! नीरोग रहना, ऋणी न होना, परदेशमें न रहना, अच्छे लोगोंके साथ मेल होना, अपनी वृत्तिसे जीविका चलाना और निडर होकर रहना—ये छः मनुष्यलोकके सुख हैं ॥ ९४ ॥

**ईर्ष्यी घृणी न सन्तुष्टः क्रोधनो नित्यशङ्कितः।**
**परभाग्योपजीवी च षडेते नित्यदुःखिताः ॥ ९५ ॥**

ईर्ष्या करनेवाला, घृणा करनेवाला, असन्तोषी, क्रोधी, सदा शङ्कित रहनेवाला और दूसरेके भाग्यपर जीवन-निर्वाह करनेवाला—ये छः सदा दुःखी रहते हैं ॥ ९५ ॥

**सप्त दोषाः सदा राज्ञा हातव्या व्यसनोदयाः।**
**प्रायशो यैर्विनश्यन्ति कृतमूला अपीश्वराः ॥ ९६ ॥**
**स्त्रियोऽक्षा मृगया पानं वाक्पारुष्यं च पञ्चमम्।**
**महच्च दण्डपारुष्यमर्थदूषणमेव च ॥ ९७ ॥**

स्त्रीविषयक आसक्ति, जूआ, शिकार, मद्यपान, वचनकी कठोरता, अत्यन्त कठोर दण्ड देना और धनका दुरुपयोग करना—ये सात दुःखदायी दोष राजाको सदा त्याग देने चाहिये। इनसे दृढ़मूल राजा भी प्रायः नष्ट हो जाते हैं॥ ९६-९७॥

**अष्टौ पूर्वनिमित्तानि नरस्य विनशिष्यतः।**
**ब्राह्मणान् प्रथमं द्वेष्टि ब्राह्मणैश्च विरुध्यते॥ ९८॥**
**ब्राह्मणस्वानि चादत्ते ब्राह्मणांश्च जिघांसति।**
**रमते निन्दया चैषां प्रशंसां नाभिनन्दति॥ ९९॥**
**नैनान् स्मरति कृत्येषु याचितश्चाभ्यसूयति।**
**एतान् दोषान्नरः प्राज्ञो बुध्येद् बुद्ध्वा विसर्जयेत्॥ १००॥**

विनाशके मुखमें पड़नेवाले मनुष्यके आठ पूर्वचिह्न हैं—प्रथम तो वह ब्राह्मणोंसे द्वेष करता है, फिर उनके विरोधका पात्र बनता है, ब्राह्मणोंका धन हड़प लेता है, उनको मारना चाहता है, ब्राह्मणोंकी निन्दामें आनन्द मानता है, उनकी प्रशंसा सुनना नहीं चाहता, यज्ञ-यागादिमें उनका स्मरण नहीं करता तथा कुछ माँगनेपर उनमें दोष निकालने लगता है। इन सब दोषोंको बुद्धिमान् मनुष्य समझे और समझकर त्याग दे॥ ९८—१००॥

**अष्टाविमानि हर्षस्य नवनीतानि भारत।**
**वर्तमानानि दृश्यन्ते तान्येव स्वसुखान्यपि॥ १०१॥**
**समागमश्च सखिभिर्महांश्चैव धनागमः।**
**पुत्रेण च परिष्वङ्गः संनिपातश्च मैथुने॥ १०२॥**
**समये च प्रियालापः स्वयूथ्येषु समुन्नतिः।**
**अभिप्रेतस्य लाभश्च पूजा च जनसंसदि॥ १०३॥**

भारत! मित्रोंसे समागम, अधिक धनकी प्राप्ति, पुत्रका आलिङ्गन, मैथुनमें प्रवृत्ति, समयपर प्रिय वचन बोलना, अपने वर्गके लोगोंमें उन्नति,

************************************************************

अभीष्ट वस्तुकी प्राप्ति और जनसमाजमें सम्मान—ये आठ हर्षके सार दिखायी देते हैं और ये ही अपने लौकिक सुखके भी साधन होते हैं ॥ १०१—१०३ ॥

**अष्टौ गुणाः पुरुषं दीपयन्ति**
**प्रज्ञा च कौल्यं च दमः श्रुतं च ।**
**पराक्रमश्चाबहुभाषिता च**
**दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च ॥ १०४ ॥**

बुद्धि, कुलीनता, इन्द्रियनिग्रह, शास्त्रज्ञान, पराक्रम, अधिक न बोलना, शक्तिके अनुसार दान और कृतज्ञता—ये आठ गुण पुरुषकी ख्याति बढ़ा देते हैं ॥ १०४ ॥

**नवद्वारमिदं वेश्म त्रिस्थूणं पञ्चसाक्षिकम् ।**
**क्षेत्रज्ञाधिष्ठितं विद्वान् यो वेद स परः कविः ॥ १०५ ॥**

जो विद्वान् पुरुष [आँख, कान आदि] नौ दरवाजेवाले, तीन (वात, पित्त, कफरूपी) खम्भोंवाले, पाँच (ज्ञानेन्द्रियरूप) साक्षीवाले आत्माके निवासस्थान इस शरीररूपी गृहको जानता है, वह बहुत बड़ा ज्ञानी है ॥ १०५ ॥

**दश धर्मं न जानन्ति धृतराष्ट्र निबोध तान् ।**
**मत्तः प्रमत्त उन्मत्तः श्रान्तः क्रुद्धो बुभुक्षितः ॥ १०६ ॥**
**त्वरमाणश्च लुब्धश्च भीतः कामी च ते दश ।**
**तस्मादेतेषु सर्वेषु न प्रसज्जेत पण्डितः ॥ १०७ ॥**

महाराज धृतराष्ट्र ! दस प्रकारके लोग धर्मको नहीं जानते, उनके नाम सुनो। नशेमें मतवाला, असावधान, पागल, थका हुआ, क्रोधी, भूखा, जल्दबाज, लोभी, भयभीत और कामी—ये दस हैं। अतः इन सब लोगोंमें विद्वान् पुरुष आसक्ति न बढ़ावे ॥ १०६-१०७ ॥

**अत्रैवोदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।**
**पुत्रार्थमसुरेन्द्रेण गीतं चैव सुधन्वना ॥ १०८ ॥**

इसी विषयमें असुरोंके राजा प्रह्लादने सुधन्वाके साथ अपने पुत्रके प्रति

कुछ उपदेश दिया था। नीतिज्ञ लोग उस पुराने इतिहासका उदाहरण देते हैं॥ १०८॥

**यः काममन्यू प्रजहाति राजा**
**पात्रे प्रतिष्ठापयते धनं च।**
**विशेषविच्छ्रुतवान् क्षिप्रकारी**
**तं सर्वलोकः कुरुते प्रमाणम्॥ १०९॥**

जो राजा काम और क्रोधका त्याग करता है और सुपात्रको धन देता है, विशेषज्ञ है, शास्त्रोंका ज्ञाता और कर्त्तव्यको शीघ्र पूरा करनेवाला है, उसे सब लोग प्रमाण मानते हैं॥ १०९॥

**जानाति विश्वासयितुं मनुष्यान्**
**विज्ञातदोषेषु दधाति दण्डम्।**
**जानाति मात्रां च तथा क्षमां च**
**तं तादृशं श्रीर्जुषते समग्रा॥ ११०॥**

जो मनुष्योंमें विश्वास उत्पन्न करना जानता है, जिनका अपराध प्रमाणित हो गया है, उन्हींको दण्ड देता है, जो दण्ड देनेकी न्यूनाधिक मात्रा तथा क्षमाका उपयोग जानता है, उस राजाकी सेवामें सम्पूर्ण सम्पत्ति चली आती है॥ ११०॥

**सुदुर्बलं नावजानाति कञ्चिद्**
**युक्तो रिपुं सेवते बुद्धिपूर्वम्।**
**न विग्रहं रोचयते बलस्थैः**
**काले च यो विक्रमते स धीरः॥ १११॥**

जो किसी दुर्बलका अपमान नहीं करता, सदा सावधान रहकर शत्रुके साथ बुद्धिपूर्वक व्यवहार करता है, बलवानोंके साथ युद्ध पसन्द नहीं करता तथा समय आनेपर पराक्रम दिखाता है, वही धीर है॥ १११॥

**************************************************************

**प्राप्यापदं न व्यथते कदाचि-**
**दुद्योगमन्विच्छति चाप्रमत्तः ।**
**दुःखं च काले सहते महात्मा**
**धुरन्धरस्तस्य जिताः सपत्नाः ॥ ११२ ॥**

जो धुरन्धर महापुरुष आपत्ति पड़नेपर कभी दुःखी नहीं होता, बल्कि सावधानीके साथ उद्योगका आश्रय लेता है तथा समयपर दुःख सहता है, उसके शत्रु तो पराजित ही हैं ॥ ११२ ॥

**अनर्थकं विप्रवासं गृहेभ्यः**
**पापैः सन्धिं परदाराभिमर्शम् ।**
**दम्भं स्तैन्यं पैशुनं मद्यपानं**
**न सेवते यश्च सुखी सदैव ॥ ११३ ॥**

जो निरर्थक विदेशवास, पापियोंसे मेल, परस्त्रीगमन, पाखण्ड, चोरी, चुगलखोरी तथा मदिरापान नहीं करता, वह सदा सुखी रहता है ॥ ११३ ॥

**न संरम्भेणारभते त्रिवर्ग-**
**माकारितः शंसति तत्त्वमेव ।**
**न मित्रार्थे रोचयते विवादं**
**नापूजितः कुप्यति चाप्यमूढः ॥ ११४ ॥**
**न योऽभ्यसूयत्यनुकम्पते च**
**न दुर्बलः प्रातिभाव्यं करोति ।**
**नात्याह किञ्चित्क्षमते विवादं**
**सर्वत्र तादृग् लभते प्रशंसाम् ॥ ११५ ॥**

जो क्रोध या उतावलीके साथ धर्म, अर्थ तथा कामका आरम्भ नहीं करता, पूछनेपर यथार्थ बात ही बतलाता है, मित्रके लिये झगड़ा नहीं पसन्द करता, आदर न पानेपर क्रुद्ध नहीं होता, विवेक नहीं खो बैठता, दूसरोंके दोष नहीं देखता, सबपर दया करता है, दुर्बल होते हुए किसीकी जमानत नहीं देता,

बढ़कर नहीं बोलता तथा विवादको सह लेता है, ऐसा मनुष्य सब जगह प्रशंसा पाता है ॥ ११४-११५ ॥

**योनोद्धतं कुरुते जातु वेषं**
**न पौरुषेणापि विकत्थतेऽन्यान्।**
**न मूर्च्छितः कटुकान्याह किञ्चित्**
**प्रियं सदा तं कुरुते जनो हि ॥ ११६ ॥**

जो कभी उद्दण्डका-सा वेष नहीं बनाता, दूसरोंके सामने अपने पराक्रमकी भी डींग नहीं हाँकता, क्रोधसे व्याकुल होनेपर भी कटुवचन नहीं बोलता, उस मनुष्यको लोग सदा ही प्यारा बना लेते हैं ॥ ११६ ॥

**न वैरमुद्दीपयति प्रशान्तं**
**न दर्पमारोहति नास्तमेति।**
**न दुर्गतोऽस्मीति करोत्यकार्यं**
**तमार्यशीलं परमाहुरार्याः ॥ ११७ ॥**

जो शान्त हुई वैरकी आगको फिर प्रज्वलित नहीं करता, गर्व नहीं करता, हीनता नहीं दिखाता तथा 'मैं विपत्तिमें पड़ा हूँ,' ऐसा सोचकर अनुचित काम नहीं करता, उस उत्तम आचरणवाले पुरुषको आर्यजन सर्वश्रेष्ठ कहते हैं ॥ ११७ ॥

**न स्वे सुखे वै कुरुते प्रहर्षं**
**नान्यस्य दुःखे भवति प्रहृष्टः।**
**दत्त्वा न पश्चात्कुरुतेऽनुतापं**
**स कथ्यते सत्पुरुषार्यशीलः ॥ ११८ ॥**

जो अपने सुखमें प्रसन्न नहीं होता, दूसरेके दुःखके समय हर्ष नहीं मानता और दान देकर पश्चात्ताप नहीं करता; वह सज्जनोंमें सदाचारी कहलाता है ॥ ११८ ॥



**देशाचारान् समयाञ्जातिधर्मान्**
**बुभूषते यः स परावरज्ञः।**
**स यत्र तत्राभिगतः सदैव**
**महाजनस्याधिपत्यं करोति ॥ ११९ ॥**

जो मनुष्य देशके व्यवहार, लोकाचार तथा जातियोंके धर्मोंको जाननेकी इच्छा करता है, उसे उत्तम-अधमका विवेक हो जाता है। वह जहाँ कहीं भी जाता है; सदा महान् जनसमूहपर अपनी प्रभुता स्थापित कर लेता है ॥ ११९ ॥

**दम्भं मोहं मत्सरं पापकृत्यं**
**राजद्विष्टं पैशुनं पूगवैरम्।**
**मत्तोन्मत्तैर्दुर्जनैश्चापि वादं**
**यः प्रज्ञावान् वर्जयेत् स प्रधानः ॥ १२० ॥**

जो बुद्धिमान् दम्भ, मोह, मात्सर्य, पापकर्म, राजद्रोह, चुगलखोरी, समूहसे वैर और मतवाले, पागल तथा दुर्जनोंसे विवाद छोड़ देता है, वह श्रेष्ठ है ॥ १२० ॥

**दानं होमं दैवतं मङ्गलानि**
**प्रायश्चित्तान् विविधाँल्लोकवादान्।**
**एतानि यः कुरुते नैत्यकानि**
**तस्योत्थानं देवता राधयन्ति ॥ १२१ ॥**

जो दान, होम, देवपूजन, माङ्गलिक कर्म, प्रायश्चित्त तथा अनेक प्रकारके लौकिक आचार—इन नित्य किये जानेयोग्य कर्मोंको करता है, देवतालोग उसके अभ्युदयकी सिद्धि करते हैं ॥ १२१ ॥

**समैर्विवाहं कुरुते न हीनैः**
**समैः सख्यं व्यवहारं कथां च।**
**गुणैर्विशिष्टांश्च पुरो दधाति**
**विपश्चितस्तस्य नयाः सुनीताः ॥ १२२ ॥**

जो अपने बराबरवालोंके साथ विवाह, मित्रता, व्यवहार तथा बातचीत करता है, हीन पुरुषोंके साथ नहीं; और गुणोंमें बढ़े-चढ़े पुरुषोंको सदा आगे रखता है, उस विद्वान्‌की नीति श्रेष्ठ है ॥ १२२ ॥

**मितं भुङ्क्ते संविभज्याश्रितेभ्यो**
**मितं स्वपित्यमितं कर्म कृत्वा ।**
**ददात्यमित्रेष्वपि याचितः सं-**
**स्तमात्मवन्तं प्रजहत्यनर्थाः ॥ १२३ ॥**

जो अपने आश्रितजनोंको बाँटकर थोड़ा ही भोजन करता है, बहुत अधिक काम करके भी थोड़ा सोता है तथा माँगनेपर जो मित्र नहीं है, उसे भी धन देता है, उस मनस्वी पुरुषको सारे अनर्थ दूरसे ही छोड़ देते हैं ॥ १२३ ॥

**चिकीर्षितं विप्रकृतं च यस्य**
**नान्ये जनाः कर्म जानन्ति किञ्चित् ।**
**मन्त्रे गुप्ते सम्यगनुष्ठिते च**
**नाल्पोऽप्यस्य च्यवते कश्चिदर्थः ॥ १२४ ॥**

जिसके अपनी इच्छाके अनुकूल और दूसरोंकी इच्छाके विरुद्ध कार्यको दूसरे लोग कुछ भी नहीं जान पाते, मन्त्र गुप्त रहने और अभीष्ट कार्यका ठीक-ठीक सम्पादन होनेके कारण उसका थोड़ा भी काम बिगड़ने नहीं पाता ॥ १२४ ॥

**यः सर्वभूतप्रशमे निविष्टः**
**सत्यो मृदुर्मानकृच्छुद्धभावः ।**
**अतीव स ज्ञायते ज्ञातिमध्ये**
**महामणिर्जात्य इव प्रसन्नः ॥ १२५ ॥**

जो मनुष्य सम्पूर्ण भूतोंको शान्ति प्रदान करनेमें तत्पर, सत्यवादी, कोमल, दूसरोंको आदर देनेवाला तथा पवित्र विचारवाला होता है, वह अच्छी

खानसे निकले और चमकते हुए श्रेष्ठ रत्नकी भाँति अपनी जातिवालोंमें अधिक प्रसिद्धि पाता है॥ १२५॥

**य आत्मनापत्रपते भृशं नरः**
**स सर्वलोकस्य गुरुर्भवत्युत।**
**अनन्ततेजाः सुमनाः समाहितः**
**स तेजसा सूर्य इवावभासते॥ १२६॥**

जो स्वयं ही अधिक लज्जाशील है, वह सब लोगोंमें श्रेष्ठ समझा जाता है। वह अपने अनन्त तेज, शुद्ध हृदय एवं एकाग्रतासे युक्त होनेके कारण कान्तिमें सूर्यके समान शोभा पाता है॥ १२६॥

**वने जाताः शापदग्धस्य राज्ञः**
**पाण्डोः पुत्राः पञ्च पञ्चेन्द्रकल्पाः।**
**त्वयैव बाला वर्धिताः शिक्षिताश्च**
**तवादेशं पालयन्त्याम्बिकेय॥ १२७॥**

अम्बिकानन्दन! शापसे दग्ध राजा पाण्डुके जो पाँच पुत्र वनमें उत्पन्न हुए; वे पाँच इन्द्रोंके समान शक्तिशाली हैं, उन्हें आपहीने बचपनसे पाला और शिक्षा दी है, वे भी सदा आपकी आज्ञाका पालन करते रहते हैं॥ १२७॥

**प्रदायैषामुचितं तात राज्यं**
**सुखी पुत्रैः सहितो मोदमानः।**
**न देवानां नापि च मानुषाणां**
**भविष्यसि त्वं तर्कणीयो नरेन्द्र॥ १२८॥**

तात! उन्हें उनका न्यायोचित राज्यभाग देकर आप अपने पुत्रोंके साथ आनन्द भोगिये। नरेन्द्र! ऐसा करनेपर आप देवता या मनुष्योंकी टीका-टिप्पणीके विषय नहीं रह जायँगे॥ १२८

इति श्रीमहाभारते उद्योगपर्वणि प्रजागरपर्वणि विदुरनीतिवाक्ये त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः॥ ३३॥

# दूसरा अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

**जाग्रतो दह्यमानस्य यत् कार्यमनुपश्यसि।**
**तद् ब्रूहि त्वं हि नस्तात धर्मार्थकुशलो ह्यसि॥ १॥**

**धृतराष्ट्र बोले**—तात! मैं चिन्तासे जलता हुआ अभीतक जाग रहा हूँ, तुम मेरे करनेयोग्य जो कार्य समझो, उसे बताओ; क्योंकि हमलोगोंमें तुम्हीं धर्म और अर्थके ज्ञानमें निपुण हो॥ १॥

**त्वं मां यथावद् विदुर प्रशाधि**
**प्रज्ञापूर्वं सर्वमजातशत्रोः।**
**यन्मन्यसे पथ्यमदीनसत्त्व**
**श्रेयस्करं ब्रूहि तद् वै कुरूणाम्॥ २॥**

उदारचित्त विदुर! तुम अपनी बुद्धिसे विचारकर मुझे ठीक-ठीक उपदेश करो। जो बात युधिष्ठिरके लिये हितकर और कौरवोंके लिये कल्याणकारी समझो, वह सब अवश्य बताओ॥ २॥

**पापाशङ्की पापमेवानुपश्यन्**
**पृच्छामि त्वां व्याकुलेनात्मनाहम्।**
**कवे तन्मे ब्रूहि सर्वं यथाव**
**न्मनीषितं सर्वमजातशत्रोः॥ ३॥**

विद्वन्! मेरे मनमें अनिष्टकी आशङ्का बनी रहती है, इसलिये मैं सर्वत्र अनिष्ट ही देखता हूँ, अतः व्याकुल हृदयसे मैं तुमसे पूछ रहा हूँ—अजातशत्रु युधिष्ठिर क्या चाहते हैं? सो सब ठीक-ठीक बताओ॥ ३॥

विदुर उवाच

**शुभं वा यदि वा पापं द्वेष्यं वा यदि वा प्रियम्।**
**अपृष्टस्तस्य तद् ब्रूयाद् यस्य नेच्छेत्पराभवम्॥ ४॥**

**विदुरजीने कहा**—मनुष्योंको चाहिये कि वह जिसकी पराजय नहीं

चाहता, उसको बिना पूछे भी कल्याण करनेवाली या अनिष्ट करनेवाली अच्छी अथवा बुरी—जो भी बात हो, बता दे ॥ ४ ॥

**तस्माद् वक्ष्यामि ते राजन् हितं यत्स्यात् कुरून्प्रति ।**
**वचः श्रेयस्करं धर्म्यं ब्रुवतस्तन्निबोध मे ॥ ५ ॥**

इसलिये राजन् ! जिससे समस्त कौरवोंका हित हो, वही बात आपसे कहूँगा। मैं जो कल्याणकारी एवं धर्मयुक्त वचन कह रहा हूँ, उन्हें आप ध्यान देकर सुनें— ॥ ५ ॥

**मिथ्योपेतानि कर्माणि सिध्येयुर्यानि भारत ।**
**अनुपायप्रयुक्तानि मा स्म तेषु मनः कृथाः ॥ ६ ॥**

भारत ! असत् उपायों (जूआ आदि) का प्रयोग करके जो कपटपूर्ण कार्य सिद्ध होते हैं, उनमें आप मन मत लगाइये ॥ ६ ॥

**तथैव योगविहितं यत्तु कर्म न सिध्यति ।**
**उपाययुक्तं मेधावी न तत्र ग्लपयेन्मनः ॥ ७ ॥**

इसी प्रकार अच्छे उपायोंका उपयोग करके सावधानीके साथ किया गया कोई कर्म यदि सफल न हो तो बुद्धिमान् पुरुषको उसके लिये मनमें ग्लानि नहीं करनी चाहिये ॥ ७ ॥

**अनुबन्धानपेक्षेत सानुबन्धेषु कर्मसु ।**
**सम्प्रधार्य च कुर्वीत न वेगेन समाचरेत् ॥ ८ ॥**

किसी प्रयोजनसे किये गये कर्मोंमें पहले प्रयोजनको समझ लेना चाहिये। खूब सोच-विचारकर काम करना चाहिये, जल्दबाजीसे किसी कामका आरम्भ नहीं करना चाहिये ॥ ८ ॥

**अनुबन्धं च सम्प्रेक्ष्य विपाकं चैव कर्मणाम् ।**
**उत्थानमात्मनश्चैव धीरः कुर्वीत वा न वा ॥ ९ ॥**

धीर मनुष्यको उचित है कि पहले कर्मोंके प्रयोजन, परिणाम तथा अपनी उन्नतिका विचार करके फिर काम आरम्भ करे या न करे ॥ ९ ॥

**यः प्रमाणं न जानाति स्थाने वृद्धौ तथा क्षये।**
**कोशे जनपदे दण्डे न स राज्येऽवतिष्ठते॥ १०॥**

जो राजा स्थिति, लाभ, हानि, खजाना, देश तथा दण्ड आदिकी मात्राको नहीं जानता, वह राज्यपर स्थित नहीं रह सकता॥ १०॥

**यस्त्वेतानि प्रमाणानि यथोक्तान्यनुपश्यति।**
**युक्तो धर्मार्थयोर्ज्ञाने स राज्यमधिगच्छति॥ ११॥**

जो इनके प्रमाणोंको ठीक-ठीक जानता है तथा धर्म और अर्थके ज्ञानमें दत्तचित्त रहता है, वह राज्यको प्राप्त करता है॥ ११॥

**न राज्यं प्राप्तमित्येव वर्तितव्यमसाम्प्रतम्।**
**श्रियं ह्यविनयो हन्ति जरा रूपमिवोत्तमम्॥ १२॥**

'अब तो राज्य प्राप्त हो ही गया'—ऐसा समझकर अनुचित बर्ताव नहीं करना चाहिये। उद्दण्डता सम्पत्तिको उसी प्रकार नष्ट कर देती है, जैसे सुन्दर रूपको बुढ़ापा॥ १२॥

**भक्ष्योत्तमप्रतिच्छन्नं मत्स्यो बडिशमायसम्।**
**लोभाभिपाती ग्रसते नानुबन्धमवेक्षते॥ १३॥**

मछली बढ़िया चारेसे ढकी हुई लोहेकी काँटीको लोभमें पड़कर निगल जाती है, उससे होनेवाले परिणामपर विचार नहीं करती॥ १३॥

**यच्छक्यं ग्रसितुं ग्रस्यं ग्रस्तं परिणमेच्च यत्।**
**हितं च परिणामे यत् तदाद्यं भूतिमिच्छता॥ १४॥**

अतः अपनी उन्नति चाहनेवाले पुरुषको वही वस्तु खानी (या ग्रहण करनी) चाहिये, जो खाने योग्य हो तथा खायी जा सके, खाने (या ग्रहण करने) पर पच सके और पच जानेपर हितकारी हो॥ १४॥

**वनस्पतेरपक्वानि फलानि प्रचिनोति यः।**
**स नाप्नोति रसं तेभ्यो बीजं चास्य विनश्यति॥ १५॥**

जो पेड़से कच्चे फलोंको तोड़ता है, वह उन फलोंसे रस तो पाता नहीं

उलटे उस वृक्षके बीजका नाश होता है॥ १५॥

**यस्तु पक्कमुपादत्ते काले परिणतं फलम्।**
**फलाद् रसं स लभते बीजाच्चैव फलं पुनः॥ १६॥**

परन्तु जो समयपर पके हुए फलको ग्रहण करता है, वह फलसे रस पाता है और उस बीजसे पुनः फल प्राप्त करता है॥ १६॥

**यथा मधु समादत्ते रक्षन् पुष्पाणि षट्पदः।**
**तद्वदर्थान्मनुष्येभ्य आदद्यादविहिंसया॥ १७॥**

जैसे भौंरा फूलोंकी रक्षा करता हुआ ही उनके मधुका आस्वादन करता है, उसी प्रकार राजा भी प्रजाजनोंको कष्ट दिये बिना ही उनसे धन ले॥ १७॥

**पुष्पं पुष्पं विचिन्वीत मूलच्छेदं न कारयेत्।**
**मालाकार इवारामे न यथाङ्गारकारकः॥ १८॥**

जैसे माली बगीचेमें एक-एक फूल तोड़ता है, उसकी जड़ नहीं काटता, उसी प्रकार राजा प्रजाकी रक्षापूर्वक उनसे कर ले। कोयला बनानेवालेकी तरह जड़ नहीं काटनी चाहिये॥ १८॥

**किन्नु मे स्यादिदं कृत्वा किन्नु मे स्यादकुर्वतः।**
**इति कर्माणि संचिन्त्य कुर्याद् वा पुरुषो न वा॥ १९॥**

इसे करनेसे मेरा क्या लाभ होगा और न करनेसे क्या हानि होगी—इस प्रकार कर्मोंके विषयमें भलीभाँति विचार करके फिर मनुष्य करे या न करे॥ १९॥

**अनारभ्या भवन्त्यर्थाः केचिन्नित्यं तथागताः।**
**कृतः पुरुषकारो हि भवेद् येषु निरर्थकः॥ २०॥**

कुछ ऐसे व्यर्थ कार्य हैं, जो नित्य अप्राप्त होनेके कारण आरम्भ करनेयोग्य नहीं होते, क्योंकि उनके लिये किया हुआ पुरुषार्थ भी व्यर्थ हो जाता है॥ २०॥

**प्रसादो निष्फलो यस्य क्रोधश्चापि निरर्थकः।**
**न तं भर्तारमिच्छन्ति षण्ढं पतिमिव स्त्रियः॥ २१॥**

जिसकी प्रसन्नताका कोई फल नहीं और क्रोध भी व्यर्थ है, उसको प्रजा स्वामी बनाना नहीं चाहती—जैसे स्त्री नपुंसकको पति नहीं बनाना चाहती ॥ २१ ॥

**कांश्चिदर्थान्नरः प्राज्ञो लघुमूलान्महाफलान् ।**
**क्षिप्रमारभते कर्तुं न विघ्नयति तादृशान् ॥ २२ ॥**

जिनका मूल (साधन) छोटा और फल महान् हो, बुद्धिमान् पुरुष उनको शीघ्र ही आरम्भ कर देता है, वैसे कामोंमें वह विघ्न नहीं आने देता ॥ २२ ॥

**ऋजु पश्यति यः सर्वं चक्षुषानुपिबन्निव ।**
**आसीनमपि तूष्णीकमनुरज्यन्ति तं प्रजाः ॥ २३ ॥**

जो राजा मानो आँखोंसे पी जायगा—इस प्रकार प्रेमके साथ कोमल दृष्टिसे देखता है, वह चुपचाप बैठा रहे तो भी प्रजा उससे अनुराग रखती है ॥ २३ ॥

**सुपुष्पितः स्यादफलः फलितः स्याद् दुरारुहः ।**
**अपक्वः पक्वसंकाशो न तु शीर्येत कर्हिचित् ॥ २४ ॥**

राजा वृक्षकी भाँति अच्छी तरह फूलने (प्रसन्न रहने) पर भी फलसे खाली रहे (अधिक देनेवाला न हो) यदि फलसे युक्त (देनेवाला) हो तो भी जिसपर चढ़ा न जा सके, ऐसा (पहुँचके बाहर) होकर रहे। कच्चा (कम शक्तिवाला) होनेपर भी पके (शक्तिसम्पन्न) की भाँति अपनेको प्रकट करे। ऐसा करनेसे वह नष्ट नहीं होता ॥ २४ ॥

**चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम् ।**
**प्रसादयति यो लोकं तं लोकोऽनुप्रसीदति ॥ २५ ॥**

जो राजा नेत्र, मन, वाणी और कर्म—इन चारोंसे प्रजाको प्रसन्न करता है, उसीसे प्रजा प्रसन्न रहती है ॥ २५ ॥

**यस्मात् त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव ।**
**सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते ॥ २६ ॥**

जैसे व्याधसे हरिन भयभीत होता है, उसी प्रकार जिससे समस्त प्राणी डरते हैं, वह समुद्रपर्यन्त पृथ्वीका राज्य पाकर भी प्रजाजनोंके द्वारा त्याग दिया जाता है ॥ २६ ॥

**पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।**
**वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः ॥ २७ ॥**

अन्यायमें स्थित हुआ राजा बाप-दादोंका राज्य पाकर भी अपने ही कर्मोंसे उसे इस तरह भ्रष्ट कर देता है, जैसे हवा बादलको छिन्न-भिन्न कर देती है ॥ २७ ॥

**धर्ममाचरतो राज्ञः सद्भिश्चरितमादितः।**
**वसुधा वसुसम्पूर्णा वर्धते भूतिवर्धिनी ॥ २८ ॥**

परम्परासे सज्जन पुरुषोंद्वारा किये हुए धर्मका आचरण करनेवाले राजाके राज्यकी पृथ्वी धन-धान्यसे पूर्ण होकर उन्नतिको प्राप्त होती है और उसके ऐश्वर्यको बढ़ाती है ॥ २८ ॥

**अथ संत्यजतो धर्ममधर्मं चानुतिष्ठतः।**
**प्रतिसंवेष्टते भूमिरग्नौ चर्माहितं यथा ॥ २९ ॥**

जो राजा धर्मको छोड़ता और अधर्मका अनुष्ठान करता है, उसकी राज्यभूमि आगपर रखे हुए चमड़ेकी भाँति संकुचित हो जाती है ॥ २९ ॥

**य एव यत्नः क्रियते परराष्ट्रविमर्दने।**
**स एव यत्नः कर्तव्यः स्वराष्ट्रपरिपालने ॥ ३० ॥**

जो यत्न दूसरे राष्ट्रोंका नाश करनेके लिये किया जाता है, वही अपने राज्यकी रक्षाके लिये करना उचित है ॥ ३० ॥

**धर्मेण राज्यं विन्देत धर्मेण परिपालयेत्।**
**धर्ममूलां श्रियं प्राप्य न जहाति न हीयते ॥ ३१ ॥**

धर्मसे ही राज्य प्राप्त करे और धर्मसे ही उसकी रक्षा करे; क्योंकि धर्ममूलक राज्यलक्ष्मीको पाकर न तो राजा उसे छोड़ता है और न वही राजाको

छोड़ती है ॥ ३१ ॥

**अप्युन्मत्तात् प्रलपतो बालाच्च परिजल्पतः ।**
**सर्वतः सारमादद्यादश्मभ्य इव काञ्चनम् ॥ ३२ ॥**

निरर्थक बोलनेवाले, पागल तथा बकवाद करनेवाले बच्चेसे भी सब ओरसे उसी भाँति तत्त्वकी बात ग्रहण करनी चाहिये, जैसे पत्थरोंमेंसे सोना ले लिया जाता है ॥ ३२ ॥

**सुव्याहृतानि सूक्तानि सुकृतानि ततस्ततः ।**
**संचिन्वन् धीर आसीत शिलाहारी शिलं यथा ॥ ३३ ॥**

जैसे उञ्छवृत्तिसे जीविका चलानेवाला एक-एक दाना चुगता रहता है, उसी प्रकार धीर पुरुषको जहाँ-तहाँसे भावपूर्ण वचनों, सूक्तियों और सत्कर्मोंका संग्रह करते रहना चाहिये ॥ ३३ ॥

**गन्धेन गावः पश्यन्ति वेदैः पश्यन्ति ब्राह्मणाः ।**
**चारैः पश्यन्ति राजानश्चक्षुर्भ्यामितरे जनाः ॥ ३४ ॥**

गौएँ गन्धसे, ब्राह्मणलोग वेदोंसे, राजा जासूसोंसे और अन्य साधारण लोग आँखोंसे देखा करते हैं ॥ ३४ ॥

**भूयांसं लभते क्लेशं या गौर्भवति दुर्दुहा ।**
**अथ या सुदुहा राजन् नैव तां वितुदन्त्यपि ॥ ३५ ॥**

राजन् ! जो गाय बड़ी कठिनाईसे दुहने देती है, वह बहुत क्लेश उठाती हैं; किंतु जो आसानीसे दूध देती है, उसे लोग कष्ट नहीं देते ॥ ३५ ॥

**यदतप्तं प्रणमति न तत् संतापयन्त्यपि ।**
**यच्च स्वयं नतं दारु न तत् संनमयन्त्यपि ॥ ३६ ॥**

जो धातु बिना गरम किये मुड़ जाते हैं, उन्हें आगमें नहीं तपाते । जो काठ स्वयं झुका होता है, उसे लोग झुकानेका प्रयत्न नहीं करते ॥ ३६ ॥

**एतयोपमया धीरः संनमेत बलीयसे ।**
**इन्द्राय स प्रणमते नमते यो बलीयसे ॥ ३७ ॥**

इस दृष्टान्तके अनुसार बुद्धिमान् पुरुषको अधिक बलवान्के सामने झुक जाना चाहिये; जो अधिक बलवान्के सामने झुकता है, वह मानो इन्द्रदेवताको प्रणाम करता है ॥ ३७ ॥

**पर्जन्यनाथाः पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवाः ।**
**पतयो बान्धवाः स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवाः ॥ ३८ ॥**

पशुओंके रक्षक या स्वामी हैं बादल, राजाओंके सहायक हैं मन्त्री, स्त्रियोंके बन्धु (रक्षक) हैं पति और ब्राह्मणोंके बान्धव हैं वेद ॥ ३८ ॥

**सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।**
**मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥ ३९ ॥**

सत्यसे धर्मकी रक्षा होती है, योगसे विद्या सुरक्षित होती है, सफाईसे सुन्दर रूपकी रक्षा होती है और सदाचारसे कुलकी रक्षा होती है ॥ ३९ ॥

**मानेन रक्ष्यते धान्यमश्वान् रक्षत्यनुक्रमः ।**
**अभीक्ष्णदर्शनं गाश्च स्त्रियो रक्ष्याः कुचैलतः ॥ ४० ॥**

तौलनेसे नाजकी रक्षा होती है, फेरनेसे घोड़े सुरक्षित रहते हैं, बारम्बार देखभाल करनेसे गौओंकी तथा मैले वस्त्रसे स्त्रियोंकी रक्षा होती है ॥ ४० ॥

**न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः ।**
**अन्त्येष्वपि हि जातानां वृत्तमेव विशिष्यते ॥ ४१ ॥**

मेरा ऐसा विचार है कि सदाचारसे हीन मनुष्यका केवल ऊँचा कुल मान्य नहीं हो सकता; क्योंकि नीच कुलमें उत्पन्न मनुष्योंका भी सदाचार श्रेष्ठ माना जाता है ॥ ४१ ॥

**य ईर्षुः परवित्तेषु रूपे वीर्ये कुलान्वये ।**
**सुखसौभाग्यसत्कारे तस्य व्याधिरनन्तकः ॥ ४२ ॥**

जो दूसरोंके धन, रूप, पराक्रम, कुलीनता, सुख, सौभाग्य और सम्मानपर डाह करता है, उसका यह रोग असाध्य है ॥ ४२ ॥

**अकार्यकरणाद् भीतः कार्याणां च विवर्जनात् ।**
**अकाले मन्त्रभेदाच्च येन माद्येन्न तत् पिबेत् ॥ ४३ ॥**

न करनेयोग्य काम करनेसे, करनेयोग्य काममें प्रमाद करनेसे तथा कार्य सिद्ध होनेके पहले ही मन्त्र प्रकट हो जानेसे डरना चाहिये और जिससे नशा चढ़े, ऐसा पेय नहीं पीना चाहिये ॥ ४३ ॥

**विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।**
**मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः ॥ ४४ ॥**

विद्याका मद, धनका मद और तीसरा ऊँचे कुलका मद है। ये घमण्डी पुरुषोंके लिये तो मद हैं, परंतु सज्जन पुरुषोंके लिये दमके साधन हैं ॥ ४४ ॥

**असन्तोऽभ्यर्थिताः सद्भिः क्वचित्कार्ये कदाचन।**
**मन्यन्ते सन्तमात्मानमसन्तमपि विश्रुतम् ॥ ४५ ॥**

कभी किसी कार्यमें सज्जनोंद्वारा प्रार्थित होनेपर दुष्टलोग अपनेको प्रसिद्ध दुष्ट जानते हुए भी सज्जन मानने लगते हैं ॥ ४५ ॥

**गतिरात्मवतां सन्तः सन्त एव सतां गतिः।**
**असतां च गतिः सन्तो न त्वसन्तः सतां गतिः ॥ ४६ ॥**

मनस्वी पुरुषोंको सहारा देनेवाले सन्त हैं, सन्तोंके भी सहारे सन्त ही हैं; दुष्टोंको भी सहारा देनेवाले सन्त हैं, पर दुष्टलोग सन्तोंको सहारा नहीं देते ॥ ४६ ॥

**जिता सभा वस्त्रवता मिष्टाशा गोमता जिता।**
**अध्वा जितो यानवता सर्वं शीलवताजितम् ॥ ४७ ॥**

अच्छे वस्त्रवाला सभाको जीतता (अपना प्रभाव जमा लेता) है, जिसके पास गौ है, वह मीठे स्वादकी आकाङ्क्षाको जीत लेता है; सवारीसे चलनेवाला मार्गको जीत लेता (तय कर लेता) है और शीलवान् पुरुष सबपर विजय पा लेता है ॥ ४७ ॥

**शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।**
**न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः ॥ ४८ ॥**

पुरुषमें शील ही प्रधान है, जिसका वही नष्ट हो जाता है, इस संसारमें

उसका जीवन, धन और बन्धुओंसे कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता ॥ ४८ ॥

**आढ्यानां मांसपरमं मध्यानां गोरसोत्तरम्।**
**तैलोत्तरं दरिद्राणां भोजनं भरतर्षभ ॥ ४९ ॥**

भरतश्रेष्ठ ! धनोन्मत्त पुरुषोंके भोजनमें माँसकी, मध्यम श्रेणीवालोंके भोजनमें गोरसकी तथा दरिद्रोंके भोजनमें तेलकी प्रधानता होती है ॥ ४९ ॥

**सम्पन्नतरमेवान्नं दरिद्रा भुञ्जते सदा।**
**क्षुत् स्वादुतां जनयति सा चाढ्येषु सुदुर्लभा ॥ ५० ॥**

दरिद्र पुरुष सदा स्वादिष्ट ही भोजन करते हैं, क्योंकि भूख उनके भोजनमें स्वाद उत्पन्न कर देती है और वह (भूख) धनियोंके लिये सर्वथा दुर्लभ है ॥ ५० ॥

**प्रायेण श्रीमतां लोके भोक्तुं शक्तिर्न विद्यते।**
**जीर्यन्त्यपि हि काष्ठानि दरिद्राणां महीपते ॥ ५१ ॥**

राजन् ! संसारमें धनियोंको प्रायः भोजन करनेकी शक्ति नहीं होती, किन्तु दरिद्रोंके पेटमें काठ भी पच जाते हैं ॥ ५१ ॥

**अवृत्तिर्भयमन्त्यानां मध्यानां मरणाद् भयम्।**
**उत्तमानां तु मर्त्यानामवमानात् परं भयम् ॥ ५२ ॥**

अधम पुरुषोंको जीविका न होनेसे भय लगता है, मध्यम श्रेणीके मनुष्योंको मृत्युसे भय होता है, परंतु उत्तम पुरुषोंको अपमानसे ही महान् भय होता है ॥ ५२ ॥

**ऐश्वर्यमदपापिष्ठा मदाः पानमदादयः।**
**ऐश्वर्यमदमत्तो हि नापतित्वा विबुध्यते ॥ ५३ ॥**

यों तो पीनेका नशा आदि भी नशा ही है, किंतु ऐश्वर्यका नशा तो बहुत ही बुरा है; क्योंकि ऐश्वर्यके मदसे मतवाला पुरुष भ्रष्ट हुए बिना होशमें नहीं आता ॥ ५३ ॥

**इन्द्रियैरिन्द्रियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहैः।**
**तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव ॥ ५४ ॥**

वशमें न होनेके कारण विषयोंमें रमनेवाली इन्द्रियोंसे यह संसार उसी भाँति कष्ट पाता है, जैसे सूर्य आदि ग्रहोंसे नक्षत्र तिरस्कृत हो जाते हैं ॥ ५४ ॥

**यो जितः पञ्चवर्गेण सहजेनात्मकर्षिणा ।**
**आपदस्तस्य वर्धन्ते शुक्लपक्ष इवोडुराट् ॥ ५५ ॥**

जो मनुष्य जीवोंको वशमें करनेवाली सहज पाँच इन्द्रियोंसे जीत लिया गया, उसकी आपत्तियाँ शुक्लपक्षके चन्द्रमाकी भाँति बढ़ती हैं। ॥ ५५

**अविजित्य य आत्मानममात्यान् विजिगीषते ।**
**अमित्रान् वाजितामात्यः सोऽवशः परिहीयते ॥ ५६ ॥**

इन्द्रियोंसहित मनको जीते बिना ही जो मन्त्रियोंको जीतनेकी इच्छा करता है या मन्त्रियोंको अपने अधीन किये बिना शत्रुको जीतना चाहता है, उस अजितेन्द्रिय पुरुषको सब लोग त्याग देते हैं ॥ ५६ ॥

**आत्मानमेव प्रथमं द्वेष्यरूपेण यो जयेत् ।**
**ततोऽमात्यानमित्रांश्च न मोघं विजिगीषते ॥ ५७ ॥**

जो पहले इन्द्रियोंसहित मनको ही शत्रु समझकर जीत लेता है, उसके बाद यदि वह मन्त्रियों तथा शत्रुओंको जीतनेकी इच्छा करे तो उसे सफलता मिलती है ॥ ५७ ॥

**वश्येन्द्रियं जितात्मानं धृतदण्डं विकारिषु ।**
**परीक्ष्य कारिणं धीरमत्यन्तं श्रीर्निषेवते ॥ ५८ ॥**

इन्द्रियों तथा मनको जीतनेवाले, अपराधियोंको दण्ड देनेवाले और जाँच-परखकर काम करनेवाले धीर पुरुषकी लक्ष्मी अत्यन्त सेवा करती हैं ॥ ५८ ॥

**रथः शरीरं पुरुषस्य राज-**
**न्नात्मा नियतेन्द्रियाण्यस्य चाश्वाः ।**
**तैरप्रमत्तः कुशली सदश्वै-**
**र्दान्तैः सुखं याति रथीव धीरः ॥ ५९ ॥**

**************************************************************************

राजन्! मनुष्यका शरीर रथ है, बुद्धि सारथि है और इन्द्रियाँ इसके घोड़े हैं। इनको वशमें करके सावधान रहनेवाला चतुर एवं धीर पुरुष काबूमें किये हुए घोड़ोंसे रथीकी भाँति सुखपूर्वक यात्रा करता है॥ ५९॥

**एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।**
**अविधेया इवादान्ता हयाः पथि कुसारथिम्॥ ६०॥**

शिक्षा न पाये हुए तथा काबूमें न आनेवाले घोड़े जैसे मूर्ख सारथिको मार्गमें मार गिराते हैं, वैसे ही ये इन्द्रियाँ वशमें न रहनेपर पुरुषको मार डालनेमें भी समर्थ होती हैं॥ ६०॥

**अनर्थमर्थतः पश्यन्नर्थं चैवाप्यनर्थतः।**
**इन्द्रियैरजितैर्बालः सुदुःखं मन्यते सुखम्॥ ६१॥**

इन्द्रियाँ वशमें न होनेके कारण अर्थको अनर्थ और अनर्थको अर्थ समझकर अज्ञानी पुरुष बहुत बड़े दुःखको भी सुख मान बैठता है॥ ६१॥

**धर्मार्थौ यः परित्यज्य स्यादिन्द्रियवशानुगः।**
**श्रीप्राणधनदारेभ्यः क्षिप्रं स परिहीयते॥ ६२॥**

जो धर्म और अर्थका परित्याग करके इन्द्रियोंके वशमें हो जाता है वह शीघ्र ही ऐश्वर्य, प्राण, धन तथा स्त्रीसे ही हाथ धो बैठता है॥ ६२॥

**अर्थानामीश्वरो यः स्यादिन्द्रियाणामनीश्वरः।**
**इन्द्रियाणामनैश्वर्यादैश्वर्याद् भ्रश्यते हि सः॥ ६३॥**

जो अधिक धनका स्वामी होकर भी इन्द्रियोंपर अधिकार नहीं रखता, वह इन्द्रियोंको वशमें न रखनेके कारण ही ऐश्वर्यसे भ्रष्ट हो जाता है॥ ६३॥

**आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।**
**आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥ ६४॥**

मन, बुद्धि और इन्द्रियोंको अपने अधीन कर अपनेसे ही अपने आत्माको जाननेकी इच्छा करे; क्योंकि आत्मा ही अपना बन्धु और आत्मा ही अपना शत्रु है॥ ६४॥

**बन्धुरात्माऽऽत्मनस्तस्य येनैवात्माऽऽत्मना जितः।**
**स एव नियतो बन्धुः स एव नियतो रिपुः॥ ६५॥**

जिसने स्वयं अपने आत्माको जीत लिया है, उसका आत्मा ही उसका बन्धु है। वही सच्चा बन्धु और वही नियत शत्रु है॥ ६५॥

**क्षुद्राक्षेणेव जालेन झषावपिहितावुरू।**
**कामश्च राजन् क्रोधश्च तौ प्रज्ञानं विलुम्पतः॥ ६६॥**

राजन्! जिस प्रकार सूक्ष्म छेदवाले जालमें फँसी हुई दो बड़ी-बड़ी मछलियाँ मिलकर जालको काट डालती हैं, उसी प्रकार ये काम और क्रोध—दोनों विशिष्ट ज्ञानको लुप्त कर देते हैं॥ ६६॥

**समवेक्ष्येह धर्मार्थौ सम्भारान् योऽधिगच्छति।**
**स वै सम्भृतसम्भारः सततं सुखमेधते॥ ६७॥**

जो इस जगत्में धर्म तथा अर्थका विचार करके विजय-साधन-सामग्रीका संग्रह करता है, वही उस सामग्रीसे युक्त होनेके कारण सदा सुखपूर्वक समृद्धिशाली होता रहता है॥ ६७॥

**यः पञ्चाभ्यन्तराञ्छत्रूनविजित्य मनोमयान्।**
**जिगीषति रिपूनन्यान् रिपवोऽभिभवन्ति तम्॥ ६८॥**

जो चित्तके विकारभूत पाँच इन्द्रियरूपी भीतरी शत्रुओंको जीते बिना ही दूसरे शत्रुओंको जीतना चाहता है, उसे शत्रु पराजित कर देते हैं॥ ६८॥

**दृश्यन्ते हि महात्मानो बध्यमानाः स्वकर्मभिः।**
**इन्द्रियाणामनीशत्वाद् राजानो राज्यविभ्रमैः॥ ६९॥**

इन्द्रियोंपर अधिकार न होनेके कारण बड़े-बड़े साधु भी अपने कर्मोंसे तथा राजालोग राज्यके भोग-विलासोंसे बँधे रहते हैं॥ ६९॥

**असंत्यागात् पापकृतामपापां-**
**स्तुल्यो दण्डः स्पृशते मिश्रभावात्।**
**शुष्केणार्द्रं दह्यते मिश्रभावात्**
**तस्मात् पापैः सह सन्धिं न कुर्यात्॥ ७०॥**

************************************************************

पापाचारी दुष्टोंका त्याग न करके उनके साथ मिले रहनेसे निरपराध सज्जनोंको भी उनके समान ही दण्ड प्राप्त होता है, जैसे सूखी लकड़ीमें मिल जानेसे गीली भी जल जाती है; इसलिये दुष्ट पुरुषोंके साथ कभी मेल न करे ॥ ७० ॥

**निजानुत्पततः शत्रून् पञ्च पञ्चप्रयोजनान्।**
**यो मोहान्न निगृह्णाति तमापद् ग्रसते नरम् ॥ ७१ ॥**

जो पाँच विषयोंकी ओर दौड़नेवाले अपने पाँच इन्द्रियरूपी शत्रुओंको मोहके कारण वशमें नहीं करता, उस मनुष्यको विपत्ति ग्रस लेती है ॥ ७१ ॥

**अनसूयाऽऽर्जवं शौचं संतोषः प्रियवादिता।**
**दमः सत्यमनायासो न भवन्ति दुरात्मनाम् ॥ ७२ ॥**

गुणोंमें दोष न देखना, सरलता, पवित्रता, सन्तोष, प्रिय वचन बोलना, इन्द्रियदमन, सत्यभाषण तथा अचञ्चलता—ये गुण दुरात्मा पुरुषोंमें नहीं होते ॥ ७२ ॥

**आत्मज्ञानमसंरम्भस्तितिक्षा धर्मनित्यता।**
**वाक् चैव गुप्ता दानं च नैतान्यन्त्येषु भारत ॥ ७३ ॥**

भारत! आत्मज्ञान, अक्रोध, सहनशीलता, धर्मपरायणता, वचनकी रक्षा तथा दान—ये गुण अधम पुरुषोंमें नहीं होते ॥ ७३ ॥

**आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।**
**वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते ॥ ७४ ॥**

मूर्ख मनुष्य विद्वानोंको गाली और निन्दासे कष्ट पहुँचाते हैं। गाली देनेवाला पापका भागी होता है और क्षमा करनेवाला पापसे मुक्त हो जाता है ॥ ७४ ॥

**हिंसा बलमसाधूनां राज्ञां दण्डविधिर्बलम्।**
**शुश्रूषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम् ॥ ७५ ॥**

दुष्ट पुरुषोंका बल है हिंसा, राजाओंका बल है दण्ड देना, स्त्रियोंका बल है सेवा और गुणवानोंका बल है क्षमा ॥ ७५ ॥

**वाक्संयमो हि नृपते सुदुष्करतमो मतः ।**
**अर्थवच्च विचित्रं च न शक्यं बहु भाषितुम् ॥ ७६ ॥**

राजन् ! वाणीका पूर्ण संयम तो बहुत कठिन माना ही गया है, परंतु विशेष अर्थयुक्त और चमत्कारपूर्ण वाणी भी अधिक नहीं बोली जा सकती ॥ ७६ ॥

**अभ्यावहति कल्याणं विविधं वाक् सुभाषिता ।**
**सैव दुर्भाषिता राजन्ननर्थायोपपद्यते ॥ ७७ ॥**

राजन् ! मधुर शब्दोंमें कही हुई बात अनेक प्रकारसे कल्याण करती है; किंतु वही यदि कटु शब्दोंमें कही जाय तो महान् अनर्थका कारण बन जाती है ॥ ७७ ॥

**रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम् ।**
**वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम् ॥ ७८ ॥**

बाणोंसे बींधा हुआ तथा फरसेसे काटा हुआ वन भी पनप जाता है, किंतु कटु वचन कहकर वाणीसे किया हुआ भयानक घाव नहीं भरता ॥ ७८ ॥

**कर्णिनालीकनाराचान्निर्हरन्ति शरीरतः ।**
**वाक्शल्यस्तु न निर्हर्तुं शक्यो हृदिशयो हि सः ॥ ७९ ॥**

कर्णि, नालीक और नाराच नामक बाणोंको शरीरसे निकाल सकते हैं, परंतु कटु वचनरूपी काँटा नहीं निकाला जा सकता; क्योंकि वह हृदयके भीतर धँस जाता है ॥ ७९ ॥

**वाक्सायका वदनान्निष्पतन्ति**
**यैराहतः शोचति रात्र्यहानि ।**
**परस्य नामर्मसु ते पतन्ति**
**तान् पण्डितो नावसृजेत् परेभ्यः ॥ ८० ॥**

वचनरूपी बाण मुखसे निकलकर दूसरोंके मर्मपर ही चोट करते हैं, उनसे आहत मनुष्य रात-दिन घुलता रहता है। अतः विद्वान् पुरुष दूसरोंपर

उनका प्रयोग न करे ॥ ८० ॥

**यस्मै देवाः प्रयच्छन्ति पुरुषाय पराभवम्।**
**बुद्धिं तस्यापकर्षन्ति सोऽवाचीनानि पश्यति ॥ ८१ ॥**

देवतालोग जिसे पराजय देते हैं, उसकी बुद्धिको पहले ही हर लेते हैं; इससे वह नीच कर्मोंपर ही अधिक दृष्टि रखता है ॥ ८१ ॥

**बुद्धौ कलुषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।**
**अनयो नयसंकाशो हृदयान्नापसर्पति ॥ ८२ ॥**

विनाशकाल उपस्थित होनेपर बुद्धि मलिन हो जाती है; फिर तो न्यायके समान प्रतीत होनेवाला अन्याय हृदयसे बाहर नहीं निकलता ॥ ८२ ॥

**सेयं बुद्धिः परीता ते पुत्राणां भरतर्षभ।**
**पाण्डवानां विरोधेन न चैनानवबुध्यसे ॥ ८३ ॥**

भरतश्रेष्ठ ! आपके पुत्रोंकी वह बुद्धि पाण्डवोंके प्रति विरोधसे व्याप्त हो गयी है; आप इन्हें पहचान नहीं रहे हैं ॥ ८३ ॥

**राजा लक्षणसम्पन्नस्त्रैलोक्यस्यापि यो भवेत्।**
**शिष्यस्ते शासिता सोऽस्तु धृतराष्ट्र युधिष्ठिरः ॥ ८४ ॥**

महाराज धृतराष्ट्र ! जो राजलक्षणोंसे सम्पन्न होनेके कारण त्रिभुवनका भी राजा हो सकता है, वह आपका आज्ञाकारी युधिष्ठिर ही इस पृथ्वीका शासक होने योग्य है ॥ ८४ ॥

**अतीत्य सर्वान् पुत्रांस्ते भागधेयपुरस्कृतः।**
**तेजसा प्रज्ञया चैव युक्तो धर्मार्थतत्त्ववित् ॥ ८५ ॥**

वह धर्म तथा अर्थके तत्त्वको जाननेवाला, तेज और बुद्धिसे युक्त, पूर्ण सौभाग्यशाली तथा आपके सभी पुत्रोंसे बढ़-चढ़कर है ॥ ८५

**अनुक्रोशादानृशंस्याद् योऽसौ धर्मभृतां वरः।**
**गौरवात् तव राजेन्द्र बहून् क्लेशांस्तितिक्षति ॥ ८६ ॥**

राजेन्द्र ! धर्मधारियोंमें श्रेष्ठ युधिष्ठिर दया, सौम्यभाव तथा आपके प्रति गौरव-बुद्धिके कारण बहुत कष्ट सह रहा है ॥ ८६ ॥

*इति श्रीमहाभारते उद्योगपर्वणि प्रजागरपर्वणि विदुरनीतिवाक्ये चतुस्त्रिंशोऽध्यायः॥ ३४ ॥*

# तीसरा अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

**ब्रूहि भूयो महाबुद्धे धर्मार्थसहितं वचः।**
**शृण्वतो नास्ति मे तृप्तिर्विचित्राणीह भाषसे॥ १॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—महाबुद्धे! तुम पुनः धर्म और अर्थसे युक्त बातें कहो, इन्हें सुनकर मुझे तृप्ति नहीं होती। इस विषयमें तुम अद्भुत भाषण कर रहे हो॥ १॥

विदुर उवाच

**सर्वतीर्थेषु वा स्नानं सर्वभूतेषु चार्जवम्।**
**उभे त्वेते समे स्यातामार्जवं वा विशिष्यते॥ २॥**

**विदुरजी बोले**—सब तीर्थोंमें स्नान और सब प्राणियोंके साथ कोमलताका बर्ताव—ये दोनों एक समान हैं, अथवा कोमलताके बर्तावका विशेष महत्त्व है॥ २॥

**आर्जवं प्रतिपद्यस्व पुत्रेषु सततं विभो।**
**इह कीर्तिं परां प्राप्य प्रेत्य स्वर्गमवाप्स्यसि॥ ३॥**

विभो! आप अपने पुत्र कौरव-पाण्डव—दोनोंके साथ समानरूपसे कोमलताका बर्ताव कीजिये। ऐसा करनेसे इस लोकमें महान् सुयश प्राप्त करके मरनेके पश्चात् आप स्वर्गलोकमें जायँगे॥ ३॥

**यावत् कीर्तिर्मनुष्यस्य पुण्या लोके प्रगीयते।**
**तावत् स पुरुषव्याघ्र स्वर्गलोके महीयते॥ ४॥**

पुरुषश्रेष्ठ! इस लोकमें जबतक मनुष्यकी पावन कीर्तिका गान किया जाता है, तबतक वह स्वर्गलोकमें प्रतिष्ठित होता है॥ ४॥

**अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।**
**विरोचनस्य संवादं केशिन्यर्थे सुधन्वना॥ ५॥**

इस विषयमें उस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, जिसमें 'केशिनी' के लिये सुधन्वाके साथ विरोचनके विवादका वर्णन है॥ ५॥

**स्वयंवरे स्थिता कन्या केशिनी नाम नामतः ।**
**रूपेणाप्रतिमा राजन् विशिष्टपतिकाम्यया ॥ ६ ॥**

राजन्! एक समयकी बात है, केशिनी नामवाली एक अनुपम सुन्दरी कन्या सर्वश्रेष्ठ पतिको वरण करनेकी इच्छासे स्वयंवर-सभामें उपस्थित हुई ॥ ६ ॥

**विरोचनोऽथ दैतेयस्तदा तत्राजगाम ह ।**
**प्राप्तुमिच्छंस्ततस्तत्र दैत्येन्द्रं प्राह केशिनी ॥ ७ ॥**

उसी समय दैत्यकुमार विरोचन उसे प्राप्त करनेकी इच्छासे वहाँ आया। तब केशिनीने वहाँ दैत्यराजसे इस प्रकार बातचीत की ॥ ७ ॥

केशिन्युवाच

**किं ब्राह्मणाः स्विच्छ्रेयांसो दितिजाः स्विद्विरोचन ।**
**अथ केन स्म पर्यङ्कं सुधन्वा नाधिरोहति ॥ ८ ॥**

**केशिनी बोली**—विरोचन! ब्राह्मण श्रेष्ठ होते हैं या दैत्य? यदि ब्राह्मण श्रेष्ठ होते हैं तो सुधन्वा ब्राह्मण ही मेरी शय्यापर क्यों न बैठे? अर्थात् मैं सुधन्वासे विवाह क्यों न करूँ? ॥ ८ ॥

विरोचन उवाच

**प्राजापत्यास्तु वै श्रेष्ठा वयं केशिनि सत्तमाः ।**
**अस्माकं खल्विमे लोकाः के देवाः के द्विजातयः ॥ ९ ॥**

**विरोचनने कहा**—केशिनी! हम प्रजापतिकी श्रेष्ठ संतानें हैं, अतः सबसे उत्तम हैं। यह सारा संसार हमलोगोंका ही है। हमारे सामने देवता क्या हैं? और ब्राह्मण कौन चीज हैं? ॥ ९ ॥

केशिन्युवाच

**इहैवावां प्रतीक्षाव उपस्थाने विरोचन ।**
**सुधन्वा प्रातरागन्ता पश्येयं वां समागतौ ॥ १० ॥**

**केशिनी बोली**—विरोचन! इसी जगह हम दोनों प्रतीक्षा करें, कल

प्रातःकाल सुधन्वा यहाँ आवेगा, फिर मैं तुम दोनोंको एकत्र उपस्थित देखूँगी ॥ १० ॥

विरोचन उवाच

**तथा भद्रे करिष्यामि यथा त्वं भीरु भाषसे।**
**सुधन्वानं च मां चैव प्रातर्द्रष्टासि संगतौ ॥ ११ ॥**

**विरोचन बोला**—कल्याणि! तुम जैसा कहती हो, वही करूँगा। भीरु! प्रातःकाल तुम मुझे और सुधन्वाको एक साथ उपस्थित देखोगी ॥ ११ ॥

विदुर उवाच

**अतीतायां च शर्वर्यामुदिते सूर्यमण्डले।**
**अथाजगाम तं देशं सुधन्वा राजसत्तम।**
**विरोचनो यत्र विभो केशिन्या सहितः स्थितः ॥ १२ ॥**

**विदुरजी कहते हैं**—राजाओंमें श्रेष्ठ धृतराष्ट्र! इसके बाद जब रात बीती और सूर्यमण्डलका उदय हुआ, उस समय सुधन्वा उस स्थानपर आया जहाँ विरोचन केशिनीके साथ उपस्थित था ॥ १२ ॥

**सुधन्वा च समागच्छत् प्रह्लादिं केशिनीं तथा।**
**समागतं द्विजं दृष्ट्वा केशिनी भरतर्षभ।**
**प्रत्युत्थायासनं तस्मै पाद्यमर्घ्यं ददौ पुनः ॥ १३ ॥**

भरतश्रेष्ठ! सुधन्वा प्रह्लादकुमार विरोचन और केशिनीके पास आया। ब्राह्मणको आया देख केशिनी उठ खड़ी हुई और उसने उसे आसन, पाद्य और अर्घ्य निवेदन किया ॥ १३ ॥

सुधन्वोवाच

**अन्वालभे हिरण्मयं प्राह्लादे ते वरासनम्।**
**एकत्वमुपसम्पन्नो न त्वासेऽहं त्वया सह ॥ १४ ॥**

**सुधन्वा बोला**—प्रह्लादनन्दन! मैं तुम्हारे इस सुवर्णमय सुन्दर सिंहासनको

********************************************************************

केवल छू लेता हूँ, तुम्हारे साथ इसपर बैठ नहीं सकता; क्योंकि ऐसा होनेसे हम दोनों एक समान हो जायँगे ॥ १४ ॥

विरोचन उवाच

**तवार्हते तु फलकं कूर्चं वाप्यथवा बृसी।**
**सुधन्वन्न त्वमर्होऽसि मया सह समासनम् ॥ १५ ॥**

**विरोचनने कहा**—सुधन्वन्! तुम्हारे लिये तो पीढ़ा चटाई या कुशका आसन उचित है; तुम मेरे साथ बराबरके आसनपर बैठने योग्य हो ही नहीं ॥ १५ ॥

सुधन्वोवाच

**पितापुत्रौ सहासीतां द्वौ विप्रौ क्षत्रियावपि।**
**वृद्धौ वैश्यौ च शूद्रौ च न त्वन्यावितरेतरम् ॥ १६ ॥**

**सुधन्वाने कहा**—पिता और पुत्र एक साथ एक आसनपर बैठ सकते हैं; दो ब्राह्मण, दो क्षत्रिय, दो वृद्ध, दो वैश्य और दो शूद्र भी एक साथ बैठ सकते हैं, किन्तु दूसरे कोई दो व्यक्ति परस्पर एक साथ नहीं बैठ सकते ॥ १६ ॥

**पिता हि ते समासीनमुपासीतैव मामधः।**
**बालः सुखैधितो गेहे न त्वं किंचन बुध्यसे ॥ १७ ॥**

तुम्हारे पिता प्रह्लाद नीचे बैठकर ही मेरी सेवा किया करते हैं। तुम अभी बालक हो, घरमें सुखसे पले हो; अतः तुम्हें इन बातोंका कुछ भी ज्ञान नहीं है ॥ १७ ॥

विरोचन उवाच

**हिरण्यं च गवाश्वं च यद्वित्तमसुरेषु नः।**
**सुधन्वन् विपणे तेन प्रश्नं पृच्छाव ये विदुः ॥ १८ ॥**

**विरोचन बोला**—सुधन्वन्! हम असुरोंके पास जो कुछ भी सोना, गौ, घोड़ा आदि धन है, उसकी मैं बाजी लगाता हूँ, हम-तुम दोनों चलकर जो इस विषयके जानकार हों, उनसे पूछें कि हम दोनोंमें कौन श्रेष्ठ है? ॥ १८ ॥

सुधन्वोवाच

**हिरण्यं च गवाश्वं च तवैवास्तु विरोचन।**
**प्राणयोस्तु पणं कृत्वा प्रश्नं पृच्छाव ये विदुः॥ १९॥**

**सुधन्वा बोला**—विरोचन! सुवर्ण, गाय और घोड़ा तुम्हारे ही पास रहें, हम दोनों प्राणोंकी बाजी लगाकर जो जानकार हों, उनसे पूछें॥ १९॥

विरोचन उवाच

**आवां कुत्र गमिष्यावः प्राणयोर्विपणे कृते।**
**न तु देवेष्वहं स्थाता न मनुष्येषु कर्हिचित्॥ २०॥**

**विरोचनने कहा**—अच्छा, प्राणोंकी बाजी लगानेके पश्चात् हम दोनों कहाँ चलेंगे? मैं न तो देवताओंके पास जा सकता हूँ और न कभी मनुष्योंसे ही निर्णय करा सकता हूँ॥ २०॥

सुधन्वोवाच

**पितरं ते गमिष्यावः प्राणयोर्विपणे कृते।**
**पुत्रस्यापि स हेतोर्हि प्रह्लादो नानृतं वदेत्॥ २१॥**

**सुधन्वा बोला**—प्राणोंकी बाजी लग जानेपर हम दोनों तुम्हारे पिताके पास चलेंगे। [मुझे विश्वास है कि] प्रह्लाद अपने बेटेके लिये भी झूठ नहीं बोल सकते हैं॥ २१॥

विदुर उवाच

**एवं कृतपणौ क्रुद्धौ तत्राभिजग्मतुस्तदा।**
**विरोचनसुधन्वानौ प्रह्लादो यत्र तिष्ठति॥ २२॥**

**विदुरजी कहते हैं**—इस तरह बाजी लगाकर परस्पर क्रुद्ध हो विरोचन और सुधन्वा दोनों उस समय वहाँ गये, जहाँ प्रह्लादजी थे॥ २२॥

प्रह्लाद उवाच

**इमौ तौ सम्प्रदृश्येते याभ्यां न चरितं सह।**
**आशीविषाविव क्रुद्धावेकमार्गमिहागतौ॥ २३॥**

**प्रह्लादने (मन-ही-मन) कहा**—जो कभी भी एक साथ नहीं चले थे, वे ही दोनों ये सुधन्वा और विरोचन आज साँपकी तरह क्रुद्ध होकर एक ही राहसे आते दिखायी देते हैं॥ २३॥

**किं वै सहैवं चरथो न पुरा चरथः सह।**
**विरोचनैतत् पृच्छामि किं ते सख्यं सुधन्वना॥ २४॥**

[ **फिर विरोचनसे कहा**— ] विरोचन! मैं तुमसे पूछता हूँ, क्या सुधन्वाके साथ तुम्हारी मित्रता हो गयी है? फिर कैसे एक साथ आ रहे हो? पहले तो तुम दोनों कभी एक साथ नहीं चलते थे॥ २४॥

विरोचन उवाच

**न मे सुधन्वना सख्यं प्राणयोर्विपणावहे।**
**प्रह्लाद तत्त्वं पृच्छामि मा प्रश्नमनृतं वदः॥ २५॥**

**विरोचन बोला**—पिताजी! सुधन्वाके साथ मेरी मित्रता नहीं हुई है। हम दोनों प्राणोंकी बाजी लगाये आ रहे हैं। मैं आपसे यथार्थ बात पूछता हूँ। मेरे प्रश्नका झूठा उत्तर न दीजियेगा॥ २५॥

प्रह्लाद उवाच

**उदकं मधुपर्कं वाप्यानयन्तु सुधन्वने।**
**ब्रह्मन्नभ्यर्चनीयोऽसि श्वेता गौः पीवरी कृता॥ २६॥**

**प्रह्लादने कहा**—सेवको! सुधन्वाके लिये जल और मधुपर्क लाओ। [फिर सुधन्वासे कहा—] ब्रह्मन्! तुम मेरे पूजनीय अतिथि हो, मैंने तुम्हारे लिये सफेद गौ खूब मोटी-ताजी कर रखी है॥ २६॥

सुधन्वोवाच

**उदकं मधुपर्कं च पथिष्वेवार्पितं मम।**
**प्रह्लाद त्वं तु मे तथ्यं प्रश्नं प्रब्रूहि पृच्छतः।**
**किं ब्राह्मणाः स्विच्छ्रेयांस उताहो स्विद् विरोचनः॥ २७॥**

**सुधन्वा बोला**—प्रह्लाद! जल और मधुपर्क तो मुझे मार्गमें ही मिल

गया है। तुम तो जो मैं पूछ रहा हूँ, उस प्रश्नका ठीक-ठीक उत्तर दो—क्या ब्राह्मण श्रेष्ठ है अथवा विरोचन ? ॥ २७ ॥

प्रह्लाद उवाच

**पुत्र एको मम ब्रह्मंस्त्वं च साक्षादिहास्थितः ।**
**तयोर्विवदतोः प्रश्नं कथमस्मद्विधो वदेत् ॥ २८ ॥**

**प्रह्लाद बोले**—ब्रह्मन् ! मेरे एक ही पुत्र है और इधर तुम स्वयं उपस्थित हो; भला तुम दोनोंके विवादमें मेरे-जैसा मनुष्य कैसे निर्णय दे सकता है ? ॥ २८ ॥

सुधन्वोवाच

**गां प्रदद्यास्त्वौरसाय यद्वान्यत् स्यात् प्रियं धनम् ।**
**द्वयोर्विवदतोस्तथ्यं वाच्यं च मतिमंस्त्वया ॥ २९ ॥**

**सुधन्वा बोला**—मतिमन् ! तुम्हारे पास गौ तथा दूसरा जो कुछ भी प्रिय धन हो, वह सब अपने औरस पुत्र विरोचनको दे दो; परंतु हम दोनोंके विवादमें तो तुम्हें ठीक-ठीक उत्तर देना ही चाहिये ॥ २९ ॥

प्रह्लाद उवाच

**अथ यो नैव प्रब्रूयात् सत्यं वा यदि वानृतम् ।**
**एतत् सुधन्वन् पृच्छामि दुर्विवक्ता स्म किं वसेत् ॥ ३० ॥**

**प्रह्लादने कहा**—सुधन्वन् ! अब मैं तुमसे यह बात पूछता हूँ—जो सत्य न बोले अथवा असत्य निर्णय करे, ऐसे दुष्ट वक्ताकी क्या स्थिति होती है ? ॥ ३० ॥

सुधन्वोवाच

**यां रात्रिमधिविन्ना स्त्री यां चैवाक्षपराजितः ।**
**यां च भाराभितप्ताङ्गो दुर्विवक्ता स्म तां वसेत् ॥ ३१ ॥**

**सुधन्वा बोला**—सौतवाली स्त्री, जूएमें हारे हुए जुआरी और भार ढोनेसे व्यथित शरीरवाले मनुष्यकी रातमें जो स्थिति होती है, वही स्थिति

उलटा न्याय देनेवाले वक्ताकी भी होती है॥ ३१॥

**नगरे प्रतिरुद्धः सन् बहिर्द्वारि बुभुक्षितः।**
**अमित्रान् भूयसः पश्येद् यः साक्ष्यमनृतं वदेत्॥ ३२॥**

जो झूठा निर्णय देता है, वह राजा नगरमें कैद होकर बाहरी दरवाजेपर भूखका कष्ट उठाता हुआ बहुत-से शत्रुओंको देखता है॥ ३२॥

**पञ्च पश्वनृते हन्ति दश हन्ति गवानृते।**
**शतमश्वानृते हन्ति सहस्रं पुरुषानृते॥ ३३॥**

पशुके लिये झूठ बोलनेसे पाँच पीढ़ियोंको, गौके लिये झूठ बोलनेपर दस पीढ़ियोंको, घोड़ेके लिये असत्य भाषण करनेपर सौ पीढ़ियोंको और मनुष्यके लिये झूठ बोलनेपर एक हजार पीढ़ियोंको मनुष्य नरकमें ढकेलता है॥ ३३॥

**हन्ति जातानजातांश्च हिरण्यार्थेऽनृतं वदन्।**
**सर्वं भूम्यनृते हन्ति मा स्म भूम्यनृतं वदेः॥ ३४॥**

सोनेके लिये झूठ बोलनेवाला भूत और भविष्य सभी पीढ़ियोंको नरकमें गिराता है। पृथ्वी तथा स्त्रीके लिये झूठ कहनेवाला तो अपना सर्वनाश ही कर लेता है, इसलिये तुम भूमि या स्त्रीके लिये कभी झूठ न बोलना॥ ३४॥

प्रह्लाद उवाच

**मत्तः श्रेयानङ्गिरा वै सुधन्वा त्वद्विरोचन।**
**मातास्य श्रेयसी मातुस्तस्मात्त्वं तेन वै जितः॥ ३५॥**

**प्रह्लादने कहा**—विरोचन! सुधन्वाके पिता अङ्गिरा मुझसे श्रेष्ठ हैं, सुधन्वा तुमसे श्रेष्ठ है, इसकी माता भी तुम्हारी मातासे श्रेष्ठ है, अतः तुम आज सुधन्वासे हार गये॥ ३५॥

**विरोचन सुधन्वायं प्राणानामीश्वरस्तव।**
**सुधन्वन् पुनरिच्छामि त्वया दत्तं विरोचनम्॥ ३६॥**

विरोचन! अब सुधन्वा तुम्हारे प्राणोंका मालिक है। सुधन्वन्! अब यदि तुम दे दो तो मैं विरोचनको पाना चाहता हूँ॥ ३६॥

सुधन्वोवाच

**यद्धर्ममवृणीथास्त्वं न कामादनृतं वदीः।**
**पुनर्ददामि ते पुत्रं यस्मात् प्रह्लाद दुर्लभम्॥ ३७॥**

**सुधन्वा बोला**—प्रह्लाद! तुमने धर्मको ही स्वीकार किया है, स्वार्थवश झूठ नहीं कहा है; इसलिये अब इस दुर्लभ पुत्रको फिर तुम्हें दे रहा हूँ॥ ३७॥

**एष प्रह्लाद पुत्रस्ते मया दत्तो विरोचनः।**
**पादप्रक्षालनं कुर्यात् कुमार्याः संनिधौ मम॥ ३८॥**

प्रह्लाद! तुम्हारे इस पुत्र विरोचनको मैंने पुनः तुम्हें दे दिया; किंतु अब यह कुमारी केशिनीके निकट चलकर मेरा पैर धोवे॥ ३८॥

विदुर उवाच

**तस्माद् राजेन्द्र भूम्यर्थे नानृतं वक्तुमर्हसि।**
**मा गमः ससुतामात्यो नाशं पुत्रार्थमब्रुवन्॥ ३९॥**

**विदुरजी कहते हैं**—इसलिये राजेन्द्र! आप पृथ्वीके लिये झूठ न बोलें। बेटेके स्वार्थवश सच्ची बात न कहकर पुत्र और मन्त्रियोंके साथ विनाशके मुखमें न जायँ॥ ३९॥

**न देवा दण्डमादाय रक्षन्ति पशुपालवत्।**
**यं तु रक्षितुमिच्छन्ति बुद्ध्या संविभजन्ति तम्॥ ४०॥**

देवतालोग चरवाहोंकी तरह डण्डा लेकर पहरा नहीं देते। वे जिसकी रक्षा करना चाहते हैं, उसे उत्तम बुद्धिसे युक्त कर देते हैं॥ ४०॥

**यथा यथा हि पुरुषः कल्याणे कुरुते मनः।**
**तथा तथास्य सर्वार्थाः सिद्ध्यन्ते नात्र संशयः॥ ४१॥**

मनुष्य जैसे-जैसे कल्याणमें मन लगाता है, वैसे-ही-वैसे उसके सारे अभीष्ट सिद्ध होते हैं—इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है॥ ४१॥

**नैनं छन्दांसि वृजिनात् तारयन्ति**
**मायाविनं मायया वर्तमानम्।**
**नीडं शकुन्ता इव जातपक्षा-**
**श्छन्दांस्येनं प्रजहत्यन्तकाले॥ ४२॥**

*******************************************************************************

कपटपूर्ण व्यवहार करनेवाले मायावीको वेद पापोंसे मुक्त नहीं करते; किंतु जैसे पंख निकल आनेपर चिड़ियोंके बच्चे घोंसला छोड़ देते हैं, उसी प्रकार वेद भी अन्तकालमें उसे त्याग देते हैं॥ ४२॥

**मद्यपानं कलहं पूगवैरं**
**भार्यापत्योरन्तरं ज्ञातिभेदम्।**
**राजद्विष्टं स्त्रीपुंसयोर्विवादं**
**वर्ज्यान्याहुर्यश्च पन्थाः प्रदुष्टः॥ ४३॥**

शराब पीना, कलह, समूहके साथ वैर, पति-पत्नीमें भेद पैदा करना, कुटुम्बवालोंमें भेदबुद्धि उत्पन्न करना, राजाके साथ द्वेष, स्त्री और पुरुषमें विवाद और बुरे रास्ते—ये सब त्याग देने योग्य बताये गये हैं॥ ४३॥

**सामुद्रिकं वणिजं चोरपूर्वं**
**शलाकधूर्तं च चिकित्सकं च।**
**अरिं च मित्रं च कुशीलवं च**
**नैतान् साक्ष्ये त्वधिकुर्वीत सप्त॥ ४४॥**

हस्तरेखा देखनेवाला, चोरी करके व्यापार करनेवाला, जुआरी, वैद्य, शत्रु, मित्र, और नर्तक—इन सातोंको कभी भी गवाह न बनावे॥ ४४॥

**मानाग्निहोत्रमुत मानमौनं**
**मानेनाधीतमुत मानयज्ञः।**
**एतानि चत्वार्यभयंकराणि**
**भयं प्रयच्छन्त्ययथाकृतानि॥ ४५॥**

आदरके साथ अग्निहोत्र, आदरपूर्वक मौनका पालन, आदरपूर्वक स्वाध्याय और आदरके साथ यज्ञका अनुष्ठान—ये चार कर्म भयको दूर करनेवाले हैं; किंतु वे ही यदि ठीक तरहसे सम्पादित न हों तो भय प्रदान करनेवाले होते हैं॥ ४५॥

**अगारदाही गरदः कुण्डाशी सोमविक्रयी।**
**पर्वकारश्च सूची च मित्रध्रुक् पारदारिकः॥ ४६॥**
**भ्रूणहा गुरुतल्पी च यश्च स्यात् पानपो द्विजः।**
**अतितीक्ष्णश्च काकश्च नास्तिको वेदनिन्दकः॥ ४७॥**
**स्रुवप्रग्रहणो व्रात्यः कीनाशश्चात्मवानपि।**
**रक्षेत्युक्तश्च यो हिंस्यात् सर्वे ब्रह्महभिः समाः॥ ४८॥**

घरमें आग लगानेवाला, विष देनेवाला, जारज संतानकी कमाई खानेवाला, सोमरस बेचनेवाला, शस्त्र बनानेवाला, चुगली करनेवाला, मित्रद्रोही, परस्त्रीलम्पट, गर्भकी हत्या करनेवाला, गुरुस्त्रीगामी, ब्राह्मण होकर शराब पीनेवाला, अधिक तीखे स्वभाववाला, कौएकी तरह काँय-काँय करनेवाला, नास्तिक, वेदकी निन्दा करनेवाला, ग्राम पुरोहित, व्रात्य क्रूर तथा शक्ति रहते हुए रक्षाके लिये प्रार्थना करनेपर भी जो हिंसा करता है—ये सब-के-सब ब्रह्महत्यारोंके समान हैं॥ ४६—४८॥

**तृणोल्कया ज्ञायते जातरूपं**
**वृत्तेन भद्रो व्यवहारेण साधुः।**
**शूरो भयेष्वर्थकृच्छ्रेषु धीरः**
**कृच्छ्रेष्वापत्सु सुहृदश्चारयश्च॥ ४९॥**

जलती हुई आगसे सोनेकी पहचान होती है, सदाचारसे सत्पुरुषकी, व्यवहारसे साधुकी, भय आनेपर शूरकी, आर्थिक कठिनाईमें धीरकी और कठिन आपत्तिमें शत्रु एवं मित्रकी परीक्षा होती है॥ ४९॥

**जरा रूपं हरति हि धैर्यमाशा**
**मृत्युः प्राणान् धर्मचर्यामसूया।**
**क्रोधः श्रियं शीलमनार्यसेवा**
**ह्रियं कामः सर्वमेवाभिमानः॥ ५०॥**

बुढ़ापा (सुन्दर) रूपको, आशा धीरताको, मृत्यु प्राणोंको, दोष देखनेकी

आदत धर्माचरणको, क्रोध लक्ष्मीको, नीच पुरुषोंकी सेवा सत्स्वभावको, काम लज्जाको और अभिमान सर्वस्वको नष्ट कर देता है॥ ५०॥

**श्रीर्मङ्गलात् प्रभवति प्रागल्भ्यात् सम्प्रवर्धते।**
**दाक्ष्यात्तु कुरुते मूलं संयमात् प्रतितिष्ठति॥ ५१॥**

शुभ कर्मोंसे लक्ष्मीकी उत्पत्ति होती है, प्रगल्भतासे वह बढ़ती है, चतुरतासे जड़ जमा लेती है और संयमसे सुरक्षित रहती है॥ ५१॥

**अष्टौ गुणाः पुरुषं दीपयन्ति**
**प्रज्ञा च कौल्यं च दमः श्रुतं च।**
**पराक्रमश्चाबहुभाषिता च**
**दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च॥ ५२॥**

आठ गुण पुरुषकी शोभा बढ़ाते हैं—बुद्धि, कुलीनता, दम, शास्त्रज्ञान, पराक्रम, बहुत न बोलना, यथाशक्ति दान देना और कृतज्ञ होना॥ ५२॥

**एतान् गुणांस्तात महानुभावा-**
**नेको गुणः संश्रयते प्रसह्य।**
**राजा यदा सत्कुरुते मनुष्यं**
**सर्वान्गुणानेषु गुणो विभाति॥ ५३॥**

तात! एक गुण ऐसा है, जो इन सभी महत्त्वपूर्ण गुणोंपर हठात् अधिकार जमा लेता है। जिस समय राजा किसी मनुष्यका सत्कार करता है, उस समय यह एक ही गुण (राजसम्मान) सभी गुणोंसे बढ़कर शोभा पाता है॥ ५३॥

**अष्टौ नृपेमानि मनुष्यलोके**
**स्वर्गस्य लोकस्य निदर्शनानि।**
**चत्वार्येषामन्ववेतानि सद्भि-**
**श्चत्वारि चैषामनुयान्ति सन्तः॥ ५४॥**

राजन्! मनुष्यलोकमें ये आठ गुण स्वर्गलोकका दर्शन करानेवाले हैं; इनमेंसे चार तो संतोंके साथ नित्य सम्बद्ध हैं—उनमें सदा विद्यमान रहते हैं

**********************************************************************

और चारका सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं॥ ५४ ॥

**यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च**
**चत्वार्येतान्यन्ववेतानि सद्भिः ।**
**दमः सत्यमार्जवमानृशंस्यं**
**चत्वार्येतान्यनुयान्ति सन्तः ॥ ५५ ॥**

यज्ञ, दान, अध्ययन और तप—ये चार सज्जनोंके साथ नित्य सम्बद्ध हैं और इन्द्रियनिग्रह, सत्य, सरलता तथा कोमलता—इन चारोंका संतलोग अनुसरण करते हैं॥ ५५ ॥

**इज्याध्ययनदानानि तपः सत्यं क्षमा घृणा ।**
**अलोभ इति मार्गोऽयं धर्मस्याष्टविधः स्मृतः ॥ ५६ ॥**

यज्ञ, अध्ययन, दान, तप, सत्य, क्षमा, दया और अलोभ—ये धर्मके आठ प्रकारके मार्ग बताये गये हैं॥ ५६ ॥

**तत्र पूर्वचतुर्वर्गो दम्भार्थमपि सेव्यते ।**
**उत्तरश्च चतुर्वर्गो नामहात्मसु तिष्ठति ॥ ५७ ॥**

इनमेंसे पहले चारोंका तो दम्भके लिये भी सेवन किया जा सकता है, परंतु अन्तिम चार तो जो महात्मा नहीं हैं, उनमें रह ही नहीं सकते॥ ५७ ॥

**न स सभा यत्र न सन्ति वृद्धा**
**न ते वृद्धा ये न वदन्ति धर्मम् ।**
**नासौ धर्मो यत्र न सत्यमस्ति**
**न तत् सत्यं यच्छलेनाभ्युपेतम् ॥ ५८ ॥**

जिस सभामें बड़े-बूढ़े नहीं, वह सभा नहीं, जो धर्मकी बात न कहें, वे बूढ़े नहीं, जिसमें सत्य नहीं, वह धर्म नहीं और जो कपटसे पूर्ण हो, वह सत्य नहीं है॥ ५८ ॥

**सत्यं रूपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम् ।**
**शौर्यं च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनयः ॥ ५९ ॥**

सत्य, विनयका भाव, शास्त्रज्ञान, विद्या, कुलीनता, शील, बल, धन, शूरता और चमत्कारपूर्ण बात कहना—ये दस स्वर्गके साधन हैं॥ ५९ ॥

**पापं कुर्वन् पापकीर्तिः पापमेवाश्नुते फलम्।**
**पुण्यं कुर्वन् पुण्यकीर्तिः पुण्यमत्यन्तमश्नुते ॥ ६० ॥**

पापकीर्तिवाला मनुष्य पापाचरण करता हुआ पापरूप फलको ही प्राप्त करता है और पुण्यकर्मा मनुष्य पुण्य करता हुआ अत्यन्त पुण्यफलका ही उपभोग करता है॥ ६० ॥

**तस्मात् पापं न कुर्वीत पुरुषः शंसितव्रतः।**
**पापं प्रज्ञां नाशयति क्रियमाणं पुनः पुनः ॥ ६१ ॥**

इसलिये प्रशंसित व्रतका आचरण करनेवाले पुरुषको पाप नहीं करना चाहिये, क्योंकि बारम्बार किया हुआ पाप बुद्धिको नष्ट कर देता है॥ ६१ ॥

**नष्टप्रज्ञः पापमेव नित्यमारभते नरः।**
**पुण्यं प्रज्ञां वर्धयति क्रियमाणं पुनः पुनः ॥ ६२ ॥**

जिसकी बुद्धि नष्ट हो जाती है, वह मनुष्य सदा पाप ही करता रहता है। इसी प्रकार बारम्बार किया हुआ पुण्य बुद्धिको बढ़ाता है॥ ६२ ॥

**वृद्धप्रज्ञः पुण्यमेव नित्यमारभते नरः।**
**पुण्यं कुर्वन् पुण्यकीर्तिः पुण्यं स्थानं स्म गच्छति।**
**तस्मात् पुण्यं निषेवेत पुरुषः सुसमाहितः ॥ ६३ ॥**

जिसकी बुद्धि बढ़ जाती है, वह मनुष्य सदा पुण्य ही करता है। इस प्रकार पुण्यकर्मा मनुष्य पुण्य करता हुआ पुण्यलोकको ही जाता है। इसलिये मनुष्यको चाहिये कि वह सदा एकाग्रचित्त होकर पुण्यका ही सेवन करे॥ ६३ ॥

**असूयको दन्दशूको निष्ठुरो वैरकृच्छठः।**
**स कृच्छ्रं महदाप्नोति न चिरात् पापमाचरन्॥ ६४ ॥**

गुणोंमें दोष देखनेवाला, मर्मपर आघात करनेवाला, निर्दयी, शत्रुता

करनेवाला और शठ मनुष्य पापका आचरण करता हुआ शीघ्र ही महान् कष्टको प्राप्त होता है॥ ६४॥

**अनसूयुः कृतप्रज्ञः शोभनान्याचरन् सदा।**
**न कृच्छ्रं महदाप्नोति सर्वत्र च विरोचते॥ ६५॥**

दोषदृष्टिसे रहित शुद्ध बुद्धिवाला पुरुष सदा शुभकर्मोंका अनुष्ठान करता हुआ महान् सुखको प्राप्त होता है और सर्वत्र उसका सम्मान होता है॥ ६५॥

**प्रज्ञामेवागमयति यः प्राज्ञेभ्यः स पण्डितः।**
**प्राज्ञो ह्यवाप्य धर्मार्थौ शक्नोति सुखमेधितुम्॥ ६६॥**

जो बुद्धिमान् पुरुषोंसे सद्‌बुद्धि प्राप्त करता है, वही पण्डित है, क्योंकि बुद्धिमान् पुरुष ही धर्म और अर्थको प्राप्तकर अनायास ही अपनी उन्नति करनेमें समर्थ होता है॥ ६६॥

**दिवसेनैव तत् कुर्याद् येन रात्रौ सुखं वसेत्।**
**अष्टमासेन तत् कुर्याद् येन वर्षाः सुखं वसेत्॥ ६७॥**

दिनभरमें ही वह कार्य कर ले, जिससे रातमें सुखसे रह सके और आठ महीनोंमें वह कार्य कर ले, जिससे वर्षाके चार महीने सुखसे व्यतीत कर सके॥ ६७॥

**पूर्वे वयसि तत् कुर्याद् येन वृद्धः सुखं वसेत्।**
**यावज्जीवेन तत् कुर्याद् येन प्रेत्य सुखं वसेत्॥ ६८॥**

पहली अवस्थामें वह काम करे, जिससे वृद्धावस्थामें सुखपूर्वक रह सके और जीवनभर वह कार्य करे, जिससे मरनेके बाद भी सुखसे रह सके॥ ६८॥

**जीर्णमन्नं प्रशंसन्ति भार्यां च गतयौवनाम्।**
**शूरं विजितसंग्रामं गतपारं तपस्विनम्॥ ६९॥**

सज्जन पुरुष पच जानेपर अन्नकी, निष्कलङ्क जवानी बीत जानेपर स्त्रीकी, संग्राम जीत लेनेपर शूरकी और तत्त्वज्ञान प्राप्त हो जानेपर तपस्वीकी प्रशंसा करते हैं॥ ६९॥

**धनेनाधर्मलब्धेन यच्छिद्रमपिधीयते।**
**असंवृतं तद् भवति ततोऽन्यदवदीर्यते ॥ ७० ॥**

अधर्मसे प्राप्त हुए धनके द्वारा जो दोष छिपाया जाता है, वह तो छिपता नहीं, उससे भिन्न और नया दोष प्रकट हो जाता है ॥ ७० ॥

**गुरुरात्मवतां शास्ता शास्ता राजा दुरात्मनाम्।**
**अथ प्रच्छन्नपापानां शास्ता वैवस्वतो यमः ॥ ७१ ॥**

अपने मन और इन्द्रियोंको वशमें करनेवाले शिष्योंके शासक गुरु हैं, दुष्टोंके शासक राजा हैं और छिपे-छिपे पाप करनेवालोंके शासक सूर्यपुत्र यमराज हैं ॥ ७१ ॥

**ऋषीणां च नदीनां च कुलानां च महात्मनाम्।**
**प्रभवो नाधिगन्तव्यः स्त्रीणां दुश्चरितस्य च ॥ ७२ ॥**

ऋषि, नदी, महात्माओंके कुल तथा स्त्रियोंके दुश्चरित्रका मूल नहीं जाना जा सकता ॥ ७२ ॥

**द्विजातिपूजाभिरतो दाता ज्ञातिषु चार्जवी।**
**क्षत्रियः शीलभाग् राजंश्चिरं पालयते महीम् ॥ ७३ ॥**

राजन्! ब्राह्मणोंकी सेवा-पूजामें संलग्न रहनेवाला, दाता, कुटुम्बीजनोंके प्रति कोमलताका बर्ताव करनेवाला और शीलवान् राजा चिरकालतक पृथ्वीका पालन करता है ॥ ७३ ॥

**सुवर्णपुष्पां पृथिवीं चिन्वन्ति पुरुषास्त्रयः।**
**शूरश्च कृतविद्यश्च यश्च जानाति सेवितुम् ॥ ७४ ॥**

शूर, विद्वान् और सेवाधर्मको जाननेवाले—ये तीन प्रकारके मनुष्य पृथ्वीसे सुवर्णरूपी पुष्पका सञ्चय करते हैं ॥ ७४ ॥

**बुद्धिश्रेष्ठानि कर्माणि बाहुमध्यानि भारत।**
**तानि जङ्घाजघन्यानि भारप्रत्यवराणि च ॥ ७५ ॥**

भारत ! बुद्धिसे विचारकर किये हुए कर्म श्रेष्ठ होते हैं, बाहुबलसे किये जानेवाले कर्म मध्यम श्रेणीके हैं, जङ्घासे होनेवाले कार्य अधम हैं और भार ढोनेका काम महान् अधम है ॥ ७५ ॥

**दुर्योधनेऽथ शकुनौ मूढे दुःशासने तथा।**
**कर्णे चैश्वर्यमाधाय कथं त्वं भूतिमिच्छसि ॥ ७६ ॥**

राजन् ! अब आप दुर्योधन, शकुनि, मूर्ख दुःशासन तथा कर्णपर राज्यका भार रखकर उन्नति कैसे चाहते हैं ? ॥ ७६ ॥

**सर्वैर्गुणैरुपेतास्तु पाण्डवा भरतर्षभ।**
**पितृवत् त्वयि वर्तन्ते तेषु वर्तस्व पुत्रवत् ॥ ७७ ॥**

भरतश्रेष्ठ ! पाण्डव तो सभी उत्तम गुणोंसे सम्पन्न हैं और आपमें पिताका-सा भाव रखकर बर्ताव करते हैं, आप भी उनपर पुत्रभाव रखकर उचित बर्ताव कीजिये ॥ ७७ ॥

इति श्रीमहाभारते उद्योगपर्वणि प्रजागरपर्वणि विदुरनीतिवाक्ये पञ्चत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥

——::×::——

# चौथा अध्याय

विदुर उवाच

**अत्रैवोदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।**
**आत्रेयस्य च संवादं साध्यानां चेति नः श्रुतम्॥ १॥**

**विदुरजी कहते हैं**—इस विषयमें दत्तात्रेय और साध्य देवताओंके संवादरूप इस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, यह मेरा भी सुना हुआ है॥ १॥

**चरन्तं हंसरूपेण महर्षिं संशितव्रतम्।**
**साध्या देवा महाप्राज्ञं पर्यपृच्छन्त वै पुरा॥ २॥**

प्राचीन कालकी बात है, उत्तम व्रतवाले महाबुद्धिमान् महर्षि दत्तात्रेयजी हंस (परमहंस) रूपसे विचर रहे थे, उस समय साध्य देवताओंने उनसे पूछा— ॥ २॥

साध्या ऊचुः

**साध्या देवा वयमेते महर्षे**
**दृष्ट्वा भवन्तं न शक्नुमोऽनुमातुम्।**
**श्रुतेन धीरो बुद्धिमांस्त्वं मतो नः**
**काव्यां वाचं वक्तुमर्हस्युदाराम्॥ ३॥**

**साध्य बोले**—महर्षे! हम सब लोग साध्य देवता हैं, आपको केवल देखकर हम आपके विषयमें कुछ अनुमान नहीं कर सकते। हमें तो आप शास्त्रज्ञानसे युक्त, धीर एवं बुद्धिमान् जान पड़ते हैं; अतः हमलोगोंको विद्वत्तापूर्ण अपनी उदार वाणी सुनानेकी कृपा करें॥ ३॥

हंस उवाच

**एतत् कार्यममराः संश्रुतं मे**
**धृतिः शमः सत्यधर्मानुवृत्तिः।**
**ग्रन्थिं विनीय हृदयस्य सर्वं**
**प्रियाप्रिये चात्मसमं नयीत॥ ४॥**

**हंसने कहा**—देवताओ ! मैंने सुना है कि धैर्य-धारण, मनोनिग्रह तथा सत्य-धर्मोंका पालन ही कर्तव्य है, इसके द्वारा पुरुषको चाहिये कि हृदयकी सारी गाँठ खोलकर प्रिय और अप्रियको अपने आत्माके समान समझे ॥ ४ ॥

**आक्रुश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः ।**
**आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति ॥ ५ ॥**

दूसरोंसे गाली सुनकर भी स्वयं उन्हें गाली न दे। क्षमा करनेवालेका रोका हुआ क्रोध ही गाली देनेवालेको जला डालता है और उसके पुण्यको भी ले लेता है ॥ ५ ॥

**नाक्रोशी स्यान्नावमानी परस्य**
**मित्रद्रोही नोत नीचोपसेवी ।**
**न चाभिमानी न च हीनवृत्तो**
**रूक्षां वाचं रुषतीं वर्जयीत ॥ ६ ॥**

दूसरेको न तो गाली दे और न उसका अपमान करे, मित्रोंसे द्रोह तथा नीच पुरुषोंकी सेवा न करे, सदाचारसे हीन एवं अभिमानी न हो, रूखी तथा रोषभरी वाणीका परित्याग करे ॥ ६ ॥

**मर्माण्यस्थीनि हृदयं तथासून्**
**रूक्षा वाचो निर्दहन्तीह पुंसाम् ।**
**तस्माद् वाचमुषतीं रूक्षरूपां**
**धर्मारामो नित्यशो वर्जयीत ॥ ६ ॥**

इस जगत्में रूखी बातें मनुष्योंके मर्मस्थान, हड्डी, हृदय तथा प्राणोंको दग्ध करती रहती हैं; इसलिये धर्मानुरागी पुरुष जलानेवाली रूखी बातोंका सदाके लिये परित्याग कर दे ॥ ७ ॥

**अरुन्तुदं परुषं रूक्षवाचं**
**वाक्कण्टकैर्वितुदन्तं मनुष्यान् ।**
**विद्यादलक्ष्मीकतमं जनानां**
**मुखे निबद्धां निर्ऋतिं वै वहन्तम् ॥ ८ ॥**

************************************************************

जिसकी वाणी रूखी और स्वभाव कठोर है, जो मर्मपर आघात करता और वाग्बाणोंसे मनुष्योंको पीड़ा पहुँचाता है, उसे ऐसा समझना चाहिये कि वह मनुष्योंमें महादरिद्र है और वह अपने मुखमें दरिद्रता अथवा मौतको बाँधे हुए ढो रहा है॥ ८॥

**परश्चेदेनमभिविध्येत वाणै-**
**र्भृशं सुतीक्ष्णैरनलार्कदीप्तैः।**
**स विध्यमानोऽप्यतिदह्यमानो**
**विद्यात् कविः सुकृतं मे दधाति॥ ९॥**

यदि दूसरा कोई इस मनुष्यको अग्नि और सूर्यके समान दग्ध करनेवाले तीखे वाग्बाणोंसे बहुत चोट पहुँचावे तो वह विद्वान् पुरुष चोट खाकर अत्यन्त वेदना सहते हुए भी ऐसा समझे कि वह मेरे पुण्योंको पुष्ट कर रहा है॥ ९॥

**यदि सन्तं सेवति यद्यसन्तं**
**तपस्विनं यदि वा स्तेनमेव।**
**वासो यथा रङ्गवशं प्रयाति**
**तथा स तेषां वशमभ्युपैति॥ १०॥**

जैसे वस्त्र जिस रंगमें रँगा जाय वैसा ही हो जाता है, उसी प्रकार यदि कोई सज्जन, असज्जन, तपस्वी अथवा चोरकी सेवा करता है तो वह उन्हींके वशमें हो जाता है—उसपर उन्हींका रंग चढ़ जाता है॥ १०॥

**अतिवादं न प्रवदेन्न वादयेद्**
**योऽनाहतः प्रतिहन्यान्न घातयेत्।**
**हन्तुं च यो नेच्छति पापकं वै**
**तस्मै देवाः स्पृहयन्त्यागताय॥ ११॥**

जो स्वयं किसीके प्रति बुरी बात नहीं कहता, दूसरोंसे भी नहीं कहलाता, बिना मार खाये स्वयं न तो किसीको मारता है और न दूसरोंसे ही मरवाता है, मार खाकर भी अपराधीको जो मारना नहीं चाहता, देवता भी उसके

आगमनकी बाट जोहते रहते हैं ॥ ११ ॥

अव्याहृतं व्याहृताच्छ्रेय आहुः
सत्यं वदेद् व्याहृतं तद् द्वितीयम्।
प्रियं वदेद् व्याहृतं तत् तृतीयं
धर्मं वदेद् व्याहृतं तच्चतुर्थम् ॥ १२ ॥

बोलनेसे न बोलना अच्छा बताया गया है; किंतु सत्य बोलना वाणीकी दूसरी विशेषता है, यानी मौनकी अपेक्षा भी दूना लाभप्रद है। सत्य भी यदि प्रिय बोला जाय तो तीसरी विशेषता है और वह भी यदि धर्मसम्मत कहा जाय तो वह वचनकी चौथी विशेषता है ॥ १२ ॥

यादृशैः संनिविशते यादृशांश्चोपसेवते।
यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग् भवति पूरुषः ॥ १३ ॥

मनुष्य जैसे लोगोंके साथ रहता है, जैसे लोगोंकी सेवा करता है और जैसा होना चाहता है, वैसा ही हो जाता है ॥ १३ ॥

यतो यतो निवर्तते ततस्ततो विमुच्यते।
निवर्तनाद्धि सर्वतो न वेत्ति दुःखमण्वपि ॥ १४ ॥

मनुष्य जिन-जिन विषयोंसे मनको हटाता जाता है, उन-उनसे उसकी मुक्ति होती जाती है, इस प्रकार यदि सब ओरसे निवृत्त हो जाय तो उसे लेशमात्र दुःखका भी कभी अनुभव नहीं होता ॥ १४ ॥

न जीयते चानुजिगीषतेऽन्या-
न्न वैरकृच्चाप्रतिघातकश्च।
निन्दाप्रशंसासु समस्वभावो
न शोचते हृष्यति नैव चायम् ॥ १५ ॥

जो न तो स्वयं किसीसे जीता जाता, न दूसरोंको जीतनेकी इच्छा करता है, न किसीके साथ वैर करता और न दूसरोंको चोट पहुँचाना चाहता है, जो निन्दा और प्रशंसामें समान भाव रखता है, वह हर्ष-शोकसे परे हो जाता है ॥ १५ ॥

**भावमिच्छति सर्वस्य नाभावे कुरुते मनः।**
**सत्यवादी मृदुर्दान्तो यः स उत्तमपूरुषः॥ १६॥**

जो सबका कल्याण चाहता है, किसीके अकल्याणकी बात मनमें भी नहीं लाता; जो सत्यवादी, कोमल और जितेन्द्रिय है, वह उत्तम पुरुष माना गया है॥ १६॥

**नानर्थकं सान्त्वयति प्रतिज्ञाय ददाति च।**
**रन्ध्रं परस्य जानाति यः स मध्यमपूरुषः॥ १७॥**

जो झूठी सान्त्वना नहीं देता, देनेकी प्रतिज्ञा करके दे ही डालता है, दूसरोंके दोषोंको जानता है, वह मध्यम श्रेणीका पुरुष है॥ १७॥

**दुःशासनस्तूपहतोऽभिशस्तो**
**नावर्तते मन्युवशात् कृतघ्नः।**
**न कस्यचिन्मित्रमथो दुरात्मा**
**कलाश्चैता अधमस्येह पुंसः॥ १८॥**

जिसका शासन अत्यन्त कठोर हो, जो अनेक दोषोंसे दूषित हो, कलंकित हो, जो क्रोधवश किसीकी बुराई करनेसे नहीं हटता हो, दूसरोंके किये हुए उपकारको नहीं मानता हो, जिसकी किसीके साथ मित्रता नहीं हो तथा जो दुरात्मा हो—ये अधम पुरुषके भेद हैं॥ १८॥

**न श्रद्दधाति कल्याणं परेभ्योऽप्यात्मशङ्कितः।**
**निराकरोति मित्राणि यो वै सोऽधमपूरुषः॥ १९॥**

जो अपने ही ऊपर संदेह होनेके कारण दूसरोंसे भी कल्याण होनेका विश्वास नहीं करता, मित्रोंको भी दूर रखता है, अवश्य ही वह अधम पुरुष है॥ १९॥

**उत्तमानेव सेवेत प्राप्तकाले तु मध्यमान्।**
**अधमांस्तु न सेवेत य इच्छेद् भूतिमात्मनः॥ २०॥**

जो अपनी उन्नति चाहता है, वह उत्तम पुरुषोंकी ही सेवा करे, समय आ

पड़नेपर मध्यम पुरुषोंकी भी सेवा कर ले, परंतु अधम पुरुषोंकी सेवा कदापि न करे ॥ २० ॥

**प्राप्नोति वै वित्तमसद्बलेन**
**नित्योत्थानात् प्रज्ञया पौरुषेण ।**
**न त्वेव सम्यग् लभते प्रशंसां**
**न वृत्तमाप्नोति महाकुलानाम् ॥ २१ ॥**

मनुष्य दुष्ट पुरुषोंके बलसे, निरन्तरके उद्योगसे, बुद्धिसे तथा पुरुषार्थसे धन भले ही प्राप्त कर ले, परन्तु इससे उत्तम कुलीन पुरुषोंके सम्मान और सदाचारको वह पूर्णरूपसे कदापि नहीं प्राप्त कर सकता ॥ २१ ॥

धृतराष्ट्र उवाच

**महाकुलेभ्यः स्पृहयन्ति देवा**
**धर्मार्थनित्याश्च बहुश्रुताश्च ।**
**पृच्छामि त्वां विदुर प्रश्नमेतं**
**भवन्ति वै कानि महाकुलानि ॥ २२ ॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—विदुर ! धर्म और अर्थके नित्य ज्ञाता एवं बहुश्रुत देवता भी उत्तम कुलमें उत्पन्न पुरुषोंकी इच्छा करते हैं । इसलिये मैं तुमसे यह प्रश्न करता हूँ कि महान् (उत्तम) कुल कौन है ? ॥ २२ ॥

विदुर उवाच

**तपो दमो ब्रह्मवित्तं वितानाः**
**पुण्या विवाहाः सततान्नदानम् ।**
**येष्वेवैते सप्त गुणा वसन्ति**
**सम्यग्वृत्तास्तानि महाकुलानि ॥ २३ ॥**

**विदुरजी बोले**—जिनमें तप, इन्द्रियसंयम, वेदोंका स्वाध्याय, यज्ञ, पवित्र विवाह, सदा अन्नदान और सदाचार—ये सात गुण वर्तमान हैं, उन्हें महान् (उत्तम) कुल कहते हैं ॥ २३ ॥

***

**येषां हि वृत्तं व्यथते न योनि-**
**श्चित्तप्रसादेन चरन्ति धर्मम्।**
**ये कीर्तिमिच्छन्ति कुले विशिष्टां**
**त्यक्तानृतास्तानि महाकुलानि ॥ २४ ॥**

जिनका सदाचार शिथिल नहीं होता, जो अपने दोषोंसे माता-पिताको कष्ट नहीं पहुँचाते, प्रसन्न चित्तसे धर्मका आचरण करते हैं तथा असत्यका परित्याग कर अपने कुलकी विशेष कीर्ति चाहते हैं, वे ही महान् कुलीन हैं ॥ २४ ॥

**अनिज्यया कुविवाहैर्वेदस्योत्सादनेन च।**
**कुलान्यकुलतां यान्ति धर्मस्यातिक्रमेण च ॥ २५ ॥**

यज्ञ न होनेसे, निन्दित कुलमें विवाह करनेसे, वेदका त्याग और धर्मका उल्लङ्घन करनेसे उत्तम कुल भी अधम हो जाते हैं ॥ २५ ॥

**देवद्रव्यविनाशेन ब्रह्मस्वहरणेन च।**
**कुलान्यकुलतां यान्ति ब्राह्मणातिक्रमेण च ॥ २६ ॥**

देवताओंके धनका नाश, ब्राह्मणके धनका अपहरण और ब्राह्मणोंकी मर्यादाका उल्लङ्घन करनेसे उत्तम कुल भी अधम हो जाते हैं ॥ २६ ॥

**ब्राह्मणानां परिभवात् परिवादाच्च भारत।**
**कुलान्यकुलतां यान्ति न्यासापहरणेन च ॥ २७ ॥**

भारत ! ब्राह्मणोंके अनादर और निन्दासे तथा धरोहर रखी हुई वस्तुको छिपा लेनेसे अच्छे कुल भी निन्दनीय हो जाते हैं ॥ २७ ॥

**कुलानि समुपेतानि गोभिः पुरुषतोऽर्थतः।**
**कुलसंख्यां न गच्छन्ति यानि हीनानि वृत्ततः ॥ २८ ॥**

गौओं, मनुष्यों और धनसे सम्पन्न होकर भी जो कुल सदाचारसे हीन हैं, वे अच्छे कुलोंकी गणनामें नहीं आ सकते ॥ २८ ॥

**वृत्ततस्त्वविहीनानि कुलान्यल्पधनान्यपि।**
**कुलसंख्यां च गच्छन्ति कर्षन्ति च महद् यशः ॥ २९ ॥**

***

थोड़े धनवाले कुल भी यदि सदाचारसे सम्पन्न हैं, तो वे अच्छे कुलोंकी गणनामें आ जाते हैं और महान् यश प्राप्त करते हैं॥ २९ ॥

**वृत्तं यत्नेन संरक्षेद् वित्तमेति च याति च।**
**अक्षीणो वित्ततः क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हतः॥ ३०॥**

सदाचारकी रक्षा यत्नपूर्वक करनी चाहिये; धन तो आता और जाता रहता है। धन क्षीण हो जानेपर भी सदाचारी मनुष्य क्षीण नहीं माना जाता; किन्तु जो सदाचारसे भ्रष्ट हो गया, उसे तो नष्ट ही समझना चाहिये॥ ३०॥

**गोभिः पशुभिरश्वैश्च कृष्या च सुसमृद्धया।**
**कुलानि न प्ररोहन्ति यानि हीनानि वृत्ततः॥ ३१॥**

जो कुल सदाचारसे हीन हैं, वे गौओं, पशुओं, घोड़ों तथा हरी-भरी खेतीसे सम्पन्न होनेपर भी उन्नति नहीं कर पाते॥ ३१॥

**मा नः कुले वैरकृत् कश्चिदस्तु**
**राजामात्यो मा परस्वापहारी।**
**मित्रद्रोही नैकृतिकोऽनृती वा**
**पूर्वाशी वा पितृदेवातिथिभ्यः॥ ३२॥**

हमारे कुलमें कोई वैर करनेवाला न हो, दूसरोंके धनका अपहरण करनेवाला राजा अथवा मन्त्री न हो और मित्रद्रोही, कपटी तथा असत्यवादी न हो। इसी प्रकार माता-पिता, देवता एवं अतिथियोंको भोजन करानेसे पहले भोजन करनेवाला भी न हो॥ ३२॥

**यश्च नो ब्राह्मणान् हन्याद्यश्च नो ब्राह्मणान् द्विषेत्।**
**न नः स समितिं गच्छेद्यश्च नो निर्वपेत् पितॄन्॥ ३३॥**

हमलोगोंमेंसे जो ब्राह्मणोंकी हत्या करे, ब्राह्मणोंके साथ द्वेष करे तथा पितरोंको पिण्डदान एवं तर्पण न करे; वह हमारी सभामें न जाय॥ ३३॥

**तृणानि भूमिरुदकं वाक् चतुर्थी च सूनृता।**
**सतामेतानि गेहेषु नोच्छिद्यन्ते कदाचन॥ ३४॥**

तृणका आसन, पृथ्वी, जल और चौथी मीठी वाणी—सज्जनोंके घरमें इन चार चीजोंकी कभी कमी नहीं होती ॥ ३४ ॥

**श्रद्धया परया राजन्नुपनीतानि सत्कृतिम्।**
**प्रवृत्तानि महाप्राज्ञ धर्मिणां पुण्यकर्मिणाम् ॥ ३५ ॥**

महाप्राज्ञ राजन्! पुण्यकर्म करनेवाले धर्मात्मा पुरुषोंके यहाँ ये तृण आदि वस्तुएँ बड़ी श्रद्धाके साथ सत्कारके लिये उपस्थित की जाती हैं ॥ ३५ ॥

**सूक्ष्मोऽपि भारं नृपते स्यन्दनो वै**
**शक्तो वोढुं न तथान्ये महीजाः।**
**एवं युक्ता भारसहा भवन्ति**
**महाकुलीना न तथान्ये मनुष्याः ॥ ३६ ॥**

नृपवर! छोटा-सा भी रथ भार ढो सकता है, किन्तु दूसरे काठ बड़े-बड़े होनेपर भी ऐसा नहीं कर सकते। इसी प्रकार उत्तम कुलमें उत्पन्न उत्साही पुरुष भार सह सकते हैं, दूसरे मनुष्य वैसे नहीं होते ॥ ३६ ॥

**न तन्मित्रं यस्य कोपाद् बिभेति**
**यद् वा मित्रं शङ्कितेनोपचर्यम्।**
**यस्मिन् मित्रे पितरीवाश्वसीत**
**तद् वै मित्रं सङ्गतानीतराणि ॥ ३७ ॥**

जिसके कोपसे भयभीत होना पड़े तथा शङ्कित होकर जिसकी सेवा की जाय, वह मित्र नहीं है। मित्र तो वही है, जिसपर पिताकी भाँति विश्वास किया जा सके; दूसरे तो सङ्गीमात्र हैं ॥ ३७ ॥

**यः कश्चिदप्यसम्बद्धो मित्रभावेन वर्तते।**
**स एव बन्धुस्तन्मित्रं सा गतिस्तत् परायणम् ॥ ३८ ॥**

पहलेसे कोई सम्बन्ध न होनेपर भी जो मित्रताका बर्ताव करे, वही बन्धु, वही मित्र, वही सहारा और वही आश्रय है ॥ ३८ ॥

**चलचित्तस्य वै पुंसो वृद्धाननुपसेवतः ।**
**पारिप्लवमतेर्नित्यमध्रुवो मित्रसंग्रहः ॥ ३९ ॥**

जिसका चित्त चञ्चल है, जो वृद्धोंकी सेवा नहीं करता, उस अनिश्चितमति पुरुषके लिये मित्रोंका संग्रह स्थायी नहीं होता ॥ ३९ ॥

**चलचित्तमनात्मानमिन्द्रियाणां वशानुगम् ।**
**अर्थाः समभिवर्तन्ते हंसाः शुष्कं सरो यथा ॥ ४० ॥**

जैसे हंस सूखे सरोवरके आस-पास ही मँडराकर रह जाते हैं, भीतर नहीं प्रवेश करते, उसी प्रकार जिसका चित्त चञ्चल है; जो अज्ञानी और इन्द्रियोंका गुलाम है, उसे अर्थकी प्राप्ति नहीं होती ॥ ४० ॥

**अकस्मादेव कुप्यन्ति प्रसीदन्त्यनिमित्ततः ।**
**शीलमेतदसाधूनामभ्रं पारिप्लवं यथा ॥ ४१ ॥**

दुष्ट पुरुषोंका स्वभाव मेघके समान चञ्चल होता है, वे सहसा क्रोध कर बैठते हैं और अकारण ही प्रसन्न हो जाते हैं ॥ ४१ ॥

**सत्कृताश्च कृतार्थाश्च मित्राणां न भवन्ति ये ।**
**तान् मृतानपि क्रव्यादाः कृतघ्नान्नोपभुञ्जते ॥ ४२ ॥**

जो मित्रोंसे सत्कार पाकर और उनकी सहायतामें कृतकार्य होकर भी उनके नहीं होते, ऐसे कृतघ्नोंके मरनेपर उनका मांस मांसभोजी जन्तु भी नहीं खाते ॥ ४२ ॥

**अर्चयेदेव मित्राणि सति वासति वा धने ।**
**नानर्थयन् प्रजानाति मित्राणां सारफल्गुताम् ॥ ४३ ॥**

धन हो या न हो, मित्रोंका तो सत्कार करे ही। मित्रोंसे कुछ भी न माँगते हुए उनके सार-असारकी परीक्षा न करे ॥ ४३ ॥

**संतापाद् भ्रश्यते रूपं संतापाद् भ्रश्यते बलम् ।**
**संतापाद् भ्रश्यते ज्ञानं संतापाद् व्याधिमृच्छति ॥ ४४ ॥**

संतापसे रूप नष्ट होता है, संतापसे बल नष्ट होता है, संतापसे ज्ञान नष्ट होता है और संतापसे मनुष्य रोगको प्राप्त होता है ॥ ४४ ॥

**********************************************************************

**अनवाप्यं च शोकेन शरीरं चोपतप्यते।**
**अमित्राश्च प्रहृष्यन्ति मा स्म शोके मनः कृथाः ॥ ४५ ॥**

अभीष्ट वस्तु शोक करनेसे नहीं मिलती; उससे तो केवल शरीरको कष्ट होता है और शत्रु प्रसन्न होते हैं। इसलिये आप मनमें शोक न करें ॥ ४५ ॥

**पुनर्नरो म्रियते जायते च**
**पुनर्नरो हीयते वर्धते च।**
**पुनर्नरो याचति याच्यते च**
**पुनर्नरः शोचति शोच्यते च ॥ ४६ ॥**

मनुष्य बार-बार मरता और जन्म लेता है, बार-बार हानि उठाता और बढ़ता है, बार-बार स्वयं दूसरेसे याचना करता है और दूसरे उससे याचना करते हैं तथा बारम्बार वह दूसरोंके लिये शोक करता है और दूसरे उसके लिये शोक करते हैं ॥ ४६ ॥

**सुखं च दुःखं च भवाभवौ च**
**लाभालाभौ मरणं जीवितं च।**
**पर्यायशः सर्वमेते स्पृशन्ति**
**तस्माद् धीरो न च हृष्येन्न शोचेत् ॥ ४७ ॥**

सुख-दुःख, उत्पत्ति-विनाश, लाभ-हानि और जीवन-मरण—ये बारी-बारीसे सबको प्राप्त होते रहते हैं, इसलिये धीर पुरुषको इनके लिये हर्ष और शोक नहीं करना चाहिये ॥ ४७ ॥

**चलानि हीमानि षडिन्द्रियाणि**
**तेषां यद् यद् वर्धते यत्र यत्र।**
**ततस्ततः स्रवते बुद्धिरस्य**
**छिद्रोदकुम्भादिव नित्यमम्भः ॥ ४८ ॥**

ये छः इन्द्रियाँ बहुत ही चञ्चल हैं; इनमेंसे जो-जो इन्द्रिय जिस-जिस विषयकी ओर बढ़ती है, वहाँ-वहाँ बुद्धि उसी प्रकार क्षीण होती है; जैसे फूटे घड़ेसे पानी सदा चू जाता है ॥ ४८ ॥

धृतराष्ट्र उवाच

**तनुरुद्धः शिखी राजा मिथ्योपचरितो मया।**
**मन्दानां मम पुत्राणां युद्धेनान्तं करिष्यति॥ ४९॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—काठमें छिपी हुई आगके समान सूक्ष्म धर्मसे बँधे हुए राजा युधिष्ठिरके साथ मैंने मिथ्या व्यवहार किया है। अतः वे युद्ध करके मेरे मूर्ख पुत्रोंका नाश कर डालेंगे॥ ४९॥

**नित्योद्विग्नमिदं सर्वं नित्योद्विग्नमिदं मनः।**
**यत् तत् पदमनुद्विग्नं तन्मे वद महामते॥ ५०॥**

महामते! यह सब कुछ सदा ही भयसे उद्विग्न है, मेरा यह मन भी भयसे उद्विग्न है, इसलिये जो उद्वेगशून्य और शान्त पद हो, वही मुझे बताओ॥ ५०॥

विदुर उवाच

**नान्यत्र विद्यातपसोर्नान्यत्रेन्द्रियनिग्रहात्।**
**नान्यत्र लोभसंत्यागाच्छान्तिं पश्यामि तेऽनघ॥ ५१॥**

**विदुरजी बोले**—पापशून्य नरेश! विद्या, तप, इन्द्रियनिग्रह और लोभत्यागके सिवा और कोई आपके लिये शान्तिका उपाय मैं नहीं देखता॥ ५१॥

**बुद्ध्या भयं प्रणुदति तपसा विन्दते महत्।**
**गुरुशुश्रूषया ज्ञानं शान्तिं योगेन विन्दति॥ ५२॥**

बुद्धिसे मनुष्य अपने भयको दूर करता है, तपस्यासे महत् पदको प्राप्त होता है, गुरुशुश्रूषासे ज्ञान और योगसे शान्ति पाता है॥ ५२॥

**अनाश्रिता दानपुण्यं वेदपुण्यमनाश्रिताः।**
**रागद्वेषविनिर्मुक्ता विचरन्तीह मोक्षिणः॥ ५३॥**

मोक्षकी इच्छा रखनेवाले मनुष्य दानके पुण्यका आश्रय नहीं लेते, वेदके पुण्यका भी आश्रय नहीं लेते, किंतु निष्कामभावसे राग-द्वेषसे रहित हो इस लोकमें विचरते रहते हैं॥ ५३॥

**स्वधीतस्य सुयुद्धस्य सुकृतस्य च कर्मणः ।**
**तपसश्च सुतप्तस्य तस्यान्ते सुखमेधते ॥ ५४ ॥**

सम्यक् अध्ययन, न्यायोचित युद्ध, पुण्यकर्म और अच्छी तरह की हुई तपस्याके अन्तमें सुखकी वृद्धि होती है ॥ ५४ ॥

**स्वास्तीर्णानि शयनानि प्रपन्ना**
**न वै भिन्ना जातु निद्रां लभन्ते ।**
**न स्त्रीषु राजन् रतिमाप्नुवन्ति**
**न मागधैः स्तूयमाना न सूतैः ॥ ५५ ॥**

राजन्! आपसमें फूट रखनेवाले लोग अच्छे बिछौनोंसे युक्त पलंग पाकर भी कभी सुखकी नींद नहीं सोने पाते, उन्हें स्त्रियोंके पास रहकर तथा सूत-मागधोंद्वारा की हुई स्तुति सुनकर भी प्रसन्नता नहीं होती ॥ ५५ ॥

**न वै भिन्ना जातु चरन्ति धर्मं**
**न वै सुखं प्राप्नुवन्तीह भिन्नाः ।**
**न वै भिन्ना गौरवं प्राप्नुवन्ति**
**न वै भिन्नाः प्रशमं रोचयन्ति ॥ ५६ ॥**

जो परस्पर भेदभाव रखते हैं, वे कभी धर्मका आचरण नहीं करते। सुख भी नहीं पाते। उन्हें गौरव नहीं प्राप्त होता तथा शान्तिकी वार्ता भी नहीं सुहाती ॥ ५६ ॥

**न वै तेषां स्वदते पथ्यमुक्तं**
**योगक्षेमं कल्पते नैव तेषाम् ।**
**भिन्नानां वै मनुजेन्द्र परायणं**
**न विद्यते किंचिदन्यद् विनाशात् ॥ ५७ ॥**

हितकी बात भी कही जाय तो उन्हें अच्छी नहीं लगती। उनके योगक्षेमकी भी सिद्धि नहीं हो पाती। राजन्! भेदभाववाले पुरुषोंकी विनाशके सिवा और कोई गति नहीं है ॥ ५७ ॥

**सम्पन्नं गोषु सम्भाव्यं सम्भाव्यं ब्राह्मणे तपः।**
**सम्भाव्यं चापलं स्त्रीषु सम्भाव्यं ज्ञातितो भयम्॥ ५८॥**

जैसे गौओंमें दूध, ब्राह्मणमें तप और युवती स्त्रियोंमें चञ्चलताका होना अधिक सम्भव है, उसी प्रकार अपने जाति-बन्धुओंसे भय होना भी सम्भव ही है॥ ५८॥

**तन्तवः प्यायिता नित्यं तनवो बहुलाः समाः।**
**बहून् बहुत्वादायासान् सहन्तीत्युपमा सताम्॥ ५९॥**

नित्य सींचकर बढ़ायी हुई पतली लताएँ बहुत होनेके कारण बहुत वर्षोंतक नाना प्रकारके झोंके सहती हैं; यही बात सत्पुरुषोंके विषयमें भी समझनी चाहिये। (वे दुर्बल होनेपर भी सामूहिक शक्तिसे बलवान् हो जाते हैं)॥ ५९॥

**धूमायन्ते व्यपेतानि ज्वलन्ति सहितानि च।**
**धृतराष्ट्रोल्मुकानीव ज्ञातयो भरतर्षभ॥ ६०॥**

भरतश्रेष्ठ धृतराष्ट्र! जलती हुई लकड़ियाँ अलग-अलग होनेपर धुआँ फेंकती हैं और एक साथ होनेपर प्रज्वलित हो उठती हैं। इसी प्रकार जातिबन्धु भी फूट होनेपर दुःख उठाते और एकता होनेपर सुखी रहते हैं॥ ६०॥

**ब्राह्मणेषु च ये शूराः स्त्रीषु ज्ञातिषु गोषु च।**
**वृन्तादिव फलं पक्वं धृतराष्ट्र पतन्ति ते॥ ६१॥**

धृतराष्ट्र! जो लोग ब्राह्मणों, स्त्रियों, जातिवालों और गौओंपर ही शूरता प्रकट करते हैं, वे डंठलसे पके हुए फलोंकी भाँति नीचे गिरते हैं॥ ६१॥

**महानप्येकजो वृक्षो बलवान् सुप्रतिष्ठितः।**
**प्रसह्य एव वातेन सस्कन्धो मर्दितुं क्षणात्॥ ६२॥**

यदि वृक्ष अकेला है तो वह बलवान्, दृढ़मूल तथा बहुत बड़ा होनेपर भी एक ही क्षणमें आँधीके द्वारा बलपूर्वक शाखाओंसहित धराशायी किया जा सकता है॥ ६२॥

**अथ ये सहिता वृक्षाः सङ्घशः सुप्रतिष्ठिताः।**
**ते हि शीघ्रतमान् वातान् सहन्तेऽन्योन्यसंश्रयात्॥ ६३॥**

*****************************************************************

किन्तु जो बहुत-से वृक्ष एक साथ रहकर समूहके रूपमें खड़े हैं, वे एक-दूसरेके सहारे बड़ी-से-बड़ी आँधीको भी सह सकते हैं ॥ ६३ ॥

**एवं मनुष्यमप्येकं गुणैरपि समन्वितम्।**
**शक्यं द्विषन्तो मन्यन्ते वायुर्द्रुममिवैकजम् ॥ ६४ ॥**

इसी प्रकार समस्त गुणोंसे सम्पन्न मनुष्यको भी अकेले होनेपर शत्रु अपनी शक्तिके अन्दर समझते हैं, जैसे अकेले वृक्षको वायु ॥ ६४ ॥

**अन्योन्यसमुपष्टम्भादन्योन्यापाश्रयेण च।**
**ज्ञातयः सम्प्रवर्धन्ते सरसीवोत्पलान्युत ॥ ६५ ॥**

किन्तु परस्पर मेल होनेसे और एकसे दूसरेको सहारा मिलनेसे जातिवाले लोग इस प्रकार वृद्धिको प्राप्त होते हैं, जैसे तालाबमें कमल ॥ ६५ ॥

**अवध्या ब्राह्मणा गावो ज्ञातयः शिशवः स्त्रियः।**
**येषां चान्नानि भुञ्जीत ये च स्युः शरणागताः ॥ ६६ ॥**

ब्राह्मण, गौ, कुटुम्बी, बालक, स्त्री, अन्नदाता और शरणागत—ये अवध्य होते हैं ॥ ६६ ॥

**न मनुष्ये गुणः कश्चिद् राजन् सधनतामृते।**
**अनातुरत्वाद् भद्रं ते मृतकल्पा हि रोगिणः ॥ ६७ ॥**

राजन्! आपका कल्याण हो, मनुष्यमें धन और आरोग्यको छोड़कर दूसरा कोई गुण नहीं है; क्योंकि रोगी तो मुर्देके समान है ॥ ६७ ॥

**अव्याधिजं कटुकं शीर्षरोगि**
**पापानुबन्धं परुषं तीक्ष्णमुष्णम्।**
**सतां पेयं यन्न पिबन्त्यसन्तो**
**मन्युं महाराज पिब प्रशाम्य ॥ ६८ ॥**

महाराज! जो बिना रोगके उत्पन्न, कड़वा, सिरमें दर्द पैदा करनेवाला, पापसे

सम्बद्ध, कठोर, तीखा और गरम है, जो सज्जनोंद्वारा पान करनेयोग्य है अ
जिसे दुर्जन नहीं पी सकते—उस क्रोधको आप पी जाइये और शा
होइये ॥ ६८ ॥

**रोगार्दिता न फलान्याद्रियन्ते**
**न वै लभन्ते विषयेषु तत्त्वम्।**
**दुःखोपेता रोगिणो नित्यमेव**
**न बुध्यन्ते धनभोगान्न सौख्यम् ॥ ६९ ॥**

रोगसे पीड़ित मनुष्य मधुर फलोंका आदर नहीं करते, विषयोंमें भी उ
कुछ सुख या सार नहीं मिलता। रोगी सदा ही दुःखी रहते हैं; वे न
धनसम्बन्धी भोगोंका और न सुखका ही अनुभव करते हैं ॥ ६९ ॥

**पुरा ह्युक्तं नाकरोस्त्वं वचो मे**
**द्यूते जितां द्रौपदीं प्रेक्ष्य राजन्।**
**दुर्योधनं वारयेत्यक्षवत्यां**
**कितवत्वं पण्डिता वर्जयन्ति ॥ ७० ॥**

राजन्! पहले जुएमें द्रौपदीको जीती गयी देखकर मैंने आपसे क
था—'आप द्यूतक्रीडामें आसक्त दुर्योधनको रोकिये; विद्वान्‌लोग इ
प्रवञ्चनाके लिये मना करते हैं।' किंतु आपने मेरा कहना नहीं माना ॥ ७० ॥

**न तद् बलं यन्मृदुना विरुध्यते**
**सूक्ष्मो धर्मस्तरसा सेवितव्यः।**
**प्रध्वंसिनी क्रूरसमाहिता श्री-**
**र्मृदुप्रौढा गच्छति पुत्रपौत्रान् ॥ ७१ ॥**

वह बल नहीं, जिसका मृदुल स्वभावके साथ विरोध हो; सूक्ष्म धर्म
शीघ्र ही सेवन करना चाहिये। क्रूरतापूर्वक उपार्जन की हुई लक्ष्मी नश्वर हो
है, यदि वह मृदुलतापूर्वक बढ़ायी गयी हो तो पुत्र-पौत्रोंतक स्थि
रहती है ॥ ७१ ॥

**धार्तराष्ट्राः पाण्डवान् पालयन्तु**
**पाण्डोः सुतास्तव पुत्रांश्च पान्तु ।**
**एकारिमित्राः कुरवो ह्येककार्या**
**जीवन्तु राजन् सुखिनः समृद्धाः ॥ ७२ ॥**

राजन्! आपके पुत्र पाण्डवोंकी रक्षा करें और पाण्डुके पुत्र आपके पुत्रोंकी रक्षा करें। सभी कौरव एक-दूसरेके शत्रुको शत्रु और मित्रको मित्र समझें। सबका एक ही कर्तव्य हो, सभी सुखी और समृद्धिशाली होकर जीवन व्यतीत करें॥ ७२ ॥

**मेढीभूतः कौरवाणां त्वमद्य**
**त्वय्याधीनं कुरुकुलमाजमीढ ।**
**पार्थान् बालान् वनवासप्रतप्तान्**
**गोपायस्व स्वं यशस्तात रक्षन् ॥ ७३ ॥**

अजमीढकुलनन्दन! इस समय आप ही कौरवोंके आधारस्तम्भ हैं, कुरुवंश आपके ही अधीन है। तात! कुन्तीके पुत्र अभी बालक हैं और वनवाससे बहुत कष्ट पा चुके हैं, इस समय अपने यशकी रक्षा करते हुए पाण्डवोंका पालन कीजिये॥ ७३ ॥

**संधत्स्व त्वं कौरव पाण्डुपुत्रै-**
**र्मा तेऽन्तरं रिपवः प्रार्थयन्तु ।**
**सत्ये स्थितास्ते नरदेव सर्वे**
**दुर्योधनं स्थापय त्वं नरेन्द्र ॥ ७४ ॥**

कुरुराज! आप पाण्डवोंसे सन्धि कर लें; जिससे शत्रुओंको आपका छिद्र देखनेका अवसर न मिले। नरदेव! समस्त पाण्डव सत्यपर डटे हुए हैं, अब आप अपने पुत्र दुर्योधनको रोकिये॥ ७४ ॥

इति श्रीमहाभारते उद्योगपर्वणि प्रजागरपर्वणि विदुरहितवाक्ये
षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

# पाँचवा अध्याय

विदुर उवाच

सप्तदशेमान् राजेन्द्र मनुः स्वायम्भुवोऽब्रवीत्।
वैचित्रवीर्य पुरुषानाकाशं मुष्टिभिर्घ्नतः ॥ १ ॥
दानवेन्द्रस्य च धनुरनाम्यं नमतोऽब्रवीत्।
अथो मरीचिनः पादानग्राह्यान् गृह्णतस्तथा ॥ २ ॥
यश्चाशिष्यं शास्ति वै यश्च तुष्येद्
यश्चातिवेलं भजते द्विषन्तम्।
स्त्रियश्च यो रक्षति भद्रमश्नुते
यश्चायाच्यं याचते कत्थते च ॥ ३ ॥
यश्चाभिजातः प्रकरोत्यकार्यं
यश्चाबलो बलिना नित्यवैरी।
अश्रद्दधानाय च यो ब्रवीति
यश्चाकाम्यं कामयते नरेन्द्र ॥ ४ ॥
वध्वावहासं श्वशुरो मन्यते यो
वध्वा वसन्नभयो मानकामः।
परक्षेत्रे निर्वपति स्वबीजं
स्त्रियं च यः परिवदतेऽतिवेलम् ॥ ५ ॥
यश्चापि लब्ध्वा न स्मरामीति वादी
दत्त्वा च यः कत्थति याच्यमानः।
यश्चासतः सत्त्वमुपानयीत
एतान् नयन्ति निरयं पाशहस्ताः ॥ ६ ॥

**विदुर कहते हैं**—राजेन्द्र ! विचित्रवीर्यनन्दन ! स्वायम्भुव मनुजीने कहा है कि नीचे लिखे सत्रह प्रकारके पुरुषोंको पाश हाथमें लिये यमराजके दूत नरकमें ले जाते हैं—जो आकाशपर मुष्टिसे प्रहार करता है, न झुकाये जा सकनेवाले वर्षाकालीन इन्द्रधनुषको झुकाना चाहता है, पकड़में न आनेवाली सूर्यकी किरणोंको पकड़नेका प्रयास करता है, शासनके अयोग्य पुरुषपर शासन करता है, मर्यादाका उल्लङ्घन करके सन्तुष्ट होता है, शत्रुकी सेवा

करता है, रक्षणके अयोग्य स्त्रीकी रक्षा करनेका प्रयत्न करता तथा उसके द्वारा अपने कल्याणका अनुभव करता है, याचना करनेके अयोग्य पुरुषसे याचना करता है तथा आत्मप्रशंसा करता है, अच्छे कुलमें उत्पन्न होकर भी नीच कर्म करता है, दुर्बल होकर भी बलवान्‌से वैर बाँधता है, श्रद्धाहीनको उपदेश करता है, न चाहने योग्य (शास्त्रनिषिद्ध) वस्तुको चाहता है, श्वशुर होकर पुत्रवधूके साथ परिहास पसन्द करता है तथा पुत्रवधुसे एकान्तवास करके भी निर्भय होकर समाजमें अपनी प्रतिष्ठा चाहता है, पर स्त्रीमें अपने वीर्यका आधान करता है, आवश्यकतासे अधिक स्त्रीकी निन्दा करता है, किसीसे कोई वस्तु पाकर भी 'याद नहीं है', ऐसा कहकर उसे दबाना चाहता है, माँगनेपर दान देकर उसके लिये अपनी डींग हाँकता है और झूठको सही साबित करनेका प्रयास करता है॥ १—६॥

**यस्मिन् यथा वर्तते यो मनुष्य-**
**स्तस्मिंस्तथा वर्तितव्यं स धर्मः।**
**मायाचारो मायया वर्तितव्यः**
**साध्वाचारः साधुना प्रत्युपेयः॥ ७॥**

जो मनुष्य अपने साथ जैसा बर्ताव करे उसके साथ वैसा ही बर्ताव करना चाहिये—यही नीति-धर्म है। कपटका आचरण करनेवालेके साथ कपटपूर्ण बर्ताव करे और अच्छा बर्ताव करनेवालेके साथ साधु-भावसे ही बर्ताव करना चाहिये॥ ७॥

**जरा रूपं हरति धैर्यमाशा**
**मृत्युः प्राणान् धर्मचर्यामसूया।**
**कामो ह्रियं वृत्तमनार्यसेवा**
**क्रोधः श्रियं सर्वमेवाभिमानः॥ ८॥**

बुढ़ापा रूपका, आशा धैर्यका, मृत्यु प्राणोंका, असूया धर्माचरणका, काम लज्जाका, नीच पुरुषोंकी सेवा सदाचारका, क्रोध लक्ष्मीका और अभिमान सर्वस्वका ही नाश कर देता है॥ ८॥

धृतराष्ट्र उवाच

**शतायुरुक्तः पुरुषः सर्ववेदेषु वै यदा।**
**नाप्नोत्यथ च तत् सर्वमायुः केनेह हेतुना॥ ९॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—जब सभी वेदोंमें पुरुषको सौ वर्षकी आयुवाला बताया गया है, तो वह किस कारणसे अपनी पूर्ण आयुको नहीं पाता ? ॥ ९॥

विदुर उवाच

**अतिमानोऽतिवादश्च तथात्यागो नराधिप।**
**क्रोधश्चात्मविधित्सा च मित्रद्रोहश्च तानि षट्॥ १०॥**
**एत एवासयस्तीक्ष्णाः कृन्तन्त्यायूंषि देहिनाम्।**
**एतानि मानवान् घ्नन्ति न मृत्युर्भद्रमस्तु ते॥ ११॥**

**विदुरजी बोले**—राजन्! आपका कल्याण हो। अत्यन्त अभिमान, अधिक बोलना, त्यागका अभाव, क्रोध, अपना ही पेट पालनेकी चिन्ता और मित्रद्रोह—ये छः तीखी तलवारें देहधारियोंकी आयुको काटती हैं। ये ही मनुष्योंका वध करती हैं, मृत्यु नहीं॥ १०-११॥

**विश्वस्तस्यैति यो दारान् यश्चापि गुरुतल्पगः।**
**वृषलीपतिर्द्विजो यश्च पानपश्चैव भारत॥ १२॥**
**आदेशकृद् वृत्तिहन्ता द्विजानां प्रेषकश्च यः।**
**शरणागतहा चैव सर्वे ब्रह्महणः समाः।**
**एतैः समेत्य कर्तव्यं प्रायश्चित्तमिति श्रुतिः॥ १३॥**

भारत! जो अपने ऊपर विश्वास करनेवालेकी स्त्रीके साथ समागम करता है, जो गुरुस्त्रीगामी है, ब्राह्मण होकर शूद्रकी स्त्रीसे सम्बन्ध रखता है, शराब पीता है तथा जो बड़ोंपर हुकुम चलानेवाला, दूसरोंकी जीविका नष्ट करनेवाला, ब्राह्मणोंको सेवाकार्यके लिये इधर-उधर भेजनेवाला और शरणागतकी हिंसा करनेवाला है—ये सब-के-सब ब्रह्महत्यारेके समान हैं; इनका सङ्ग हो जानेपर प्रायश्चित्त करे—यह वेदोंकी आज्ञा है॥ १२-१३॥

**गृहीतवाक्यो नयविद् वदान्यः**
**शेषान्नभोक्ता ह्यविहिंसकश्च ।**
**नानर्थकृत्याकुलितः कृतज्ञः**
**सत्यो मृदुः स्वर्गमुपैति विद्वान् ॥ १४ ॥**

बड़ोंकी आज्ञा माननेवाला, नीतिज्ञ, दाता, यज्ञशेष अन्नका भोजन करनेवाला, हिंसारहित, अनर्थकारी कार्योंसे दूर रहनेवाला, कृतज्ञ, सत्यवादी और कोमल स्वभाववाला विद्वान् स्वर्गगामी होता है ॥ १४ ॥

**सुलभाः पुरुषा राजन् सततं प्रियवादिनः ।**
**अप्रियस्य तु पथ्यस्य वक्ता श्रोता च दुर्लभः ॥ १५ ॥**

राजन् ! सदा प्रिय वचन बोलनेवाले मनुष्य तो सहजमें ही मिल सकते हैं, किंतु जो अप्रिय होता हुआ हितकारी हो, ऐसे वचनके वक्ता और श्रोता दोनों ही दुर्लभ हैं ॥ १५ ॥

**यो हि धर्मं समाश्रित्य हित्वा भर्तुः प्रियाप्रिये ।**
**अप्रियाण्याह पथ्यानि तेन राजा सहायवान् ॥ १६ ॥**

जो धर्मका आश्रय लेकर तथा स्वामीको प्रिय लगेगा या अप्रिय—इसका विचार छोड़कर अप्रिय होनेपर भी हितकी बात कहता है; उसीसे राजाको सच्ची सहायता मिलती है ॥ १६ ॥

**त्यजेत् कुलार्थे पुरुषं ग्रामस्यार्थे कुलं त्यजेत् ।**
**ग्रामं जनपदस्यार्थे आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत् ॥ १७ ॥**

कुलकी रक्षाके लिये एक मनुष्यका, ग्रामकी रक्षाके लिये कुलका, देशकी रक्षाके लिये गाँवका और आत्माके कल्याणके लिये सारी पृथ्वीका त्याग कर देना चाहिये ॥ १७ ॥

**आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि ।**
**आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥ १८ ॥**

आपत्तिके लिये धनकी रक्षा करे, धनके द्वारा भी स्त्रीकी रक्षा करे और

स्त्री एवं धन दोनोंके द्वारा सदा अपनी रक्षा करे॥ १८ ॥

**द्यूतमेतत् पुराकल्पे दृष्टं वैरकरं नृणाम्।**
**तस्माद् द्यूतं न सेवेत हास्यार्थमपि बुद्धिमान्॥ १९ ॥**

पहलेके समयमें जूआ खेलना मनुष्योंमें वैर डालनेका कारण देखा गया है, अतः बुद्धिमान् मनुष्य हँसीके लिये भी जूआ न खेले॥ १९ ॥

**उक्तं मया द्यूतकालेऽपि राजन्**
**नेदं युक्तं वचनं प्रातिपेय।**
**तदौषधं पथ्यमिवातुरस्य**
**न रोचते तव वैचित्रवीर्य॥ २० ॥**

प्रतीपनन्दन! विचित्रवीर्यकुमार! राजन्! मैंने जूएका खेल आरम्भ होते समय भी कहा था कि यह ठीक नहीं है, किन्तु रोगीको जैसे दवा और पथ्य नहीं भाते, उसी तरह मेरी वह बात भी आपको अच्छी नहीं लगी॥ २० ॥

**काकैरिमांश्चित्रबर्हान् मयूरान्**
**पराजयेथाः पाण्डवान् धार्तराष्ट्रैः।**
**हित्वा सिंहान् क्रोष्टुकान् गूहमानः**
**प्राप्ते काले शोचिता त्वं नरेन्द्र॥ २१ ॥**

नरेन्द्र! आप कौओंके समान अपने पुत्रोंके द्वारा विचित्र पङ्खवाले मोरोंके सदृश पाण्डवोंको पराजित करनेका प्रयत्न कर रहे हैं; सिंहोंको छोड़कर सियारोंकी रक्षा कर रहे हैं; समय आनेपर आपको इसके लिये पश्चात्ताप करना पड़ेगा॥ २१ ॥

**यस्तात न क्रुध्यति सर्वकालं**
**भृत्यस्य भक्तस्य हिते रतस्य।**
**तस्मिन् भृत्या भर्तरि विश्वसन्ति**
**न चैनमापत्सु परित्यजन्ति॥ २२ ॥**

तात! जो स्वामी सदा हितसाधनमें लगे रहनेवाले अपने भक्त सेवकपर

कभी क्रोध नहीं करता, उसपर भृत्यगण विश्वास करते हैं और उसे आपत्तिके समय भी नहीं छोड़ते॥ २२॥

**न भृत्यानां वृत्तिसंरोधनेन**
**राज्यं धनं संजिघृक्षेदपूर्वम्।**
**त्यजन्ति ह्येनं वञ्चिता वै विरुद्धाः**
**स्निग्धा ह्यमात्याः परिहीनभोगाः॥ २३॥**

सेवकोंकी जीविका बन्द करके दूसरोंके राज्य और धनके अपहरणका प्रयत्न नहीं करना चाहिये; क्योंकि अपनी जीविका छिन जानेसे भोगोंसे वञ्चित होकर पहलेके प्रेमी मन्त्री भी उस समय विरोधी बन जाते हैं और राजाका परित्याग कर देते हैं॥ २३॥

**कृत्यानि पूर्वं परिसंख्याय सर्वा-**
**ण्यायव्यये चानुरूपां च वृत्तिम्।**
**संगृह्णीयादनुरूपान् सहायान्**
**सहायसाध्यानि हि दुष्कराणि॥ २४॥**

पहले कर्तव्य, आय-व्यय और उचित वेतन आदिका निश्चय करके फिर सुयोग्य सहायकोंका संग्रह करे; क्योंकि कठिन-से-कठिन कार्य भी सहायकोंद्वारा साध्य होते हैं॥ २४॥

**अभिप्रायं यो विदित्वा तु भर्तुः**
**सर्वाणि कार्याणि करोत्यतन्द्री।**
**वक्ता हितानामनुरक्त आर्यः**
**शक्तिज्ञ आत्मेव हि सोऽनुकम्प्यः॥ २५॥**

जो सेवक स्वामीके अभिप्रायको समझकर आलस्यरहित हो समस्त कार्योंको पूरा करता है, जो हितकी बात कहनेवाला, स्वामिभक्त, सज्जन और राजाकी शक्तिको जाननेवाला है, उसे अपने समान समझकर कृपा करनी चाहिये॥ २५॥

**वाक्यं तु यो नाद्रियतेऽनुशिष्टः**
**प्रत्याह यश्चापि नियुज्यमानः ।**
**प्रज्ञाभिमानी प्रतिकूलवादी**
**त्याज्यः स तादृक् त्वरयैव भृत्यः ॥ २६ ॥**

जो सेवक स्वामीके आज्ञा देनेपर उनकी बातका आदर नहीं करता, किसी काममें लगाये जानेपर इनकार कर जाता है, अपनी बुद्धिपर गर्व करने और प्रतिकूल बोलनेवाले उस भृत्यको शीघ्र ही त्याग देना चाहिये ॥ २६ ॥

**अस्तब्धमक्लीबमदीर्घसूत्रं**
**सानुक्रोशं श्लक्ष्णमहार्यमन्यैः ।**
**अरोगजातीयमुदारवाक्यं**
**दूतं वदन्त्यष्टगुणोपपन्नम् ॥ २७ ॥**

अहङ्काररहित, कायरताशून्य, शीघ्र काम पूरा करनेवाला, दयालु, शुद्धहृदय, दूसरोंके बहकावेमें न आनेवाला, नीरोग और उदार वचनवाला—इन आठ गुणोंसे युक्त मनुष्यको 'दूत' बनानेयोग्य बताया गया है ॥ २७ ॥

**न विश्वासाज्जातु परस्य गेहे**
**गच्छेन्नरश्चेतयानो विकाले ।**
**न चत्वरे निशि तिष्ठेन्निगूढो**
**न राजकाम्यां योषितं प्रार्थयीत ॥ २८ ॥**

सावधान मनुष्य विश्वास करके असमयमें कभी किसी दूसरे अविश्वस्त मनुष्यके घर न जाय, रातमें छिपकर चौराहेपर न खड़ा हो और राजा जिस स्त्रीको ग्रहण करना चाहता हो, उसे प्राप्त करनेका यत्न न करे ॥ २८ ॥

**न निह्नवं मन्त्रगतस्य गच्छेत्**
**संसृष्टमन्त्रस्य कुसङ्गतस्य ।**

**न च ब्रूयान्नाश्वसिमि त्वयीति**
**सकारणं व्यपदेशं तु कुर्यात् ॥ २९ ॥**

दुष्ट सहायकोंवाला राजा जब बहुत लोगोंके साथ मन्त्रणासमितिमें बैठकर सलाह ले रहा हो, उस समय उसकी बातका खण्डन न करे; 'मैं तुमपर विश्वास नहीं करता' ऐसा भी न कहे, अपितु कोई युक्तिसङ्गत बहाना बनाकर वहाँसे हट जाय ॥ २९ ॥

**घृणी राजा पुंश्चली राजभृत्यः**
**पुत्रो भ्राता विधवा बालपुत्रा ।**
**सेनाजीवी चोद्धृतभूतिरेव**
**व्यवहारेषु वर्जनीयाः स्युरेते ॥ ३० ॥**

अधिक दयालु राजा, व्यभिचारिणी स्त्री, राजकर्मचारी, पुत्र, भाई, छोटे बच्चोंवाली विधवा, सैनिक और जिसका अधिकार छीन लिया गया हो, वह पुरुष—इन सबके साथ लेन-देनका व्यवहार न करे ॥ ३० ॥

**अष्टौ गुणाः पुरुषं दीपयन्ति**
**प्रज्ञा च कौल्यं च श्रुतं दमश्च ।**
**पराक्रमश्चाबहुभाषिता च**
**दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च ॥ ३१ ॥**

ये आठ गुण पुरुषकी शोभा बढ़ाते हैं—बुद्धि, कुलीनता, शास्त्रज्ञान, इन्द्रियनिग्रह, पराक्रम, अधिक न बोलनेका स्वभाव, यथाशक्ति दान और कृतज्ञता ॥ ३१ ॥

**एतान् गुणांस्तात महानुभावा-**
**नेको गुणः संश्रयते प्रसह्य ।**
**राजा यदा सत्कुरुते मनुष्यं**
**सर्वान् गुणानेष गुणो बिभर्ति ॥ ३२ ॥**

तात ! एक गुण ऐसा है, जो इन सभी महत्त्वपूर्ण गुणोंपर हठात् अधिकार

कर लेता है। राजा जिस समय किसी मनुष्यका सत्कार करता है, उस समय यह गुण (राजसम्मान) उपर्युक्त सभी गुणोंसे बढ़कर शोभा पाता है॥ ३२॥

**गुणा दश स्नानशीलं भजन्ते**
**बलं रूपं स्वरवर्णप्रशुद्धिः।**
**स्पर्शश्च गन्धश्च विशुद्धता च**
**श्रीः सौकुमार्यं प्रवराश्च नार्यः॥ ३३॥**

नित्य स्नान करनेवाले मनुष्यको बल, रूप, मधुर स्वर, उज्ज्वल वर्ण, कोमलता, सुगन्ध, पवित्रता, शोभा, सुकुमारता और सुन्दरी स्त्रियाँ—ये दस लाभ प्राप्त होते हैं॥ ३३॥

**गुणाश्च षण्मितभुक्तं भजन्ते**
**आरोग्यमायुश्च बलं सुखं च।**
**अनाविलं चास्य भवत्यपत्यं**
**न चैनमाद्यून इति क्षिपन्ति॥ ३४॥**

थोड़ा भोजन करनेवालेको निम्नाङ्कित छः गुण प्राप्त होते हैं—आरोग्य, आयु, बल और सुख तो मिलते ही हैं, उसकी संतान सुन्दर होती है तथा 'यह बहुत खानेवाला है' ऐसा कहकर लोग उसपर आक्षेप नहीं करते॥ ३४॥

**अकर्मशीलं च महाशनं च**
**लोकद्विष्टं बहुमायं नृशंसम्।**
**अदेशकालज्ञमनिष्टवेष-**
**मेतान् गृहे न प्रतिवासयेत॥ ३५॥**

अकर्मण्य, बहुत खानेवाले, सब लोगोंसे वैर करनेवाले, अधिक मायावी, क्रूर, देश-कालका ज्ञान न रखनेवाले और निन्दित वेष धारण करनेवाले मनुष्यको कभी अपने घरमें न ठहरने दे॥ ३५॥

**कदर्यमाक्रोशकमश्रुतं च**
**वनौकसं धूर्तममान्यमानिनम्।**

निष्ठूरिणं कृतवैरं कृतघ्न-
मेतान् भृशार्तोऽपि न जातु याचेत् ॥ ३६ ॥

बहुत दुःखी होनेपर भी कृपण, गाली बकनेवाले, मूर्ख, जंगलमें रहनेवाले, धूर्त, नीचसेवी, निर्दयी, वैर बाँधनेवाले और कृतघ्नसे कभी सहायताकी याचना नहीं करनी चाहिये ॥ ३६ ॥

संक्लिष्टकर्माणमतिप्रमादं
नित्यानृतं चादृढभक्तिकं च।
विसृष्टरागं पटुमानिनं चा-
प्येतान् न सेवेत नराधमान् षट् ॥ ३७ ॥

क्लेशप्रद कर्म करनेवाला, अत्यन्त प्रमादी, सदा असत्यभाषण करनेवाला, अस्थिर भक्तिवाला, स्नेहसे रहित, अपनेको चतुर माननेवाला—इन छः प्रकारके अधम पुरुषोंकी सेवा न करे ॥ ३७ ॥

सहायबन्धना ह्यर्थाः सहायाश्चार्थबन्धनाः।
अन्योन्यबन्धनावेतौ विनान्योन्यं न सिद्ध्यतः ॥ ३८ ॥

धनकी प्राप्ति सहायककी अपेक्षा रखती है और सहायक धनकी अपेक्षा रखते हैं। ये दोनों एक-दूसरेके आश्रित हैं, परस्परके सहयोग बिना इनकी सिद्धि नहीं होती ॥ ३८ ॥

उत्पाद्य पुत्राननृणांश्च कृत्वा
वृत्तिं च तेभ्योऽनुविधाय काञ्चित्।
स्थाने कुमारीः प्रतिपाद्य सर्वा
अरण्यसंस्थोऽथ मुनिर्बुभूषेत् ॥ ३९ ॥

पुत्रोंको उत्पन्न कर उन्हें ऋणके भारसे मुक्त करके उनके लिये किसी जीविकाका प्रबन्ध कर दे, फिर कन्याओंका योग्य वरके साथ विवाह कर देनेके पश्चात् वनमें मुनिवृत्तिसे रहनेकी इच्छा करे ॥ ३९ ॥

हितं यत् सर्वभूतानामात्मनश्च सुखावहम्।
तत् कुर्यादीश्वरे ह्येतन्मूलं सर्वार्थसिद्धये ॥ ४० ॥

जो सम्पूर्ण प्राणियोंके लिये हितकर और अपने लिये भी सुखद हो, उसे ईश्वरार्पणबुद्धिसे करे, सम्पूर्ण सिद्धियोंका यही मूलमन्त्र है ॥ ४० ॥

वृद्धिः प्रभावस्तेजश्च सत्त्वमुत्थानमेव च।
व्यवसायश्च यस्य स्यात् तस्यावृत्तिभयं कुतः ॥ ४१ ॥

जिसमें बढ़नेकी शक्ति, प्रभाव, तेज, पराक्रम, उद्योग और निश्चय है,उसे अपनी जीविकाके नाशका भय कैसे हो सकता है ? ॥ ४१ ॥

पश्य दोषान् पाण्डवैर्विग्रहे त्वं
यत्र व्यथेयुरपि देवाः सशक्राः।
पुत्रैर्वैरं नित्यमुद्विग्नवासो
यशःप्रणाशो द्विषतां च हर्षः ॥ ४२ ॥

पाण्डवोंके साथ युद्ध करनेमें जो दोष हैं, उनपर दृष्टि डालिये, उनसे संग्राम छिड़ जानेपर इन्द्र आदि देवताओंको भी कष्ट ही उठाना पड़ेगा। इसके सिवा पुत्रोंके साथ वैर, नित्य उद्वेगपूर्ण जीवन, कीर्तिका नाश और शत्रुओंको आनन्द होगा ॥ ४२ ॥

भीष्मस्य कोपस्तव चैवेन्द्रकल्प
द्रोणस्य राज्ञश्च युधिष्ठिरस्य।
उत्सादयेल्लोकमिमं प्रवृद्धः
श्वेतो ग्रहस्तिर्यगिवापतन् खे ॥ ४३ ॥

इन्द्रके समान पराक्रमी महाराज ! आकाशमें तिरछा उदित हुआ धूमकेतु जैसे सारे संसारमें अशान्ति और उपद्रव खड़ा कर देता है, उसी तरह भीष्म, आप, द्रोणाचार्य और राजा युधिष्ठिरका बढ़ा हुआ कोप इस संसारका संहार कर सकता है ॥ ४३ ॥

**तव पुत्रशतं चैव कर्णः पञ्च च पाण्डवाः ।**
**पृथिवीमनुशासेयुरखिलां सागराम्बराम् ॥ ४४ ॥**

आपके सौ पुत्र, कर्ण और पाँच पाण्डव—ये सब मिलकर समुद्रपर्यन्त सम्पूर्ण पृथ्वीका शासन कर सकते हैं ॥ ४४ ॥

**धार्तराष्ट्रा वनं राजन् व्याघ्राः पाण्डुसुता मताः ।**
**मा वनं छिन्धि सव्याघ्रं मा व्याघ्रान् नीनशन् वनात् ॥ ४५ ॥**

राजन् ! आपके पुत्र वनके समान हैं और पाण्डव उसमें रहनेवाले व्याघ्र हैं। आप व्याघ्रोंसहित समस्त वनको नष्ट न कीजिये तथा वनसे उन व्याघ्रोंको दूर न भगाइये ॥ ४५ ॥

**न स्याद्वनमृते व्याघ्रान् व्याघ्रा न स्युर्ऋते वनम् ।**
**वनं हि रक्ष्यते व्याघ्रैर्व्याघ्रान् रक्षति काननम् ॥ ४६ ॥**

व्याघ्रोंके बिना वनकी रक्षा नहीं हो सकती तथा वनके बिना व्याघ्र नहीं रह सकते; क्योंकि व्याघ्र वनकी रक्षा करते हैं और वन व्याघ्रोंकी ॥ ४६ ॥

**न तथेच्छन्ति कल्याणान् परेषां वेदितुं गुणान् ।**
**यथैषां ज्ञातुमिच्छन्ति नैर्गुण्यं पापचेतसः ॥ ४७ ॥**

जिनका मन पापोंमें लगा रहता है, वे लोग दूसरोंके कल्याणमय गुणोंको जाननेकी वैसी इच्छा नहीं रखते, जैसी कि उनके अवगुणोंको जाननेकी रखते हैं ॥ ४७ ॥

**अर्थसिद्धिं परामिच्छन् धर्ममेवादितश्चरेत् ।**
**न हि धर्मादपैत्यर्थः स्वर्गलोकादिवामृतम् ॥ ४८ ॥**

जो अर्थकी पूर्ण सिद्धि चाहता हो, उसे पहले धर्मका ही आचरण करना चाहिये। जैसे स्वर्गसे अमृत दूर नहीं होता, उसी प्रकार धर्मसे अर्थ अलग नहीं होता ॥ ४८ ॥

**यस्यात्मा विरतः पापात् कल्याणे च निवेशितः ।**
**तेन सर्वमिदं बुद्धं प्रकृतिर्विकृतिश्च या ॥ ४९ ॥**

जिसकी बुद्धि पापसे हटाकर कल्याणमें लगा दी गयी है, उसने संसारमें जो भी प्रकृति और विकृति है—उन सबको जान लिया है॥ ४९ ॥

**यो धर्ममर्थं कामं च यथाकालं निषेवते ।**
**धर्मार्थकामसंयोगं सोऽमुत्रेह च विन्दति ॥ ५० ॥**

जो समयानुसार धर्म, अर्थ और कामका सेवन करता है, वह इस लोक और परलोकमें भी धर्म, अर्थ और कामको प्राप्त करता है॥ ५० ॥

**संनियच्छति यो वेगमुत्थितं क्रोधहर्षयोः ।**
**स श्रियो भाजनं राजन् यश्चापत्सु न मुह्यति ॥ ५१ ॥**

राजन् ! जो क्रोध और हर्षके उठे हुए वेगको रोक लेता है और आपत्तिमें भी धैर्यको खो नहीं बैठता, वही राजलक्ष्मीका अधिकारी होता है॥ ५१ ॥

**बलं पञ्चविधं नित्यं पुरुषाणां निबोध मे ।**
**यत्तु बाहुबलं नाम कनिष्ठं बलमुच्यते ॥ ५२ ॥**
**अमात्यलाभो भद्रं ते द्वितीयं बलमुच्यते ।**
**तृतीयं धनलाभं तु बलमाहुर्मनीषिणः ॥ ५३ ॥**
**यत्त्वस्य सहजं राजन् पितृपैतामहं बलम् ।**
**अभिजातबलं नाम तच्चतुर्थं बलं स्मृतम् ॥ ५४ ॥**
**येन त्वेतानि सर्वाणि संगृहीतानि भारत ।**
**यद् बलानां बलं श्रेष्ठं तत् प्रज्ञाबलमुच्यते ॥ ५५ ॥**

राजन् ! आपका कल्याण हो, मनुष्योंमें सदा पाँच प्रकारका बल होता है, उसे सुनिये। जो बाहुबल नामक बल है, वह कनिष्ठ बल कहलाता है; मन्त्रीका मिलना दूसरा बल है; मनीषी लोग धनके लाभको तीसरा बल बताते हैं; और राजन् ! जो बाप-दादोंसे प्राप्त हुआ मनुष्यका स्वाभाविक बल (कुटुम्बका बल) है, वह 'अभिजात' नामक चौथा बल है। भारत ! जिससे इन सभी बलोंका संग्रह हो जाता है तथा जो सब बलोंमें श्रेष्ठ बल है, वह पाँचवाँ 'बुद्धिका बल' कहलाता है॥ ५२—५५ ॥

**महते योऽपकाराय नरस्य प्रभवेन्नरः।**
**तेन वैरं समासज्य दूरस्थोऽस्मीति नाश्वसेत्॥ ५६॥**

जो मनुष्यका बहुत बड़ा अपकार कर सकता है, उस पुरुषके साथ वैर ठानकर इस विश्वासपर निश्चिन्त न हो जाय कि मैं उससे दूर हूँ (वह मेरा कुछ नहीं कर सकता)॥ ५६॥

**स्त्रीषु राजसु सर्पेषु स्वाध्यायप्रभुशत्रुषु।**
**भोगेष्वायुषि विश्वासं कः प्राज्ञः कर्तुमर्हति॥ ५७॥**

ऐसा कौन बुद्धिमान् होगा जो स्त्री, राजा, साँप, पढ़े हुए पाठ, सामर्थ्यशाली व्यक्ति, शत्रु, भोग और आयुष्यपर पूर्ण विश्वास कर सकता है?॥ ५७॥

**प्रज्ञाशरेणाभिहतस्य जन्तो-**
**श्चिकित्सकाः सन्ति न चौषधानि।**
**न होममन्त्रा न च मङ्गलानि**
**नाथर्वणा नाप्यगदाः सुसिद्धाः॥ ५८॥**

जिसको बुद्धिके बाणसे मारा गया है, उस जीवके लिये न कोई वैद्य है, न दवा है, न होम है, न मन्त्र है, न कोई माङ्गलिक कार्य, न अथर्ववेदोक्त प्रयोग और न भलीभाँति सिद्ध जड़ी-बूटी ही है॥ ५८॥

**सर्पश्चाग्निश्च सिंहश्च कुलपुत्रश्च भारत।**
**नावज्ञेया मनुष्येण सर्वे ह्येतेऽतितेजसः॥ ५९॥**

भारत! मनुष्यको चाहिये कि वह साँप, अग्नि, सिंह और अपने कुलमें उत्पन्न व्यक्तिका अनादर न करे, क्योंकि ये सभी बड़े तेजस्वी होते हैं॥ ५९॥

**अग्निस्तेजो महल्लोके गूढस्तिष्ठति दारुषु।**
**न चोपयुङ्क्ते तद्दारु यावन्नोद्दीप्यते परैः॥ ६०॥**

संसारमें अग्नि एक महान् तेज है, वह काठमें छिपी रहती है; किन्तु जबतक दूसरे लोग उसे प्रज्वलित न कर दें, तबतक वह उस काठको नहीं

***************************************************************************

जलाती ॥ ६० ॥

**स एव खलु दारुभ्यो यदा निर्मथ्य दीप्यते।**
**तद्दारु च वनं चान्यन्निर्दहत्याशु तेजसा ॥ ६१ ॥**

वही अग्नि यदि काष्ठसे मथकर उद्दीप्त कर दी जाती है, तो वह अप तेजसे उस काष्ठको, जङ्गलको तथा दूसरी वस्तुओंको भी जल्दी ही जर डालती है ॥ ६१ ॥

**एवमेव कुले जाताः पावकोपमतेजसः।**
**क्षमावन्तो निराकाराः काष्ठेऽग्निरिव शेरते ॥ ६२ ॥**

इसी प्रकार अपने कुलमें उत्पन्न वे अग्निके समान तेजस्वी पाण्ड क्षमाभावसे युक्त और विकारशून्य हो काष्ठमें छिपी अग्निकी तरह शान्तभाव स्थित हैं ॥ ६२ ॥

**लताधर्मा त्वं सपुत्रः शालाः पाण्डुसुता मताः।**
**न लता वर्धते जातु महाद्रुममनाश्रिता ॥ ६३ ॥**

अपने पुत्रोंसहित आप लताके समान हैं और पाण्डव महान् शालवृक्षं सदृश हैं, महान् वृक्षका आश्रय लिये बिना लता कभी बढ़ न सकती ॥ ६३ ॥

**वनं राजंस्तव पुत्रोऽम्बिकेय**
**सिंहान् वने पाण्डवांस्तात विद्धि।**
**सिंहैर्विहीनं हि वनं विनश्येत्**
**सिंहा विनश्येयुर्ऋते वनेन ॥ ६४ ॥**

राजन्! अम्बिकानन्दन! आपके पुत्र एक वन हैं और पाण्डवोंको उस भीतर रहनेवाले सिंह समझिये। तात! सिंहसे सूना हो जानेपर वन नष्ट जाता है और वनके बिना सिंह भी नष्ट हो जाते हैं ॥ ६४ ॥

इति श्रीमहाभारते उद्योगपर्वणि प्रजागरपर्वणि विदुरहितवाक्ये

सप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥

# छठा अध्याय

विदुर उवाच

**ऊर्ध्वं प्राणा ह्युत्क्रामन्ति यूनः स्थविर आयति।**
**प्रत्युत्थानाभिवादाभ्यां पुनस्तान् प्रतिपद्यते॥ १॥**

**विदुरजी कहते हैं**—जब कोई माननीय वृद्ध पुरुष निकट आता है, उस समय नवयुवक व्यक्तिके प्राण ऊपरको उठने लगते हैं, फिर जब वह वृद्धके स्वागतमें उठकर खड़ा होता और प्रणाम करता है, तो पुनः प्राणोंको वास्तविक स्थितिमें प्राप्त करता है॥ १॥

**पीठं दत्त्वा साधवेऽभ्यागताय**
**आनीयापः परिनिर्णिज्य पादौ।**
**सुखं पृष्ट्वा प्रतिवेद्यात्मसंस्थां**
**ततो दद्यादन्नमवेक्ष्य धीरः॥ २॥**

धीर पुरुषको चाहिये, जब कोई साधु पुरुष अतिथिके रूपमें घरपर आवे तो पहले आसन देकर, जल लाकर उसके चरण पखारे, फिर उसकी कुशल पूछकर अपनी स्थिति बतावे, तदनन्तर आवश्यकता समझकर अन्न भोजन करावे॥ २॥

**यस्योदकं मधुपर्कं च गां च**
**न मन्त्रवित् प्रतिगृह्णाति गेहे।**
**लोभाद् भयादथ कार्पण्यतो वा**
**तस्यानर्थं जीवितमाहुरार्याः॥ ३॥**

वेदवेत्ता ब्राह्मण जिसके घर दाताके लोभ, भय या कंजूसीके कारण जल, मधुपर्क और गौको नहीं स्वीकार करता, श्रेष्ठ पुरुषोंने उस गृहस्थका जीवन व्यर्थ बताया है॥ ३॥

**चिकित्सकः शल्यकर्तावकीर्णी**
**स्तेनः क्रूरो मद्यपो भ्रूणहा च।**
**सेनाजीवी श्रुतिविक्रायकश्च**
**भृशं प्रियोऽप्यतिथिर्नोदकार्हः॥ ४॥**

वैद्य, चीर-फाड़ करनेवाला (जर्राह), ब्रह्मचर्यसे भ्रष्ट, चोर, क्रूर, शराबी, गर्भहत्यारा, सेनाजीवी और वेदविक्रेता—ये यद्यपि पैर धोनेके योग्य नहीं हैं तथापि यदि अतिथि होकर आवें तो विशेष प्रिय यानी आदरके योग्य होते हैं ॥ ४ ॥

**अविक्रयं लवणं पक्वमन्नं**
**दधि क्षीरं मधु तैलं घृतं च।**
**तिला मांसं फलमूलानि शाकं**
**रक्तं वासः सर्वगन्धा गुडाश्च ॥ ५ ॥**

नमक, पका हुआ अन्न, दही, दूध, मधु, तेल, घी, तिल, मांस, फल, मूल, साग, लाल कपड़ा, सब प्रकारकी गन्ध और गुड़—इतनी वस्तुएँ बेचनेयोग्य नहीं हैं ॥ ५ ॥

**अरोषणो यः समलोष्टाश्मकाञ्चनः**
**प्रहीणशोको गतसन्धिविग्रहः।**
**निन्दाप्रशंसोपरतः प्रियाप्रिये**
**त्यजन्नुदासीनवदेष भिक्षुकः ॥ ६ ॥**

जो क्रोध न करनेवाला, ढेला-पत्थर और सुवर्णको एक-सा समझनेवाला, शोकहीन, सन्धि-विग्रहसे रहित, निन्दा-प्रशंसासे शून्य, प्रिय-अप्रियका त्याग करनेवाला तथा उदासीन है, वही भिक्षुक (संन्यासी) है ॥ ६ ॥

**नीवारमूलेङ्गुदशाकवृत्तिः**
**सुसंयतात्माग्निकार्येषु चोद्यः।**
**वने वसन्नतिथिष्वप्रमत्तो**
**धुरन्धरः पुण्यकृदेष तापसः ॥ ७ ॥**

जो नीवार (जङ्गली चावल), कन्द-मूल, इङ्गुद (लिसौड़ा) और साग खाकर निर्वाह करता है, मनको वशमें रखता है, अग्निहोत्र करता है, वनमें

रहकर भी अतिथिसेवामें सदा सावधान रहता है, वही पुण्यात्मा तपस्वी (वानप्रस्थी) श्रेष्ठ माना गया है॥ ७॥

**अपकृत्य बुद्धिमतो दूरस्थोऽस्मीति नाश्वसेत्।**
**दीर्घौ बुद्धिमतो बाहू याभ्यां हिंसति हिंसितः॥ ८॥**

बुद्धिमान् पुरुषकी बुराई करके इस विश्वासपर निश्चिन्त न रहे कि 'मैं दूर हूँ।' बुद्धिमान्‌की बाँहें बड़ी लम्बी होती हैं, सताया जानेपर वह उन्हीं बाँहोंसे बदला लेता है॥ ८॥

**न विश्वसेदविश्वस्ते विश्वस्ते नातिविश्वसेत्।**
**विश्वासाद् भयमुत्पन्नं मूलान्यपि निकृन्तति॥ ९॥**

जो विश्वासका पात्र नहीं है, उसका तो विश्वास करे ही नहीं, किन्तु जो विश्वासपात्र है, उसपर भी अधिक विश्वास न करे। विश्वाससे जो भय उत्पन्न होता है, वह मूलका भी उच्छेद कर डालता है॥ ९॥

**अनीर्षुर्गुप्तदारश्च संविभागी प्रियंवदः।**
**श्लक्ष्णो मधुरवाक् स्त्रीणां न चासां वशगो भवेत्॥ १०॥**

मनुष्यको चाहिये कि वह ईर्ष्यारहित स्त्रियोंका रक्षक, सम्पत्तिका न्यायपूर्वक विभाग करनेवाला, प्रियवादी, स्वच्छ तथा स्त्रियोंके निकट मीठे वचन बोलनेवाला हो, परंतु उनके वशमें कभी न हो॥ १०॥

**पूजनीया महाभागाः पुण्याश्च गृहदीप्तयः।**
**स्त्रियः श्रियो गृहस्योक्तास्तस्माद्रक्ष्या विशेषतः॥ ११॥**

स्त्रियाँ घरकी लक्ष्मी कही गयी हैं; वे अत्यन्त सौभाग्यशालिनी, पूजाके योग्य पवित्र तथा घरकी शोभा हैं। अतः इनकी विशेषरूपसे रक्षा करनी चाहिये॥ ११॥

**पितुरन्तःपुरं दद्यान्मातुर्दद्यान्महानसम्।**
**गोषु चात्मसमं दद्यात् स्वयमेव कृषिं व्रजेत्॥ १२॥**

अन्तःपुरकी रक्षाका कार्य पिताको सौंप दे, रसोई-घरका प्रबन्ध माताके

हाथोंमें दे दे, गौओंकी सेवामें अपने समान व्यक्तिको नियुक्त करे और कृषिका कार्य स्वयं करे॥ १२ ॥

**भृत्यैर्वाणिज्यचारं च पुत्रैः सेवेत च द्विजान्।**
**अद्भ्योऽग्निर्ब्रह्मतः क्षत्रमश्मनो लोहमुत्थितम्॥ १३ ॥**
**तेषां सर्वत्रगं तेजः स्वासु योनिषु शाम्यति।**

सेवकोंद्वारा वाणिज्य—व्यापार और पुत्रोंके द्वारा ब्राह्मणोंकी सेवा करे। जलसे अग्नि, ब्राह्मणसे क्षत्रिय और पत्थरसे लोहा पैदा हुआ है। इनका तेज सर्वत्र व्याप्त होनेपर भी अपने उत्पत्तिस्थानमें शान्त हो जाता है॥ १३-१/२ ॥

**नित्यं सन्तः कुले जाताः पावकोपमतेजसः॥ १४ ॥**
**क्षमावन्तो निराकाराः काष्ठेऽग्निरिव शेरते।**

अच्छे कुलमें उत्पन्न, अग्निके समान तेजस्वी, क्षमाशील और विकारशून्य सन्त पुरुष सदा काष्ठमें अग्निकी भाँति शान्तभावसे स्थित रहते हैं॥ १४-१/२ ॥

**यस्य मन्त्रं न जानन्ति बाह्याश्चाभ्यन्तराश्च ये॥ १५ ॥**
**स राजा सर्वतश्चक्षुश्चिरमैश्वर्यमश्नुते।**

जिस राजाकी मन्त्रणाको उसके बहिरङ्ग एवं अन्तरङ्ग सभासद्तक नहीं जानते, सब ओर दृष्टि रखनेवाला वह राजा चिरकालतक ऐश्वर्यका उपभोग करता है॥ १५-१/२ ॥

**करिष्यन्न प्रभाषेत कृतान्येव तु दर्शयेत्॥ १६ ॥**
**धर्मकामार्थकार्याणि तथा मन्त्रो न भिद्यते।**

धर्म, काम और अर्थसम्बन्धी कार्योंको करनेसे पहले न बतावे, करके ही दिखावे। ऐसा करनेसे अपनी मन्त्रणा दूसरोंपर प्रकट नहीं होती॥ १६-१/२ ॥

**गिरिपृष्ठमुपारुह्य प्रासादं वा रहोगतः॥ १७ ॥**
**अरण्ये निःशलाके वा तत्र मन्त्रोऽभिधीयते।**

पर्वतकी चोटी अथवा राजमहलपर चढ़कर एकान्त स्थानमें जाकर या जङ्गलमें तृण आदिसे अनावृत स्थानपर मन्त्रणा करनी चाहिये॥ १७-१/२ ॥

**नासुहृत् परमं मन्त्रं भारतार्हति वेदितुम्॥ १८ ॥**
**अपण्डितो वापि सुहृत् पण्डितो वाप्यनात्मवान्।**
**नापरीक्ष्य महीपालः कुर्यात् सचिवमात्मनः॥ १९ ॥**
**अमात्ये ह्यर्थलिप्सा च मन्त्ररक्षणमेव च।**
**कृतानि सर्वकार्याणि यस्य पारिषदा विदुः॥ २० ॥**
**धर्मे चार्थे च कामे च स राजा राजसत्तमः।**
**गूढमन्त्रस्य नृपतेस्तस्य सिद्धिरसंशयम्॥ २१ ॥**

भारत! जो मित्र न हो, मित्र होनेपर भी पण्डित न हो, पण्डित होनेपर भी जिसका मन वशमें न हो, वह अपनी गुप्त मन्त्रणा जाननेके योग्य नहीं है। राजा अच्छी तरह परीक्षा किये बिना किसीको अपना मन्त्री न बनावे क्योंकि धनकी प्राप्ति और मन्त्रकी रक्षाका भार मन्त्रीपर ही रहता है। जिसके धर्म, अर्थ और कामविषयक सभी कार्योंको पूर्ण होनेके बाद ही सभासद्गण जान पाते हैं, वही राजा समस्त राजाओंमें श्रेष्ठ है। अपने मन्त्रको गुप्त रखनेवाले उस राजाको निःसन्देह सिद्धि प्राप्त होती है॥ १८-१/२-२१ ॥

**अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।**
**स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि॥ २२ ॥**

जो मोहवश बुरे कर्म करता है, वह उन कार्योंका विपरीत परिणाम होनेसे अपने जीवनसे भी हाथ धो बैठता है॥ २२ ॥

**कर्मणां तु प्रशस्तानामनुष्ठानं सुखावहम्।**
**तेषामेवाननुष्ठानं पश्चात्तापकरं मतम्॥ २३ ॥**

उत्तम कर्मोंका अनुष्ठान तो सुख देनेवाला होता है, किंतु उन्हींका अनुष्ठान न किया जाय तो वह पश्चात्तापका कारण माना गया है॥ २३ ॥

**अनधीत्य यथा वेदान्न विप्रः श्राद्धमर्हति।**
**एवमश्रुतषाड्गुण्यो न मन्त्रं श्रोतुमर्हति॥ २४॥**

जैसे वेदोंको पढ़े बिना ब्राह्मण श्राद्धका अधिकारी नहीं होता, उसी प्रकार सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव और समाश्रय नामक छः गुणोंको जाने बिना कोई गुप्त मन्त्रणा सुननेका अधिकारी नहीं होता॥ २४॥

**स्थानवृद्धिक्षयज्ञस्य षाड्गुण्यविदितात्मनः।**
**अनवज्ञातशीलस्य स्वाधीना पृथिवी नृप॥ २५॥**

राजन्! जो सन्धि-विग्रह आदि छः गुणोंकी जानकारीके कारण प्रसिद्ध है, स्थिति, वृद्धि और ह्रासको जानता है तथा जिसके स्वभावकी सब लोग प्रशंसा करते हैं, उसी राजाके अधीन पृथ्वी रहती है॥ २५॥

**अमोघक्रोधहर्षस्य स्वयं कृत्यान्ववेक्षिणः।**
**आत्मप्रत्ययकोशस्य वसुदैव वसुन्धरा॥ २६॥**

जिसके क्रोध और हर्ष व्यर्थ नहीं जाते, जो आवश्यक कार्योंकी स्वयं देख-भाल करता है और खजानेकी भी स्वयं जानकारी रखता है, उसकी पृथ्वी पर्याप्त धन देनेवाली ही होती है॥ २६॥

**नाममात्रेण तुष्येत छत्रेण च महीपतिः।**
**भृत्येभ्यो विसृजेदर्थान्नैकः सर्वहरो भवेत्॥ २७॥**

भूपतिको चाहिये कि अपने 'राजा' नामसे और राजोचित 'छत्र' धारणसे संतुष्ट रहे। सेवकोंको पर्याप्त धन दे, सब अकेले ही न हड़प ले॥ २७॥

**ब्राह्मणं ब्राह्मणो वेद भर्ता वेद स्त्रियं तथा।**
**अमात्यं नृपतिर्वेद राजा राजानमेव च॥ २८॥**

ब्राह्मणको ब्राह्मण जानता है, स्त्रीको उसका पति जानता है, मन्त्रीको राजा जानता है और राजाको भी राजा ही जानता है॥ २८॥

**न शत्रुर्वशमापन्नो मोक्तव्यो वध्यतां गतः।**
**न्यग् भूत्वा पर्युपासीत वध्यं हन्याद् बले सति।**
**अहताद्धि भयं तस्माज्जायते नचिरादिव॥ २९॥**

वशमें आये हुए वधयोग्य शत्रुको कभी छोड़ना नहीं चाहिये। यदि अपना बल अधिक न हो तो नम्र होकर उसके पास समय बिताना चाहिये और बल होनेपर उसे मार डालना चाहिये; क्योंकि यदि शत्रु मारा न गया तो उससे शीघ्र ही भय उपस्थित होता है॥ २९॥

**दैवतेषु प्रयत्नेन राजसु ब्राह्मणेषु च।**
**नियन्तव्यः सदा क्रोधो वृद्धबालातुरेषु च॥ ३०॥**

देवता, ब्राह्मण, राजा, वृद्ध, बालक और रोगीपर होनेवाले क्रोधको प्रयत्नपूर्वक सदा रोकना चाहिये॥ ३०॥

**निरर्थं कलहं प्राज्ञो वर्जयेन्मूढसेवितम्।**
**कीर्तिं च लभते लोके न चानर्थेन युज्यते॥ ३१॥**

निरर्थक कलह करना मूर्खोंका काम है, बुद्धिमान् पुरुषको इसका त्याग करना चाहिये। ऐसा करनेसे उसे लोकमें यश मिलता है और अनर्थका सामना नहीं करना पड़ता॥ ३१॥

**प्रसादो निष्फलो यस्य क्रोधश्चापि निरर्थकः।**
**न तं भर्तारमिच्छन्ति षण्ढं पतिमिव स्त्रियः॥ ३२॥**

जिसके प्रसन्न होनेका कोई फल नहीं तथा जिसका क्रोध भी व्यर्थ होता है, ऐसे राजाको प्रजा उसी भाँति नहीं चाहती, जैसे स्त्री नपुंसक पतिको॥ ३२॥

**न बुद्धिर्धनलाभाय न जाड्यमसमृद्धये।**
**लोकपर्यायवृत्तान्तं प्राज्ञो जानाति नेतरः॥ ३३॥**

बुद्धिसे धन प्राप्त होता है और मूर्खता दरिद्रताका कारण है—ऐसा कोई नियम नहीं है। संसारचक्रके वृत्तान्तको केवल विद्वान् पुरुष ही जानते हैं, दूसरे लोग नहीं॥ ३३॥

**विद्याशीलवयोवृद्धान् बुद्धिवृद्धांश्च भारत।**
**धनाभिजातवृद्धांश्च नित्यं मूढोऽवमन्यते॥ ३४॥**

भारत ! मूर्ख मनुष्य विद्या, शील, अवस्था, बुद्धि, धन और कुलमें बड़े माननीय पुरुषोंका सदा अनादर किया करता है॥ ३४॥

**अनार्यवृत्तमप्राज्ञमसूयकमधार्मिकम् ।**
**अनर्थाः क्षिप्रमायान्ति वाग्दुष्टं क्रोधनं तथा॥ ३५॥**

जिसका चरित्र निन्दनीय है, जो मूर्ख, गुणोंमें दोष देखनेवाला, अधार्मिक, बुरे वचन बोलनेवाला और क्रोधी है, उसके ऊपर शीघ्र ही अनर्थ (सङ्कट) टूट पड़ते हैं॥ ३५॥

**अविसंवादनं दानं समयस्याव्यतिक्रमः ।**
**आवर्तयन्ति भूतानि सम्यक्प्रणिहिता च वाक्॥ ३६॥**

ठगी न करना, दान देना, बातपर कायम रहना और अच्छी तरह कही हुई हितकी बात—ये सब सम्पूर्ण भूतोंको अपना बना लेते हैं॥ ३६॥

**अविसंवादको दक्षः कृतज्ञो मतिमानृजुः ।**
**अपि संक्षीणकोशोऽपि लभते परिवारणम्॥ ३७॥**

किसीको भी धोखा न देनेवाला, चतुर, कृतज्ञ, बुद्धिमान् और सरल राजा खजाना खतम हो जानेपर भी सहायकोंको पा जाता है, अर्थात् उसे सहायक मिल जाते हैं॥ ३७॥

**धृतिः शमो दमः शौचं कारुण्यं वागनिष्ठुरा ।**
**मित्राणां चानभिद्रोहः सप्तैताः समिधः श्रियः॥ ३८॥**

धैर्य, मनोनिग्रह, इन्द्रियसंयम, पवित्रता, दया, कोमल वाणी और मित्रसे द्रोह न करना—ये सात बातें लक्ष्मीको बढ़ानेवाली हैं॥ ३८॥

**असंविभागी दुष्टात्मा कृतघ्नो निरपत्रपः ।**
**तादृङ्नराधिपो लोके वर्जनीयो नराधिप॥ ३९॥**

राजन् ! जो अपने आश्रितोंमें धनका ठीक-ठीक बँटवारा नहीं करता तथा जो दुष्ट, कृतघ्न और निर्लज्ज है, ऐसा राजा इस लोकमें त्याग देने-योग्य है॥ ३९॥

****************************************************************************

**न च रात्रौ सुखं शेते ससर्प इव वेश्मनि।**
**यः कोपयति निर्दोषं सदोषोऽभ्यन्तरं जनम्॥ ४०॥**

जो स्वयं दोषी होकर भी निर्दोष आत्मीय व्यक्तिको कुपित करता है, वह सर्पयुक्त घरमें रहनेवाले मनुष्यकी भाँति रातमें सुखसे नहीं सो सकता॥ ४०॥

**येषु दुष्टेषु दोषः स्याद् योगक्षेमस्य भारत।**
**सदा प्रसादनं तेषां देवतानामिवाचरेत्॥ ४१॥**

भारत! जिनके ऊपर दोषारोपण करनेसे योग और क्षेममें बाधा आती हो, उन लोगोंको देवताकी भाँति सदा प्रसन्न रखना चाहिये॥ ४१॥

**येऽर्थाः स्त्रीषु समायुक्ताः प्रमत्तपतितेषु च।**
**ये चानार्ये समासक्ताः सर्वे ते संशयं गताः॥ ४२॥**

जो धन आदि पदार्थ स्त्री, प्रमादी, पतित और नीच पुरुषोंके हाथमें सौंप दिये जाते हैं, वे संशयमें पड़ जाते हैं॥ ४२॥

**यत्र स्त्री यत्र कितवो बालो यत्रानुशासिता।**
**मज्जन्ति तेऽवशा राजन् नद्यामश्मप्लवा इव॥ ४३॥**

राजन्! जहाँका शासन स्त्री, जुआरी और बालकके हाथमें है, वहाँके लोग नदीमें पत्थरकी नावपर बैठनेवालोंकी भाँति विपत्तिके समुद्रमें डूब जाते हैं॥ ४३॥

**प्रयोजनेषु ये सक्ता न विशेषेषु भारत।**
**तानहं पण्डितान् मन्ये विशेषा हि प्रसङ्गिनः॥ ४४॥**

जो लोग जितना आवश्यक है, उतने ही काममें लगे रहते हैं, अधिकमें हाथ नहीं डालते, उन्हें मैं पण्डित मानता हूँ; क्योंकि अधिकमें हाथ डालना संघर्षका कारण होता है॥ ४४॥

**यं प्रशंसन्ति कितवा यं प्रशंसन्ति चारणाः।**
**यं प्रशंसन्ति बन्धक्यो न स जीवति मानवः॥ ४५॥**

जुआरी जिसकी तारीफ करते हैं, चारण जिसकी प्रशंसाका गान करते हैं

और वेश्याएँ जिसकी बड़ाई किया करती हैं, वह मनुष्य जीता ही मुर्देके समान है ॥ ४५ ॥

**हित्वा तान् परमेष्वासान् पाण्डवानमितौजसः ।**
**आहितं भारतैश्वर्यं त्वया दुर्योधने महत् ॥ ४६ ॥**

भारत ! आपने उन महान् धनुर्धर और अत्यन्त तेजस्वी पाण्डवोंको छोड़कर यह महान् ऐश्वर्यका भार दुर्योधनके ऊपर रख दिया है ॥ ४६ ॥

**तं द्रक्ष्यसि परिभ्रष्टं तस्मात् त्वमचिरादिव ।**
**ऐश्वर्यमदसम्मूढं बलिं लोकत्रयादिव ॥ ४७ ॥**

इसलिये आप शीघ्र ही उस ऐश्वर्यमदसे मूढ़ दुर्योधनको त्रिभुवनके साम्राज्यसे गिरे हुए बलिकी भाँति इस राज्यसे भ्रष्ट होते देखियेगा ॥ ४७ ॥

इति श्रीमहाभारते उद्योगपर्वणि प्रजागरपर्वणि विदुरवाक्ये अष्टात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥

——::×::——

# सातवाँ अध्याय

धृतराष्ट्र उवाच

**अनीश्वरोऽयं पुरुषो भवाभवे**
**सूत्रप्रोता दारुमयीव योषा।**
**धात्रा तु दिष्टस्य वशे कृतोऽयं**
**तस्माद् वद त्वं श्रवणे धृतोऽहम्॥ १॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—विदुर ! यह पुरुष ऐश्वर्यकी प्राप्ति और नाशमें स्वतन्त्र नहीं है। ब्रह्माने धागेसे बँधी हुई कठपुतलीकी भाँति इसे प्रारब्धके अधीन कर रखा है; इसलिये तुम कहते चलो, मैं सुननेके लिये धैर्य धारण किये बैठा हूँ॥ १॥

विदुर उवाच

**अप्राप्तकालं वचनं बृहस्पतिरपि ब्रुवन्।**
**लभते बुद्ध्यवज्ञानमवमानं च भारत॥ २॥**

**विदुरजी बोले**—भारत ! समयके विपरीत यदि बृहस्पति भी कुछ बोलें, तो उनका अपमान ही होगा और उनकी बुद्धिकी भी अवज्ञा ही होगी॥ २॥

**प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापरः।**
**मन्त्रमूलबलेनान्यो यः प्रियः प्रिय एव सः॥ ३॥**

संसारमें कोई मनुष्य दान देनेसे प्रिय होता है, दूसरा प्रिय वचन बोलनेसे प्रिय होता है और तीसरा मन्त्र तथा औषधके बलसे प्रिय होता है, किंतु जो वास्तवमें प्रिय है, वह तो सदा प्रिय ही है॥ ३॥

**द्वेष्यो न साधुर्भवति न मेधावी न पण्डितः।**
**प्रिये शुभानि कार्याणि द्वेष्ये पापानि चैव ह॥ ४॥**

जिससे द्वेष हो जाता है, वह न साधु, न विद्वान् और न बुद्धिमान् ही जान पड़ता है। प्रियतमके तो सभी कर्म शुभ ही प्रतीत होते हैं और दुश्मनके सभी काम पापमय॥ ४॥

**उक्तं मया जातमात्रेऽपि राजन्**
**दुर्योधनं त्यज पुत्रं त्वमेकम्।**

तस्य त्यागात् पुत्रशतस्य वृद्धि-
रस्यात्यागात् पुत्रशतस्य नाशः ॥ ५ ॥

राजन्! दुर्योधनके जन्म लेते ही मैंने कहा था कि केवल इसी एक पुत्रको तुम त्याग दो। इसके त्यागसे सौ पुत्रोंकी वृद्धि होगी और इसका त्याग न करनेसे सौ पुत्रोंका नाश होगा ॥ ५ ॥

न वृद्धिर्बहु मन्तव्या या वृद्धिः क्षयमावहेत्।
क्षयोऽपि बहु मन्तव्यो यः क्षयो वृद्धिमावहेत् ॥ ६ ॥

जो वृद्धि भविष्यमें नाशका कारण बने, उसे अधिक महत्त्व नहीं देना चाहिये और उस क्षयका भी बहुत आदर करना चाहिये; जो आगे चलकर अभ्युदयका कारण हो ॥ ६ ॥

न स क्षयो महाराज यः क्षयो वृद्धिमावहेत्।
क्षयः स त्विह मन्तव्यो यं लब्ध्वा बहु नाशयेत् ॥ ७ ॥

महाराज! वास्तवमें जो क्षय वृद्धिका कारण होता है, वह क्षय ही नहीं है, किंतु उस लाभको भी क्षय ही मानना चाहिये, जिसे पानेसे बहुतसे लाभोंका नाश हो जाय ॥ ७ ॥

समृद्धा गुणतः केचिद् भवन्ति धनतोऽपरे।
धनवृद्धान् गुणैर्हीनान् धृतराष्ट्र विवर्जय ॥ ८ ॥

धृतराष्ट्र! कुछ लोग गुणके धनी होते हैं, और कुछ लोग धनके धनी। जो धनके धनी होते हुए भी गुणोंके कंगाल हैं, उन्हें सर्वथा त्याग दीजिये ॥ ८ ॥

धृतराष्ट्र उवाच

सर्वं त्वमायतीयुक्तं भाषसे प्राज्ञसम्मतम्।
न चोत्सहे सुतं त्यक्तुं यतो धर्मस्ततो जयः ॥ ९ ॥

**धृतराष्ट्रने कहा**—तुम जो कुछ कह रहे हो, परिणाममें हितकर है, बुद्धिमान् लोग इसका अनुमोदन करते हैं; यह भी ठीक है कि जिस ओर धर्म होता है, उसी पक्षकी जीत होती है, तो भी मैं अपने बेटेका त्याग नहीं कर सकता ॥ ९ ॥

विदुर उवाच

**अतीवगुणसम्पन्नो न जातु विनयान्वितः ।**

**सुसूक्ष्ममपि भूतानामुपमर्दमुपेक्षते ॥ १० ॥**

**विदुरजी बोले**—जो अधिक गुणोंसे सम्पन्न और विनयी है, वह प्राणियोंका तनिक भी संहार होते देख उसकी कभी उपेक्षा नहीं कर सकता ॥ १० ॥

**परापवादनिरताः परदुःखोदयेषु च ।**

**परस्परविरोधे च यतन्ते सततोत्थिताः ॥ ११ ॥**

**सदोषं दर्शनं येषां संवासे सुमहद् भयम् ।**

**अर्थादाने महान् दोषः प्रदाने च महद् भयम् ॥ १२ ॥**

जो दूसरोंकी निन्दामें ही लगे रहते हैं, दूसरोंको दुःख देने और आपसमें फूट डालनेके लिये सदा उत्साहके साथ प्रयत्न करते हैं, जिसका दर्शन दोषसे भरा (अशुभ) है और जिनके साथ रहनेमें भी बहुत बड़ा खतरा है, ऐसे लोगोंसे धन लेनेमें महान् दोष है और उन्हें देनेमें बहुत बड़ा भय है ॥ ११-१२ ॥

**ये वै भेदनशीलास्तु सकामा निस्त्रपाः शठाः ।**

**ये पापा इति विख्याताः संवासे परिगर्हिताः ॥ १३ ॥**

दूसरोंमें फूट डालनेका जिनका स्वभाव है, जो कामी, निर्लज्ज, शठ और प्रसिद्ध पापी हैं, वे साथ रखनेके अयोग्य—निन्दित माने गये हैं ॥ १३ ॥

**युक्तांश्चान्यैर्महादोषैर्ये नरास्तान् विवर्जयेत् ।**

**निवर्तमाने सौहार्दे प्रीतिर्नीचे प्रणश्यति ॥ १४ ॥**

**या चैव फलनिर्वृत्तिः सौहृदे चैव यत् सुखम् ।**

उपर्युक्त दोषोंके अतिरिक्त और भी जो महान् दोष हैं उनसे युक्त मनुष्योंका त्याग कर देना चाहिये । सौहार्दभाव निवृत्त हो जानेपर नीच पुरुषोंका प्रेम नष्ट हो जाता है, उस सौहार्दसे होनेवाले फलकी सिद्धि और सुखका भी नाश हो जाता है ॥ १४-१/२ ॥

**यतते चापवादाय यत्नमारभते क्षये ॥ १५ ॥**
**अल्पेऽप्यपकृते मोहान्न शान्तिमधिगच्छति ।**

फिर वह नीच पुरुष निन्दा करनेके लिये यत्न करता है, थोड़ा भी अपराध हो जानेपर मोहवश विनाशके लिये उद्योग आरम्भ कर देता है। उसे तनिक भी शान्ति नहीं मिलती ॥ १५-१/२ ॥

**तादृशैः संगतं नीचैर्नृशंसैरकृतात्मभिः ॥ १६ ॥**
**निशम्य निपुणं बुद्ध्या विद्वान् दूराद् विवर्जयेत् ।**

वैसे नीच, क्रूर तथा अजितेन्द्रिय पुरुषोंसे होनेवाले सङ्गपर अपनी बुद्धिसे पूर्ण विचार करके विद्वान् पुरुष उसे दूरसे ही त्याग दे ॥ १६-१/२ ॥

**यो ज्ञातिमनुगृह्णाति दरिद्रं दीनमातुरम् ॥ १७ ॥**
**स पुत्रपशुभिर्वृद्धिं श्रेयश्चानन्त्यमश्नुते ।**

जो अपने कुटुम्बी, दरिद्र, दीन तथा रोगीपर अनुग्रह करता है, वह पुत्र और पशुओंसे समृद्ध होता और अनन्त कल्याणका अनुभव करता है ॥ १७-१/२ ॥

**ज्ञातयो वर्धनीयास्तैर्य इच्छन्त्यात्मनः शुभम् ॥ १८ ॥**
**कुलवृद्धिं च राजेन्द्र तस्मात् साधु समाचर ।**

राजेन्द्र! जो लोग अपने भलेकी इच्छा करते हैं, उन्हें अपने जाति-भाइयोंको उन्नतिशील बनाना चाहिये; इसलिये आप भलीभाँति अपने कुलकी वृद्धि करें ॥ १८-१/२ ॥

**श्रेयसा योक्ष्यते राजन् कुर्वाणो ज्ञातिसत्क्रियाम् ॥ १९ ॥**

राजन्! जो अपने कुटुम्बीजनोंका सत्कार करता है; वह कल्याणका भागी होता है ॥ १९ ॥

**विगुणा ह्यपि संरक्ष्या ज्ञातयो भरतर्षभ ।**
**किं पुनर्गुणवन्तस्ते त्वत्प्रसादाभिकाङ्क्षिणः ॥ २० ॥**

भरतश्रेष्ठ! अपने कुटुम्बके लोग गुणहीन हों तो भी उनकी रक्षा करनी

चाहिये। फिर जो आपके कृपाभिलाषी एवं गुणवान् हैं, उनकी तो बात ही क्या है ॥ २० ॥

**प्रसादं कुरु वीराणां पाण्डवानां विशाम्पते ।**
**दीयन्तां ग्रामकाः केचित् तेषां वृत्त्यर्थमीश्वर ॥ २१ ॥**

राजन्! आप समर्थ हैं, वीर पाण्डवोंपर कृपा कीजिये और उनकी जीविकाके लिये कुछ गाँव दे दीजिये ॥ २१ ॥

**एवं लोके यशः प्राप्तं भविष्यति नराधिप ।**
**वृद्धेन हि त्वया कार्यं पुत्राणां तात शासनम् ॥ २२ ॥**

नरेश्वर! ऐसा करनेसे आपको इस संसारमें यश प्राप्त होगा। तात! आप वृद्ध हैं, इसलिये आपको अपने पुत्रोंपर शासन करना चाहिये ॥ २२ ॥

**मया चापि हितं वाच्यं विद्धि मां त्वद्धितैषिणम् ।**
**ज्ञातिभिर्विग्रहस्तात न कर्तव्यः शुभार्थिना ।**
**सुखानि सह भोज्यानि ज्ञातिभिर्भरतर्षभ ॥ २३ ॥**

भरतश्रेष्ठ! मुझे भी आपके हितकी ही बात कहनी चाहिये। आप मुझे अपना हितैषी समझें। तात! शुभ चाहनेवालेको अपने जाति-भाइयोंके साथ कलह नहीं करना चाहिये; बल्कि उनके साथ मिलकर सुखका उपभोग करना चाहिये ॥ २३ ॥

**सम्भोजनं संकथनं सम्प्रीतिश्च परस्परम् ।**
**ज्ञातिभिः सह कार्याणि न विरोधः कदाचन ॥ २४ ॥**

जाति-भाइयोंके साथ परस्पर भोजन, बातचीत एवं प्रेम करना ही कर्तव्य है; उनके साथ कभी विरोध नहीं करना चाहिये ॥ २४ ॥

**ज्ञातयस्तारयन्तीह ज्ञातयो मज्जयन्ति च ।**
**सुवृत्तास्तारयन्तीह दुर्वृत्ता मज्जयन्ति च ॥ २५ ॥**

इस जगत्में जाति-भाई ही तारते और डुबाते भी हैं। उनमें जो सदाचारी हैं, वे तो तारते हैं और दुराचारी डुबा देते हैं ॥ २५ ॥

**सुवृत्तो भव राजेन्द्र पाण्डवान् प्रति मानद।**
**अधर्षणीयः शत्रूणां तैर्वृतस्त्वं भविष्यसि ॥ २६ ॥**

राजेन्द्र ! आप पाण्डवोंके प्रति सद्व्यवहार करें। मानद ! उनसे सुरक्षित होकर आप शत्रुओंके आक्रमणसे बचे रहेंगे ॥ २६ ॥

**श्रीमन्तं ज्ञातिमासाद्य यो ज्ञातिरवसीदति।**
**दिग्धहस्तं मृग इव स एनस्तस्य विन्दति ॥ २७ ॥**

विषैले बाण हाथमें लिये हुए व्याधके पास पहुँचकर जैसे मृगको कष्ट भोगना पड़ता है, उसी प्रकार जो जातीय बन्धु अपने धनी बन्धुके पास पहुँचकर दुःख पाता है; उसके पापका भागी वह धनी होता है ॥ २७ ॥

**पश्चादपि नरश्रेष्ठ तव तापो भविष्यति।**
**तान् वा हतान् सुतान् वापि श्रुत्वा तदनुचिन्तय ॥ २८ ॥**

नरश्रेष्ठ ! आप पाण्डवोंको अथवा अपने पुत्रोंको मारे गये सुनकर पीछे सन्ताप करेंगे; अतः इस बातका पहले ही विचार कर लीजिये ॥ २८ ॥

**येन खट्वां समारूढः परितप्येत कर्मणा।**
**आदावेव न तत् कुर्यादध्रुवे जीविते सति ॥ २९ ॥**

इस जीवनका कोई ठिकाना नहीं है। जिस कर्मके करनेसे अन्तमें खाटपर बैठकर पछताना पड़े, उसको पहलेसे ही नहीं करना चाहिये ॥ २९ ॥

**न कश्चिन्नापनयते पुमानन्यत्र भार्गवात्।**
**शेषसम्प्रतिपत्तिस्तु बुद्धिमत्स्वेव तिष्ठति ॥ ३० ॥**

शुक्राचार्यके सिवा दूसरा कोई भी मनुष्य ऐसा नहीं है, जो नीतिका उल्लङ्घन नहीं करता, अतः जो बीत गया सो बीत गया। अब शेष कर्तव्यका विचार आप-जैसे बुद्धिमान् पुरुषोंपर ही निर्भर है ॥ ३० ॥

**दुर्योधनेन यद्येतत् पापं तेषु पुरा कृतम्।**
**त्वया तत् कुलवृद्धेन प्रत्यानेयं नरेश्वर ॥ ३१ ॥**

नरेश्वर ! दुर्योधनने पहले यदि पाण्डवोंके प्रति यह अपराध किया है, तो

************************************************************************

आप इस कुलमें बड़े-बूढ़े हैं, आपके द्वारा उसका मार्जन हो जाना चाहिये ॥ ३१ ॥

**तांस्त्वं पदे प्रतिष्ठाप्य लोके विगतकल्मषः ।**
**भविष्यसि नरश्रेष्ठ पूजनीयो मनीषिणाम् ॥ ३२ ॥**

नरश्रेष्ठ ! यदि आप उनको राजपदपर स्थापित कर देंगे तो संसारमें आपका कलङ्क धुल जायगा और आप बुद्धिमान् पुरुषोंके माननीय हो जायँगे ॥ ३२ ॥

**सुव्याहृतानि धीराणां फलतः परिचिन्त्य यः ।**
**अध्यवस्यति कार्येषु चिरं यशसि तिष्ठति ॥ ३३ ॥**

जो धीर पुरुषोंके वचनोंके परिणामपर विचार करके उन्हें कार्यरूपमें परिणत करता है, वह चिरकालतक यशका भागी बना रहता है ॥ ३३ ॥

**असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि ।**
**उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम् ॥ ३४ ॥**

कुशल विद्वानोंके द्वारा भी उपदेश किया हुआ ज्ञान व्यर्थ है, यदि उससे कर्तव्यका ज्ञान न हुआ अथवा ज्ञान होनेपर भी उसका अनुष्ठान न हुआ ॥ ३४ ॥

**पापोदयफलं विद्वान् यो नारभति वर्धते ।**
**यस्तु पूर्वकृतं पापमविमृश्यानुवर्तते ।**
**अगाधपङ्के दुर्मेधा विषमे विनिपात्यते ॥ ३५ ॥**

जो विद्वान् पापरूप फल देनेवाले कर्मोंका आरम्भ नहीं करता, वह बढ़ता है; किन्तु जो पूर्वमें किये हुए पापोंका विचार करके उन्हींका अनुसरण करता है, वह खोटी बुद्धिवाला मनुष्य अगाध कीचड़से भरे हुए बीहड़ नरकमें गिराया जाता है ॥ ३५ ॥

**मन्त्रभेदस्य षट् प्राज्ञो द्वाराणीमानि लक्षयेत् ।**
**अर्थसंततिकामश्च रक्षेदेतानि नित्यशः ॥ ३६ ॥**

**मदं स्वप्नमविज्ञानमाकारं चात्मसम्भवम्।**
**दुष्टामात्येषु विश्रम्भं दूताच्चाकुशलादपि ॥ ३७ ॥**

बुद्धिमान् पुरुष मन्त्रभेदके इन छः द्वारोंको जाने और धनको रक्षित रखनेकी इच्छासे इन्हें सदा बन्द रखे—नशेका सेवन, निद्रा, आवश्यक बातोंकी जानकारी न रखना, अपने नेत्र, मुख आदिका विकार, दुष्ट मन्त्रियोंमें विश्वास और मूर्ख दूतपर भी भरोसा रखना ॥ ३६-३७ ॥

**द्वाराण्येतानि यो ज्ञात्वा संवृणोति सदा नृप।**
**त्रिवर्गाचरणे युक्तः स शत्रूनधितिष्ठति ॥ ३८ ॥**

राजन्! जो इन द्वारोंको जानकर सदा बंद किये रहता है वह अर्थ, धर्म और कामके सेवनमें लगा रहकर शत्रुओंको वशमें कर लेता है ॥ ३८ ॥

**न वै श्रुतमविज्ञाय वृद्धाननुपसेव्य वा।**
**धर्मार्थौ वेदितुं शक्यौ बृहस्पतिसमैरपि ॥ ३९ ॥**

बृहस्पतिके समान मनुष्य भी शास्त्रज्ञान अथवा वृद्धोंकी सेवा किये बिना धर्म और अर्थका ज्ञान नहीं प्राप्त कर सकता ॥ ३९ ॥

**नष्टं समुद्रे पतितं नष्टं वाक्यमशृण्वति।**
**अनात्मनि श्रुतं नष्टं नष्टं हुतमनग्निकम् ॥ ४० ॥**

समुद्रमें गिरी हुई वस्तु नष्ट हो जाती है, जो सुनता नहीं उससे कही हुई बात नष्ट हो जाती है; अजितेन्द्रिय पुरुषका शास्त्रज्ञान और राखमें किया हुआ हवन भी नष्ट ही है ॥ ४० ॥

**मत्या परीक्ष्य मेधावी बुद्ध्या सम्पाद्य चासकृत्।**
**श्रुत्वा दृष्ट्वाथ विज्ञाय प्राज्ञैर्मैत्रीं समाचरेत् ॥ ४१ ॥**

बुद्धिमान् पुरुष बुद्धिसे जाँचकर अपने अनुभवसे बारम्बार उनकी योग्यताका निश्चय करे, फिर दूसरोंसे सुनकर और स्वयं देखकर भलीभाँति विचार करके विद्वानोंके साथ मित्रता करे ॥ ४१ ॥

**अकीर्तिं विनयो हन्ति हन्त्यनर्थं पराक्रमः।**
**हन्ति नित्यं क्षमा क्रोधमाचारो हन्त्यलक्षणम्॥ ४२॥**

विनयभाव अपयशका नाश करता है, पराक्रम अनर्थको दूर करता है, क्षमा सदा ही क्रोधका नाश करती है और सदाचार कुलक्षणका अन्त करता है॥ ४२॥

**परिच्छदेन क्षेत्रेण वेश्मना परिचर्यया।**
**परीक्षेत कुलं राजन् भोजनाच्छादनेन च॥ ४३॥**

राजन्! नाना प्रकारकी भोगसामग्री, माता, घर, स्वागत-सत्कारके ढंग और भोजन तथा वस्त्रके द्वारा कुलकी परीक्षा करे॥ ४३॥

**उपस्थितस्य कामस्य प्रतिवादो न विद्यते।**
**अपि निर्मुक्तदेहस्य कामरक्तस्य किं पुनः॥ ४४॥**

देहाभिमानसे रहित पुरुषके पास भी यदि न्याययुक्त पदार्थ स्वतः उपस्थित हो तो वह उसका विरोध नहीं करता, फिर कामासक्त मनुष्यके लिये तो कहना ही क्या है?॥ ४४॥

**प्राज्ञोपसेविनं वैद्यं धार्मिकं प्रियदर्शनम्।**
**मित्रवन्तं सुवाक्यं च सुहृदं परिपालयेत्॥ ४५॥**

जो विद्वानोंकी सेवामें रहनेवाला, वैद्य, धार्मिक, देखनेमें सुन्दर, मित्रोंसे युक्त तथा मधुरभाषी हो, ऐसे सुहृद्की सर्वथा रक्षा करनी चाहिये॥ ४५॥

**दुष्कुलीनः कुलीनो वा मर्यादां यो न लङ्घयेत्।**
**धर्मापेक्षी मृदुर्ह्रीमान् स कुलीनशताद् वरः॥ ४६॥**

अधम कुलमें उत्पन्न हुआ हो या उत्तम कुलमें—जो मर्यादाका उल्लङ्घन नहीं करता, धर्मकी अपेक्षा रखता है, कोमल स्वभाववाला तथा सलज्ज है, वह सैकड़ों कुलीनोंसे बढ़कर है॥ ४६॥

**ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।**
**समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति॥ ४७॥**

जिन दो मनुष्योंका चित्तसे चित्त, गुप्त रहस्यसे गुप्त रहस्य और बुद्धिसे बुद्धि मिल जाती है, उनकी मित्रता कभी नष्ट नहीं होती ॥ ४७ ॥

**दुर्बुद्धिमकृतप्रज्ञं छन्नं कूपं तृणैरिव ।**
**विवर्जयीत मेधावी तस्मिन् मैत्री प्रणश्यति ॥ ४८ ॥**

मेधावी पुरुषको चाहिये कि दुर्बुद्धि एवं विचारशक्तिसे हीन पुरुषका तृणसे ढके हुए कुएँकी भाँति परित्याग कर दे, क्योंकि उसके साथ की हुई मित्रता नष्ट हो जाती है ॥ ४८ ॥

**अवलिप्तेषु मूर्खेषु रौद्रसाहसिकेषु च ।**
**तथैवापेतधर्मेषु न मैत्रीमाचरेद् बुधः ॥ ४९ ॥**

विद्वान् पुरुषको उचित है कि अभिमानी, मूर्ख, क्रोधी, साहसिक और धर्महीन पुरुषोंके साथ मित्रता न करे ॥ ४९ ॥

**कृतज्ञं धार्मिकं सत्यमक्षुद्रं दृढभक्तिकम् ।**
**जितेन्द्रियं स्थितं स्थित्यां मित्रमत्यागि चेष्यते ॥ ५० ॥**

मित्र तो ऐसा होना चाहिये, जो कृतज्ञ, धार्मिक, सत्यवादी, उदार, दृढ़ अनुराग रखनेवाला, जितेन्द्रिय, मर्यादाके भीतर रहनेवाला और मैत्रीका त्याग न करनेवाला हो ॥ ५० ॥

**इन्द्रियाणामनुत्सर्गो मृत्युनापि विशिष्यते ।**
**अत्यर्थं पुनरुत्सर्गः सादयेद् दैवतान्यपि ॥ ५१ ॥**

इन्द्रियोंको सर्वथा रोक रखना तो मृत्युसे भी बढ़कर कठिन है और उन्हें बिलकुल खुली छोड़ देना देवताओंका भी नाश कर देता है ॥ ५१ ॥

**मार्दवं सर्वभूतानामनसूया क्षमा धृतिः ।**
**आयुष्याणि बुधाः प्राहुर्मित्राणां चाविमानना ॥ ५२ ॥**

सम्पूर्ण प्राणियोंके प्रति कोमलताका भाव, गुणोंमें दोष न देखना, क्षमा, धैर्य और मित्रोंका अपमान न करना—ये सब गुण आयुको बढ़ानेवाले हैं—ऐसा विद्वान्‌लोग कहते हैं ॥ ५२ ॥

अपनीतं सुनीतेन योऽर्थं प्रत्यानिनीषते।
मतिमास्थाय सुदृढां तदकापुरुषव्रतम्॥ ५३॥

जो अन्यायसे नष्ट हुए धनको स्थिर बुद्धिका आश्रय ले अच्छी नीतिसे पुनः लौटा लानेकी इच्छा करता है, वह वीर पुरुषोंका-सा आचरण करता है॥ ५३॥

आयत्यां प्रतिकारज्ञस्तदात्वे दृढनिश्चयः।
अतीते कार्यशेषज्ञो नरोऽर्थैर्न प्रहीयते॥ ५४॥

जो आनेवाले दुःखको रोकनेका उपाय जानता है, वर्तमानकालिक कर्तव्यके पालनमें दृढ़ निश्चय रखनेवाला है और अतीत कालमें जो कर्तव्य शेष रह गया है, उसे भी जानता है, वह मनुष्य कभी अर्थसे हीन नहीं होता॥ ५४॥

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत्॥ ५५॥

मनुष्य मन,वाणी और कर्मसे जिसका निरन्तर सेवन करता है, वह कार्य उस पुरुषको अपनी ओर खींच लेता है। इसलिये सदा कल्याणकारी कार्योंको ही करे॥ ५५॥

मङ्गलालम्भनं योगः श्रुतमुत्थानमार्जवम्।
भूतिमेतानि कुर्वन्ति सतां चाभीक्ष्णदर्शनम्॥ ५६॥

माङ्गलिक पदार्थोंका स्पर्श, चित्तवृत्तियोंका निरोध, शास्त्रका अभ्यास, उद्योगशीलता, सरलता और सत्पुरुषोंका बारम्बार दर्शन—ये सब कल्याणकारी हैं॥ ५६॥

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते॥ ५७॥

उद्योगमें लगे रहना—उससे विरक्त न होना धन, लाभ और कल्याणका मूल है। इसलिये उद्योग न छोड़नेवाला मनुष्य महान् हो जाता है और अनन्त

सुखका उपभोग करता है॥ ५७॥

**नातः श्रीमत्तरं किंचिदन्यत् पथ्यतमं मतम्।**
**प्रभविष्णोर्यथा तात क्षमा सर्वत्र सर्वदा॥ ५८॥**

तात! समर्थ पुरुषके लिये सब जगह और सब समयमें क्षमाके समान हितकारक और अत्यन्त श्रीसम्पन्न बनानेवाला उपाय दूसरा नहीं माना गया है॥ ५८॥

**क्षमेदशक्तः सर्वस्य शक्तिमान् धर्मकारणात्।**
**अर्थानर्थौ समौ यस्य तस्य नित्यं क्षमा हिता॥ ५९॥**

जो शक्तिहीन है, वह तो सबपर क्षमा करे ही, जो शक्तिमान् है, वह भी धर्मके लिये क्षमा करे तथा जिसकी दृष्टिमें अर्थ और अनर्थ दोनों समान हैं, उसके लिये तो क्षमा सदा ही हितकारिणी होती है॥ ५९॥

**यत् सुखं सेवमानोऽपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।**
**कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्॥ ६०॥**

जिस सुखका सेवन करते रहनेपर भी मनुष्य धर्म और अर्थसे भ्रष्ट नहीं होता, उसका यथेष्ट सेवन करे, किन्तु मूढव्रत (आसक्ति एवं अन्यायपूर्वक विषयसेवन) न करे॥ ६०॥

**दुःखार्तेषु प्रमत्तेषु नास्तिकेष्वलसेषु च।**
**न श्रीर्वसत्यदान्तेषु ये चोत्साहविवर्जिताः॥ ६१॥**

जो दुःखसे पीड़ित, प्रमादी, नास्तिक, आलसी, अजितेन्द्रिय और उत्साहरहित हैं, उनके यहाँ लक्ष्मीका वास नहीं होता॥ ६१॥

**आर्जवेन नरं युक्तमार्जवात् सव्यपत्रपम्।**
**अशक्तं मन्यमानास्तु धर्षयन्ति कुबुद्धयः॥ ६२॥**

दुष्टबुद्धिवाले लोग सरलतासे युक्त और सरलताके ही कारण लज्जाशील मनुष्यको अशक्त मानकर उसका तिरस्कार करते हैं॥ ६२॥

अत्यार्यमतिदातारमतिशूरमतिव्रतम् ।
प्रज्ञाभिमानिनं चैव श्रीर्भयान्नोपसर्पति ॥ ६३ ॥

अत्यन्त श्रेष्ठ, अतिशय दानी, अतीव शूरवीर, अधिक व्रत-नियमोंका पालन करनेवाले और बुद्धिके घमण्डमें चूर रहनेवाले मनुष्यके पास लक्ष्मी भयके मारे नहीं जाती ॥ ६३ ॥

न चातिगुणवत्स्वेषा नात्यन्तं निर्गुणेषु च ।
नैषा गुणान् कामयते नैर्गुण्यान्नानुरज्यते ।
उन्मत्ता गौरिवान्धा श्रीः क्वचिदेवावतिष्ठते ॥ ६४ ॥

राजलक्ष्मी न तो अत्यन्त गुणवानोंके पास रहती है और न बहुत निर्गुणोंके पास। यह न तो बहुत-से गुणोंको चाहती है और न गुणहीनके प्रति ही अनुराग रखती है। उत्तम गौकी भाँति यह अन्धी लक्ष्मी कहीं-कहीं ही ठहरती है ॥ ६४ ॥

अग्निहोत्रफला वेदाः शीलवृत्तफलं श्रुतम् ।
रतिपुत्रफला नारी दत्तभुक्तफलं धनम् ॥ ६५ ॥

वेदोंका फल है अग्निहोत्र करना, शास्त्राध्ययनका फल है सुशीलता और सदाचार, स्त्रीका फल है रति-सुख और पुत्रकी प्राप्ति तथा धनका फल है दान और उपभोग ॥ ६५ ॥

अधर्मोपार्जितैरर्थैर्यः करोत्यौर्ध्वदेहिकम् ।
न स तस्य फलं प्रेत्य भुङ्क्तेऽर्थस्य दुरागमात् ॥ ६६ ॥

जो अधर्मके द्वारा कमाये हुए धनसे परलोकसाधक यज्ञादि कर्म करता है, वह मरनेके पश्चात् उसके फलको नहीं पाता, क्योंकि उसका धन बुरे रास्तेसे आया होता है ॥ ६६ ॥

कान्तारे वनदुर्गेषु कृच्छ्रास्वापत्सु सम्भ्रमे ।
उद्यतेषु च शस्त्रेषु नास्ति सत्त्ववतां भयम् ॥ ६७ ॥

घोर जङ्गलमें, दुर्गम मार्गमें, कठिन आपत्तिके समय, घबराहटमें और

प्रहारके लिये शस्त्र उठे रहनेपर भी सत्त्व (मनोबल) सम्पन्न पुरुषोंको भय नहीं होता ॥ ६७ ॥

**उत्थानं संयमो दाक्ष्यमप्रमादो धृतिः स्मृतिः ।**
**समीक्ष्य च समारम्भो विद्धि मूलं भवस्य तु ॥ ६८ ॥**

उद्योग, संयम, दक्षता, सावधानी, धैर्य, स्मृति और सोच-विचारकर कार्यारम्भ करना—इन्हें उन्नतिका मूलमन्त्र समझिये ॥ ६८ ॥

**तपो बलं तापसानां ब्रह्म ब्रह्मविदां बलम् ।**
**हिंसा बलमसाधूनां क्षमा गुणवतां बलम् ॥ ६९ ॥**

तपस्वियोंका बल है तप, वेदवेत्ताओंका बल है वेद, असाधुओंका बल है हिंसा और गुणवानोंका बल है क्षमा ॥ ६९ ॥

**अष्टौ तान्यव्रतघ्नानि आपो मूलं फलं पयः ।**
**हविर्ब्राह्मणकाम्या च गुरोर्वचनमौषधम् ॥ ७० ॥**

जल, मूल, फल, दूध, घी, ब्राह्मणकी इच्छापूर्ति, गुरुका वचन और औषध—ये आठ व्रतके नाशक नहीं होते ॥ ७० ॥

**न तत् परस्य संदध्यात् प्रतिकूलं यदात्मनः ।**
**संग्रहेणैष धर्मः स्यात् कामादन्यः प्रवर्तते ॥ ७१ ॥**

जो अपने प्रतिकूल जान पड़े, उसे दूसरोंके प्रति भी न करे। थोड़ेमें धर्मका यही स्वरूप है। इसके विपरीत जिसमें कामनासे प्रवृत्ति होती है, वह तो अधर्म है ॥ ७१ ॥

**अक्रोधेन जयेत् क्रोधमसाधुं साधुना जयेत् ।**
**जयेत् कदर्यं दानेन जयेत् सत्येन चानृतम् ॥ ७२ ॥**

अक्रोधसे क्रोधको जीते, असाधुको सद्व्यवहारसे वशमें करे, कृपणको दानसे जीते और झूठपर सत्यसे विजय प्राप्त करे ॥ ७२ ॥

**स्त्रीधूर्तकेऽलसे भीरौ चण्डे पुरुषमानिनि ।**
**चौरे कृतघ्ने विश्वासो न कार्यो न च नास्तिके ॥ ७३ ॥**

स्त्री, धूर्त, आलसी, डरपोक, क्रोधी, पुरुषत्वके अभिमानी, चोर, कृतघ्न और नास्तिकका विश्वास नहीं करना चाहिये ॥ ७३ ॥

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः ।**
**चत्वारि सम्प्रवर्धन्ते कीर्तिरायुर्यशो बलम् ॥ ७४ ॥**

जो नित्य गुरुजनोंको प्रणाम करता है और वृद्ध पुरुषोंकी सेवामें लगा रहता है, उसकी कीर्ति, आयु, यश और बल—ये चारों बढ़ते हैं ॥ ७४ ॥

**अतिक्लेशेन येऽर्थाः स्युर्धर्मस्यातिक्रमेण वा ।**
**अरेर्वा प्रणिपातेन मा स्म तेषु मनः कृथाः ॥ ७५ ॥**

जो धन अत्यन्त क्लेश उठानेसे, धर्मका उल्लङ्घन करनेसे अथवा शत्रुके सामने सिर झुकानेसे प्राप्त होता हो, उसमें आप मन न लगाइये ॥ ७५ ॥

**अविद्यः पुरुषः शोच्यः शोच्यं मैथुनमप्रजम् ।**
**निराहाराः प्रजाः शोच्याः शोच्यं राष्ट्रमराजकम् ॥ ७६ ॥**

विद्याहीन पुरुष, सन्तानोत्पत्तिरहित स्त्रीप्रसंग, आहार न पानेवाली प्रजा और बिना राजाके राष्ट्रके लिये शोक करना चाहिये ॥ ७६ ॥

**अध्वा जरा देहवतां पर्वतानां जलं जरा ।**
**असम्भोगो जरा स्त्रीणां वाक्शल्यं मनसो जरा ॥ ७७ ॥**

अधिक राह चलना देहधारियोंके लिये दुःखरूप बुढ़ापा है, बराबर पानी गिरना पर्वतोंका बुढ़ापा है, सम्भोगसे वञ्चित रहना स्त्रियोंके लिये बुढ़ापा है और वचनरूपी बाणोंका आघात मनके लिये बुढ़ापा है ॥ ७७ ॥

**अनाम्नायमला वेदा ब्राह्मणस्याव्रतं मलम् ॥ ७८ ॥**
**मलं पृथिव्या बाह्लीकाः पुरुषस्यानृतं मलम् ।**
**कौतूहलमला साध्वी विप्रवासमलाः स्त्रियः ॥ ७९ ॥**

अभ्यास न करना वेदोंका मल है, ब्राह्मणोचित नियमोंका पालन न करना ब्राह्मणका मल है, बाह्लीक देश (बलख-बुखारा) पृथ्वीका मल है तथा झूठ बोलना पुरुषका मल है, क्रीड़ा एवं हास-परिहासकी उत्सुकता पतिव्रता स्त्रीका

मल है और पतिके बिना परदेशमें रहना स्त्रीमात्रका मल है ॥ ७८-७९ ॥

**सुवर्णस्य मलं रूप्यं रूप्यस्यापि मलं त्रपु।**
**ज्ञेयं त्रपुमलं सीसं सीसस्यापि मलं मलम् ॥ ८० ॥**

सोनेका मल है चाँदी, चाँदीका मल है राँगा, राँगेका मल है सीसा और सीसेका भी मल है मल ॥ ८० ॥

**न स्वप्नेन जयेन्निद्रां न कामेन जयेत् स्त्रियः।**
**नेन्धनेन जयेदग्निं न पानेन सुरां जयेत् ॥ ८१ ॥**

सोकर नींदको जीतनेका प्रयास न करे। कामोपभोगके द्वारा स्त्रीको जीतनेकी इच्छा न करे। लकड़ी डालकर आगको जीतनेकी आशा न रखे और अधिक पीकर मदिरा पीनेकी आदतको जीतनेका प्रयास न करे ॥ ८१ ॥

**यस्य दानजितं मित्रं शत्रवो युधि निर्जिताः।**
**अन्नपानजिता दाराः सफलं तस्य जीवितम् ॥ ८२ ॥**

जिसका मित्र धन-दानके द्वारा वशमें आ चुका है, शत्रु युद्धमें जीत लिये गये हैं और स्त्रियाँ खान-पानके द्वारा वशीभूत हो चुकी हैं, उसका जीवन सफल है ॥ ८२ ॥

**सहस्रिणोऽपि जीवन्ति जीवन्ति शतिनस्तथा।**
**धृतराष्ट्र विमुञ्चेच्छां न कथञ्चिन्न जीव्यते ॥ ८३ ॥**

जिनके पास हजार (रुपये) हैं, वे भी जीवित हैं तथा जिनके पास सौ (रुपये) हैं, वे भी जीवित हैं; अतः महाराज धृतराष्ट्र! आप अधिकका लोभ छोड़ दीजिये, इससे भी किसी तरह जीवन रहेगा ही ॥ ८३ ॥

**यत् पृथिव्यां व्रीहियवं हिरण्यं पशवः स्त्रियः।**
**नालमेकस्य तत् सर्वमिति पश्यन्न मुह्यति ॥ ८४ ॥**

इस पृथिवीपर जो भी धान, जौ, सोना, पशु और स्त्रियाँ हैं, वे सब-के-सब एक पुरुषके लिये भी पूरे नहीं हैं—ऐसा विचार करनेवाला मनुष्य मोहमें नहीं पड़ता ॥ ८४ ॥

राजन् भूयो ब्रवीमि त्वां पुत्रेषु सममाचर।
समता यदि ते राजन् स्वेषु पाण्डुसुतेषु वा॥ ८५॥

राजन्! मैं फिर कहता हूँ, यदि आपका अपने पुत्रों और पाण्डवोंमें समान भाव है तो उन सभी पुत्रोंके साथ एक-सा बर्ताव कीजिये॥ ८५॥

इति श्रीमहाभारते उद्योगपर्वणि प्रजागरपर्वणि विदुरवाक्ये एकोनचत्वारिंशोऽध्यायः॥ ३९॥

# आठवाँ अध्याय

विदुर उवाच

**योऽभ्यर्चितः सद्भिरसज्जमानः**

**करोत्यर्थं शक्तिमहापयित्वा।**

**क्षिप्रं यशस्तं समुपैति सन्त-**

**मलं प्रसन्ना हि सुखाय सन्तः॥ १॥**

**विदुरजी कहते हैं**—जो सज्जन पुरुषोंसे आदर पाकर आसक्तिरहित हो अपनी शक्तिके अनुसार अर्थ-साधन करता रहता है, उस श्रेष्ठ पुरुषको शीघ्र ही सुयशकी प्राप्ति होती है, क्योंकि सन्त जिसपर प्रसन्न होते हैं, वह सदा सुखी रहता है॥ १॥

**महान्तमप्यर्थमधर्मयुक्तं**

**यः संत्यजत्यनपाकृष्ट एव।**

**सुखं सुदुःखान्यवमुच्य शेते**

**जीर्णां त्वचं सर्प इवावमुच्य॥ २॥**

जो अधर्मसे उपार्जित महान् धनराशिको भी उसकी ओर आकृष्ट हुए बिना ही त्याग देता है, वह जैसे साँप अपनी पुरानी केंचुलको छोड़ता है, उसी प्रकार दुःखोंसे मुक्त हो सुखपूर्वक शयन करता है॥ २॥

**अनृते च समुत्कर्षो राजगामि च पैशुनम्।**

**गुरोश्चालीकनिर्बन्धः समानि ब्रह्महत्या॥ ३॥**

झूठ बोलकर उन्नति करना, राजाके पासतक चुगली करना, गुरुसे भी

मिथ्या आग्रह करना—ये तीन कार्य ब्रह्महत्याके समान हैं ॥ ३ ॥

**असूयैकपदं मृत्युरतिवादः श्रियो वधः ।**
**अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्यायाः शत्रवस्त्रयः ॥ ४ ॥**

गुणोंमें दोष देखना एकदम मृत्युके समान है। कठोर बोलना या निन्दा करना लक्ष्मीका वध है। सुननेकी इच्छाका अभाव या सेवाका अभाव, उतावलापन और आत्मप्रशंसा—ये तीन विद्याके शत्रु हैं ॥ ४ ॥

**आलस्यं मदमोहौ च चापलं गोष्ठिरेव च ।**
**स्तब्धता चाभिमानित्वं तथात्यागित्वमेव च ।**
**एते वै सप्त दोषाः स्युः सदा विद्यार्थिनां मताः ॥ ५ ॥**

आलस्य, मद-मोह, चञ्चलता, गोष्ठी, उद्दण्डता, अभिमान और लोभ—ये सात विद्यार्थियोंके लिये सदा ही दोष माने गये हैं ॥ ५ ॥

**सुखार्थिनः कुतो विद्या नास्ति विद्यार्थिनः सुखम् ।**
**सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम् ॥ ६ ॥**

सुख चाहनेवालेको विद्या कहाँसे मिले ? विद्या चाहनेवालोंके लिये सुख नहीं है। सुखकी चाह हो तो विद्याको छोड़े और विद्या चाहे तो सुखका त्याग करे ॥ ६ ॥

**नाग्निस्तृप्यति काष्ठानां नापगानां महोदधिः ।**
**नान्तकः सर्वभूतानां न पुंसां वामलोचना ॥ ७ ॥**

ईंधनसे आगकी, नदियोंसे समुद्रकी, समस्त प्राणियोंसे मृत्युकी और पुरुषोंसे कुलटा स्त्रीकी कभी तृप्ति नहीं होती ॥ ७ ॥

**आशा धृतिं हन्ति समृद्धिमन्तकः**
**क्रोधः श्रियं हन्ति यशः कदर्यता ।**
**अपालनं हन्ति पशूंश्च राज-**
**न्नेकः क्रुद्धो ब्राह्मणो हन्ति राष्ट्रम् ॥ ८ ॥**

आशा धैर्यको, यमराज समृद्धिको, क्रोध लक्ष्मीको, कृपणता यशको

और सार-सँभालका अभाव पशुओंको नष्ट कर देता है। इधर एक ही ब्राह्मण यदि क्रुद्ध हो जाय तो सम्पूर्ण राष्ट्रका नाश कर देता है॥ ८॥

**अजाश्च कांस्यं रजतं च नित्यं**
**मध्वाकर्षः शकुनिः श्रोत्रियश्च।**
**वृद्धो ज्ञातिरवसन्नः कुलीन**
**एतानि ते सन्तु गृहे सदैव॥ ९॥**

बकरियाँ, काँसेका पात्र, चाँदी, मधु, अर्क खींचनेका यन्त्र, पक्षी, वेदवेत्ता ब्राह्मण, बूढ़ा, कुटुम्बी और विपत्तिग्रस्त कुलीन पुरुष—ये सब आपके घरमें सदा मौजूद रहें॥ ९॥

**अजोक्षा चन्दनं वीणा आदर्शो मधुसर्पिषी।**
**विषमौदुम्बरं शङ्खः स्वर्णनाभोऽथ रोचना॥ १०॥**
**गृहे स्थापयितव्यानि धन्यानि मनुरब्रवीत्।**
**देवब्राह्मणपूजार्थमतिथीनां च भारत॥ ११॥**

भारत! मनुजीने कहा है कि देवता, ब्राह्मण तथा अतिथियोंकी पूजाके लिये बकरी, बैल, चन्दन, वीणा, दर्पण, मधु, घी, जल ताँबेके बर्तन, शङ्ख, शालग्राम और गोरोचन—ये सब वस्तुएँ घरपर रखनी चाहिये॥ १०-११॥

**इदं च त्वां सर्वपरं ब्रवीमि**
**पुण्यं पदं तात महाविशिष्टम्।**
**न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्**
**धर्मं जह्याज्जीवितस्यापि हेतोः॥ १२॥**

तात! अब मैं तुम्हें बहुत ही महत्त्वपूर्ण एवं सर्वोपरि पुण्यजनक बात बता रहा हूँ—कामनासे, भयसे, लोभसे तथा इस जीवनके लिये भी कभी धर्मका त्याग न करे॥ १२॥

**नित्यो धर्मः सुखदुःखे त्वनित्ये**
**जीवो नित्यो हेतुरस्य त्वनित्यः।**

**त्यक्त्वानित्यं प्रतितिष्ठस्व नित्ये**
**संतुष्य त्वं तोषपरो हि लाभः ॥ १३ ॥**

धर्म नित्य है, किन्तु सुख-दुःख अनित्य हैं, जीव नित्य है, पर इसका कारण (अविद्या) अनित्य है। आप अनित्यको छोड़कर नित्यमें स्थित होइये और सन्तोष धारण कीजिये; क्योंकि सन्तोष ही सबसे बड़ा लाभ है ॥ १३ ॥

**महाबलान् पश्य महानुभावान्**
**प्रशास्य भूमिं धनधान्यपूर्णाम् ।**
**राज्यानि हित्वा विपुलांश्च भोगान्**
**गतान्नरेन्द्रान् वशमन्तकस्य ॥ १४ ॥**

धन-धान्यादिसे परिपूर्ण पृथ्वीका शासन करके अन्तमें समस्त राज्य और विपुल भोगोंको यहीं छोड़कर यमराजके वशमें गये हुए बड़े-बड़े बलवान् एवं महानुभाव राजाओंकी ओर दृष्टि डालिये ॥ १४ ॥

**मृतं पुत्रं दुःखपुष्टं मनुष्या**
**उत्क्षिप्य राजन् स्वगृहान्निर्हरन्ति ।**
**तं मुक्तकेशाः करुणं रुदन्ति**
**चितामध्ये काष्ठमिव क्षिपन्ति ॥ १५ ॥**

राजन्! जिसको बड़े कष्टसे पाला-पोसा था, वह पुत्र जब मर जाता है तो मनुष्य उसे उठाकर तुरंत अपने घरसे बाहर कर देते हैं। पहले तो इसके लिये बाल छितराये करुण स्वरमें विलाप करते हैं, फिर साधारण काठकी भाँति उसे जलती चितामें झोंक देते हैं ॥ १५ ॥

**अन्यो धनं प्रेतगतस्य भुङ्क्ते**
**वयांसि चाग्निश्च शरीरधातून् ।**
**द्वाभ्यामयं सह गच्छत्यमुत्र**
**पुण्येन पापेन च वेष्ट्यमानः ॥ १६ ॥**

मरे हुए मनुष्यका धन दूसरे लोग भोगते हैं, उसके शरीरकी धातुओंको

पक्षी खाते हैं या आग जलाती है। यह मनुष्य पुण्य-पापसे बँधा हुआ इन्हीं दोनोंके साथ परलोकमें गमन करता है॥ १६॥

**उत्सृज्य विनिवर्तन्ते ज्ञातयः सुहृदः सुताः।**
**अपुष्पानफलान् वृक्षान् यथा तात पतत्रिणः॥ १७॥**

तात! बिना फल-फूलके वृक्षको जैसे पक्षी छोड़ देते हैं, उसी प्रकार उस प्रेतको उसके जातिवाले, सुहृद् और पुत्र चितामें छोड़कर लौट आते हैं॥ १७॥

**अग्नौ प्रास्तं तु पुरुषं कर्मान्वेति स्वयंकृतम्।**
**तस्मात्तु पुरुषो यत्नाद् धर्मं संचिनुयाच्छनैः॥ १८॥**

अग्निमें डाले हुए उस पुरुषके पीछे तो केवल उसका अपना किया हुआ बुरा या भला कर्म ही जाता है। इसलिये पुरुषको चाहिये कि वह धीरे-धीरे प्रयत्नपूर्वक धर्मका ही संग्रह करे॥ १८॥

**अस्माल्लोकादूर्ध्वममुष्य चाधो**
**महत्तमस्तिष्ठति ह्यन्धकारम्।**
**तद् वै महामोहनमिन्द्रियाणां**
**बुध्यस्व मा त्वां प्रलभेत राजन्॥ १९॥**

इस लोक और परलोकसे ऊपर और नीचेतक सर्वत्र अज्ञानरूप महान् अन्धकार फैला हुआ है, वह इन्द्रियोंको महान् मोहमें डालनेवाला है। राजन्! आप इसको जान लीजिये, जिससे यह आपका स्पर्श न कर सके॥ १९॥

**इदं वचः शक्ष्यसि चेद् यथाव-**
**न्निशम्य सर्वं प्रतिपत्तुमेव।**
**यशः परं प्राप्स्यसि जीवलोके**
**भयं न चामुत्र न चेह तेऽस्ति॥ २०॥**

मेरी इस बातको सुनकर यदि आप सब ठीक-ठीक समझ सकेंगे तो इस मनुष्यलोकमें आपको महान् यश प्राप्त होगा और इहलोक तथा परलोकमें

आपके लिये भय नहीं रहेगा ॥ २० ॥

**आत्मा नदी भारत पुण्यतीर्था**
**सत्योदका धृतिकूला दयोर्मिः ।**
**तस्यां स्नातः पूयते पुण्यकर्मा**
**पुण्यो ह्यात्मा नित्यमलोभ एव ॥ २१ ॥**

भारत ! यह जीवात्मा एक नदी है, इसमें पुण्य ही तीर्थ है, सत्यस्वरूप परमात्मासे इसका उद्गम हुआ है, धैर्य ही इसके किनारे हैं, इसमें दयाकी लहरें उठती हैं, पुण्यकर्म करनेवाला मनुष्य इसमें स्नान करके पवित्र होता है; क्योंकि लोभरहित आत्मा सदा पवित्र ही है ॥ २१ ॥

**कामक्रोधग्राहवतीं पञ्चेन्द्रियजलां नदीम् ।**
**नावं धृतिमयीं कृत्वा जन्मदुर्गाणि संतर ॥ २२ ॥**

काम-क्रोधादिरूप ग्राहसे भरी, पाँच इन्द्रियोंके जलसे पूर्ण इस संसारनदीके जन्म-मरणरूप दुर्गम प्रवाहको धैर्यकी नौका बनाकर पार कीजिये ॥ २२ ॥

**प्रज्ञावृद्धं धर्मवृद्धं स्वबन्धुं**
**विद्यावृद्धं वयसा चापि वृद्धम् ।**
**कार्याकार्ये पूजयित्वा प्रसाद्य**
**यः सम्पृच्छेन्न स मुह्येत् कदाचित् ॥ २३ ॥**

जो बुद्धि, धर्म, विद्या और अवस्थामें बड़े अपने बन्धुको आदर-सत्कारसे प्रसन्न करके उससे कर्तव्य-अकर्तव्यके विषयमें प्रश्न करता है, वह कभी मोहमें नहीं पड़ता ॥ २३ ॥

**धृत्या शिश्नोदरं रक्षेत् पाणिपादं च चक्षुषा ।**
**चक्षुःश्रोत्रे च मनसा मनो वाचं च कर्मणा ॥ २४ ॥**

शिश्न और उदरकी धैर्यसे रक्षा करे, अर्थात् कामवेग और भूखकी ज्वालाको धैर्यपूर्वक सहे। इसी प्रकार हाथ-पैरकी नेत्रोंसे, नेत्र और

कानोंकी मनसे तथा मन और वाणीकी सत्कर्मोंसे रक्षा करें ॥ २४ ॥

**नित्योदकी नित्ययज्ञोपवीती**
**नित्यस्वाध्यायी पतितान्नवर्जी ।**
**सत्यं ब्रुवन् गुरवे कर्म कुर्वन्**
**न ब्राह्मणश्च्यवते ब्रह्मलोकात् ॥ २५ ॥**

जो प्रतिदिन जलसे स्नान-सन्ध्या-तर्पण आदि करता है, नित्य यज्ञोपवीत धारण किये रहता है, नित्य स्वाध्याय करता है, पतितोंका अन्न त्याग देता है, सत्य बोलता और गुरुकी सेवा करता है, वह ब्राह्मण कभी ब्रह्मलोकसे भ्रष्ट नहीं होता ॥ २५ ॥

**अधीत्य वेदान् परिसंस्तीर्य चाग्नी-**
**निष्ट्वा यज्ञैः पालयित्वा प्रजाश्च ।**
**गोब्राह्मणार्थं शस्त्रपूतान्तरात्मा**
**हतः संग्रामे क्षत्रियः स्वर्गमेति ॥ २६ ॥**

वेदोंको पढ़कर, अग्निहोत्रके लिये अग्निके चारों ओर कुश बिछाकर नाना प्रकारके यज्ञोंद्वारा यजन कर और प्रजाजनोंका पालन करके गौ और ब्राह्मणोंके हितके लिये संग्राममें मृत्युको प्राप्त हुआ क्षत्रिय शस्त्रसे अन्तःकरण पवित्र हो जानेके कारण ऊर्ध्वलोकको जाता है ॥ २६ ॥

**वैश्योऽधीत्य ब्राह्मणान् क्षत्रियांश्च**
**धनैः काले संविभज्याश्रितांश्च ।**
**त्रेतापूतं धूममाघ्राय पुण्यं**
**प्रेत्य स्वर्गे दिव्यसुखानि भुङ्क्ते ॥ २७ ॥**

वैश्य यदि वेद-शास्त्रोंका अध्ययन करके ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा आश्रितजनोंको समय-समयपर धन देकर, उनकी सहायता करे और यज्ञोंद्वारा तीनों अग्नियोंके पवित्र धूमकी सुगन्ध लेता रहे तो वह मरनेके पश्चात् स्वर्गलोकमें दिव्य सुख भोगता है ॥ २७ ॥

**ब्रह्म क्षत्रं वैश्यवर्णं च शूद्रः**
**क्रमेणैतान्न्यायतः पूजयानः ।**
**तुष्टेष्वेतेष्वव्यथो दग्धपाप-**
**स्त्यक्त्वा देहं स्वर्गसुखानि भुङ्क्ते ॥ २८ ॥**

शूद्र यदि ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यकी क्रमसे न्यायपूर्वक सेवा करके इन्हें सन्तुष्ट करता है, तो वह व्यथासे रहित हो पापोंसे मुक्त होकर देह-त्यागके पश्चात् स्वर्गसुखका उपभोग करता है ॥ २८ ॥

**चातुर्वर्ण्यस्यैष धर्मस्तवोक्तो**
**हेतुं चानुब्रुवतो मे निबोध ।**
**क्षात्राद् धर्माद्धीयते पाण्डुपुत्र-**
**स्तं त्वं राजन् राजधर्मे नियुङ्क्ष्व ॥ २९ ॥**

महाराज आपसे यह मैंने चारों वर्णोंका धर्म बताया है; इसे बतानेका कारण भी सुनिये। आपके कारण पाण्डुनन्दन युधिष्ठिर क्षत्रियधर्मसे च्युत हो रहे हैं, अतः आप उन्हें पुनः राजधर्ममें नियुक्त कीजिये ॥ २९ ॥

धृतराष्ट्र उवाच

**एवमेतद् यथा त्वं मामनुशाससि नित्यदा ।**
**ममापि च मतिः सौम्य भवत्येवं यथाऽऽत्थ माम् ॥ ३० ॥**

**धृतराष्ट्रने कहा**—विदुर ! तुम प्रतिदिन मुझे जिस प्रकार उपदेश दिया करते हो, वह बहुत ठीक है। सौम्य ! तुम मुझसे जो कुछ भी कहते हो ऐसा ही मेरा भी विचार है ॥ ३० ॥

**सा तु बुद्धिः कृताप्येवं पाण्डवान् प्रति मे सदा ।**
**दुर्योधनं समासाद्य पुनर्विपरिवर्तते ॥ ३१ ॥**

यद्यपि मैं पाण्डवोंके प्रति सदा ऐसी ही बुद्धि रखता हूँ, तथापि दुर्योधनसे मिलनेपर फिर बुद्धि पलट जाती है ॥ ३१ ॥

न दिष्टमभ्यतिक्रान्तुं शक्यं भूतेन केनचित्।
दिष्टमेव ध्रुवं मन्ये पौरुषं तु निरर्थकम्॥ ३२॥

प्रारब्धका उल्लङ्घन करनेकी शक्ति किसी भी प्राणीमें नहीं है। मैं तो प्रारब्धको ही अचल मानता हूँ, उसके सामने पुरुषार्थ तो व्यर्थ है॥ ३२॥

इति श्रीमहाभारते उद्योगपर्वणि प्रजागरपर्वणि विदुरवाक्ये
चत्वारिंशोऽध्यायः॥ ४०॥

॥ विदुरनीति सम्पूर्ण॥

——::×::——